वर्ष : 16 अंक : 168 लखनऊ शुक्रवार, 21 जून 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

मौसम

| | |
|---|---|
| सूर्योदय | 5:13 |
| सूर्यास्त | 7:03 |
| अधिकतम | 39:00° |
| न्यूनतम | 29:00° |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

योग से कर्मों में आती है कुशलता 6 | बंद मकान से दिनदहाड़े पांच लाख की चोरी 7 | फैमिली आईडी से पूरी होगी हर परिवार की जरूरत 12

## एक नजर

### आदि कैलाश में पहली बार योग महोत्सव

पिथौरागढ़/नैनीताल। चीन सीमा से सटे उच्च हिमालयी क्षेत्र आदि कैलाश में लगभग 19000 फीट की ऊंचाई पर 21 जून को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। सीएम आज शाम को इस उच्च हिमालयी क्षेत्र के बेस कैंप गुंजी पहुंच गये हैं। उन्होंने यहां सीमा के प्रहरी सेना, भारत तिब्बत सीमा पुलिस तथा सीमा सड़क संगठन के साथ मुलाकात की और हाल चाल जाना। उन्होंने अधिकारियों के साथ सीमांत के विकास और समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे सीमान्त क्षेत्र में रहने वाले हमारी सीमाओं के प्रहरी हैं। उन्होंने क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

### पूर्व सांसद साधु यादव ने किया समर्पण

पटना। परिवहन आयुक्त के कार्यालय में जबरन प्रवेश कर जबरदस्ती एक प्रवर्तन निरीक्षक का स्थानांतरण पत्र जारी करवाने के मामले में सजायाफ्ता पूर्व सांसद साधु यादव ने आज बिहार में पटना की एक विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया, जहां से बाद में उन्हें जेल भेज दिया गया। सांसदों एवं विधायकों के मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष न्यायिक दंडाधिकारी विभा रानी की अदालत में यादव ने यह आत्मसमर्पण पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर किया है।

### जैनब के घर पर चला बुलडोजर

प्रयागराज। माफिया अतीक के भाई अशरफ की पत्नी फातिमा जैनब के घर को बुलडोजर से गिरा दिया गया। पुलिस और प्रशासन की टीम सुबह 11.30 बजे सल्लाहपुर इलाके में पांच करोड़ की लागत से बने जैनब के घर पहुंची। तीन बुलडोजर इमारत को गिराने में लगे थे। पुलिस ने आसपास बैरिकेडिंग कर दी है। भीड़ को वहां से हटा दिया गया था। ड्रोन से पूरे इलाके की निगरानी की जा रही थी। जैनब के घर के सटा हुआ उसके भाई जैद मास्टर का घर बना हुआ था, उसे भी गिरा दिया गया।

# ‘नीट’ के दोषियों को छोड़ेंगे नहीं

## बनेगी हाई लेवल कमेटी, छात्रों के भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रधान

### सुप्रीम कोर्ट का काउंसलिंग रोकने से फिर इनकार

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट ‘नीट’ को लेकर मचे घमासान के बीच आज केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि इन मामलों की जांच के लिए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। इस मामले में जांच के लिए सरकार ने हाई लेवल कमेटी बनाने की घोषणा की है। हाई लेवल कमेटी एनटीए को और बेहतर करने के लिए सिफारिश देगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसी भी गुनहगार को नहीं छोड़ेगी, जीरो एरर परीक्षा कराना ही सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के संबंध में हम बिहार सरकार की ओर से लगातार संपर्क में हैं, सरकार ने कहा कि पटना पुलिस से जानकारी मिली है और इस मामले में पटना पुलिस का काम सराहनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि चाहे एनटीए या एनटीए में कोई भी हो, छात्रों का भविष्य सबसे ऊपर है।

दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नीट यूजी काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि आखिरी सुनवाई के बाद परीक्षा कैंसिल होती है तो काउंसलिंग भी कैंसिल हो जाएगी। इससे पहले 11 जून को भी सुप्रीम कोर्ट ने यह अपील खारिज की थी। आज सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा रद करने की मांग वाली नयी याचिका पर भी सुनवाई हुई। यह अर्जी 49 स्टूडेंट्स और स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने लगाई थी। इस पर अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्रालय ने एक हाई लेवल कमेटी का गठन करने की घोषणा की है। शिक्षा मंत्री ने बताया, ‘टेक्नोक्रेट्स, साइंटिस्ट्स, एकेडमिशियन, साइकोलॉजिस्ट बैकग्राउंड के लोगों को मिलाकर सरकार कमेटी बनाएगी। जल्द ही इसे नोटिफाई किया जाएगा। ये कमेटी एनटीए के स्ट्रक्चर, फंक्शनिंग, एग्जाम प्रोसेस, ट्रांसपेरेंसी, ट्रांसफर और डेटा, सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को और इम्प्रूव करने के लिए काम करेगी।’ यह कमेटी एनटीए, इसकी संरचना, कार्यप्रणाली, परीक्षा प्रक्रिया, पारदर्शिता और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को और बेहतर बनाने के लिए सिफारिशें देगी। दोषी पाए जाने पर एनटीए के किसी भी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हाई लेवल कमेटी डिटेल्ड रिपोर्ट जल्द भारत सरकार को भेजेगी। हमें बिहार सरकार से नीट परीक्षा के बारे में काफी इनपुट मिला है, अभी पटना पुलिस मामले की जांच कर रही है और वह जल्द ही भारत सरकार को विस्तृत रिपोर्ट भेजेगी। प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि एरर एक विशिष्ट क्षेत्र तक ही सीमित था। यूजीसी नेट परीक्षा रद करने के मामले में साइबर क्राइम ट्रैक करने वाली एजेंसी ने जानकारी दी कि डार्क नेट में सवाल आ गया है और इसका मैच एनटीए के ओरिजिनल सवाल से हो गया। ये एक से थे। इसलिए हमने तत्काल निर्णय लिया कि इसकी फौरन जांच हो। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के फॉरवर्ड की जांच करने के लिए हाई लेवल जांच जरूरी है। ऐसे में हमने माना कि परीक्षा में कोई गड़बड़ी हुई है। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने एग्जाम में 620 से ज्यादा स्कोर वाले स्टूडेंट्स का बैकग्राउंड चेक करने और फॉरेंसिक जांच करने की मांग की है। वहीं पेपर लीक के आरोप की सीबीआई जांच की भी मांग की है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान, कलकत्ता और बॉम्बे हाईकोर्ट में नीट यूजी केस में दायर याचिकाओं को क्लब कर दिया है। अब इन पर सुप्रीम कोर्ट में 8 जुलाई को सुनवाई होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने यह मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एसवीएन भट्टी की वेकेशन बेंच कर रही है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पांच मई को हुई नीट यूजी 2024 में अनियमितता के आरोपों की केन्द्रीय जांच ब्यूरो से जांच की मांग वाली याचिकाओं पर वह विचार करेगा, लेकिन मेडिकल की स्नातक कोर्स में दाखिले के लिए छह जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग पर इस स्तर पर रोक नहीं लगाएगा।

#### एनटीए ने जारी किये रीएग्जाम एडमिट कार्ड



नयी दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी रीएग्जाम का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। नीट रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के लिए 23 जून को रीएग्जाम होगा। इस परीक्षा का रिजल्ट 30 जून तक जारी कर दिया जाएगा। नीट यूजी का संशोधित रिजल्ट जारी होने के बाद काउंसलिंग की प्रक्रिया 6 जुलाई से शुरू होगी। इस एग्जाम में जो कैंडिडेट्स शामिल होंगे, उन्हें एनटीए ईमेल के जरिए एडमिट कार्ड की जानकारी भेजेगा। जारी नोटिस में एनटीए ने जानकारी दी है कि 1563 कैंडिडेट्स के स्कोरकार्ड कैंसिल कर दिए गए हैं। इन सभी कैंडिडेट्स को उनके ओरिजिनल स्कोर ईमेल पर भेज दिए जाएंगे। केवल उन्हीं कैंडिडेट्स को रीएग्जाम में शामिल होना है, जिन्हें एनटीए का ईमेल आएगा।

## विद्यार्थियों के हित में यूजीसी-नेट परीक्षा हमने खुद रद की : केंद्र

### गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

विश्ववार्ता ब्यूरो



नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) परीक्षा में गड़बड़ी की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी गयी है और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने कहा कि छात्रों के हित में यह परीक्षा रद की गयी है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से आज यहां राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और यूजीसी-नेट के मुद्दे पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने कहा, ‘हमने यूजीसी-नेट मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी है। हमारे लिए विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।’

जायसवाल ने बताया कि यूजीसी नेट की परीक्षा में धांधली को लेकर कुछ जानकारियां मिली थीं। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए परीक्षा को रद कर दिया गया और जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी को लेकर मंत्रालय कोई भी करवाई करने में संकोच नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यूजीसी-नेट के बारे में कोई शिकायत नहीं मिली थी। मंत्रालय ने उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे रद कर दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारियों से प्रथम दृष्ट्या यह संकेत मिले कि यूजीसी-नेट परीक्षा में धांधली हुई। इस दौरान उन्होंने बताया कि परीक्षा की नयी तिथि जल्द घोषित की जाएगी। केंद्र सरकार ने 19 जून, बुधवार को यूजीसी-नेट की परीक्षा रद कर दी थी। यह परीक्षा इसके एक दिन पहले 18 जून को ही आयोजित की गई थी। उधर कांग्रेस ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा कि पीएम हर साल परीक्षा पे चर्चा का ग्रैंड तमाशा करते हैं।

## केजरीवाल को जमानत, आज रिहाई सम्भव

### ईडी फैसले के खिलाफ शुक्रवार को हाई कोर्ट में करेगी अपील

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है। कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार केजरीवाल को गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए फैसला सुनाया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को 21 दिनों की अंतरिम जमानत दी थी। 2 जून को सरेंडर करके वह दोबारा तिहाड़ जेल गए थे। उन्होंने राउज एवेन्यू कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। जमानत मंजूर होने के बाद वह शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते हैं। हालांकि ईडी ने कहा है कि वह इस फैसले के विरुद्ध शुक्रवार को हाई कोर्ट में अपील करेगी।



स्पेशल जज न्याय बिंदु की अदालत ने एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत दी है। ईडी ने कोर्ट से अपील की कि बेल बॉन्ड पर साइन करने के लिए 48 घंटे का समय दिया जाए ताकि आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी जा सके। जज ने कहा है कि आदेश पर कोई स्टे नहीं होगा। ट्रायल कोर्ट ने कहा कि कल बेल बॉन्ड को ड्यूटी जज के सामने पेश किया जाएगा। केजरीवाल शुक्रवार को जेल से बाहर निकल सकते हैं। माना जा रहा है ईडी केजरीवाल की रिहाई से पहले दिल्ली हाई कोर्ट का रुख कर सकती है और निजली अदालत के आदेश पर रोक की मांग कर सकती है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद आम आदमी पार्टी ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। आप ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, ‘बीजेपी की ईडी की तमाम आपत्तियों को खारिज करते हुए माननीय न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को जमानत दे दी है।’

इस बीच ईडी के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल की रिहाई रोकने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी सुबह हाई कोर्ट में ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देगी। ईडी के आधिकारिक सूत्र ने बताया कि जांच एजेंसी शुक्रवार सुबह फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती देगी। कोर्ट से केजरीवाल की रिहाई रोकने की गुजारिश की जाएगी।

## हमलावर आतंकियों को सिखायेंगे सबक : मोदी

### प्रधानमंत्री ने श्रीनगर में 1800 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का किया शिलान्यास, नियुक्ति पत्र बांटे

एजेंसी

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम को दो दिन के दौरे पर जम्मू-कश्मीर पहुंचे। श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में ‘एम्पावरिंग यूथ, ट्रांसफॉर्मिंग जम्मू-कश्मीर’ इवेंट में शामिल हुए। यहां उन्होंने युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही 1500 करोड़ के 84 प्रोजेक्ट्स और कृषि और इससे जुड़े सेक्टर्स के विकास के लिए 1800 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया।



इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार काम करती है और नतीजे दिखाती है। तीसरी बार सरकार बनाने से दुनिया को स्थिरता का संदेश मिला है। हमारी सरकार को लेट-लतीफी पसंद नहीं है। आज जो बदलाव जम्मू-कश्मीर में दिख रहे हैं, वह बीते 10 साल में हमारे काम का नतीजा हैं। इसके साथ ही उन्होंने बीते दिनों में जम्मू के कई जिलों में हुए आतंकी हमलों पर कहा- हमारी सरकार ने हालिया हुए आतंकी हमलों को गंभीरता से लिया है। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि हम जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में हिचकिचाएंगे नहीं।

पीएम मोदी 21 जून को योग दिवस पर सुबह 6.30 बजे से कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत एसकेआईसीसी के बैकयार्ड में डल झील के किनारे योग आसन करेंगे। इस दौरान करीब सात हजार लोग उनके साथ योग करेंगे। कुछ लोगों को विभिन्न आसनों की ट्रेनिंग दी गई है। 2013 के बाद से यह उनकी जम्मू-कश्मीर की 25वीं यात्रा है। वहीं 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 7वीं यात्रा है। चुनाव आयोग सितंबर में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव करवाने तैयारियां कर रहा है। ऐसे में पीएम मोदी का यहां आना और योग दिवस जैसे इंटरनेशनल इवेंट में शामिल होना पॉजिटिव मैसेज माना जा रहा है। 10 साल पहले 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। 2024 के लिए योग दिवस की थीम ‘योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी’ है।

पीएम ने कहा कि जनता ने हमें तीसरी बार सरकार बनाने का मौका दिया। जनता को हमारी नीतियों पर भरोसा है। जनता की जो उम्मीदें हैं वह हमारी सरकार ही पूरा कर सकती है। आज समाज को सिर्फ परफॉर्मेंस से मतलब है। देश ने हमारी परफॉर्मेंस देखी और इसकी वजह से हमें तीसरी बार सरकार बनाने का मौका दिया। पिछली सदी के आखिरी दशक में कई अस्थिर सरकारें बनीं। 10 साल में 5 बार चुनाव हुए। इसका मतलब यह है कि चुनाव ही होते रहे, कुछ और करने को नहीं था।

## पीएम मोदी पेपर लीक नहीं रोक पा रहे : राहुल गांधी

» हर परीक्षा में धांधली, 56 इंच का सीना अब 32-35 हो गया

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। नीट और नेट-यूजीसी एग्जाम विवाद पर राहुल गांधी ने गुरुवार 20 जून को पीएम नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि कुछ कारणों से नरेंद्र मोदी भारत में पेपर लीक नहीं रोक पा रहे या रोकना नहीं चाह रहे हैं। राहुल ने ये भी कहा कि पेपर लीक के पीछे कारण यह है कि एजुकेशन सिस्टम को भाजपा के पेरेंट ऑर्गनाइजेशन ने कैप्चर कर लिया है। जब तक इसे पलटा नहीं जाएगा, तब तक पेपर लीक जारी रहेगा। मोदी जी ने यह होने दिया है, जो कि एंटी-नेशनल एक्टिविटी है। पहले पीएम का 56 इंच का सीना था, अब 32-35 हो गया है।

इस सवाल के जवाब में कि आज के एजुकेशन सिस्टम में क्या बदलाव होना चाहिए, उन्होंने कहा कि हमने अपने मेनिफेस्टो में भी दिया था कि शिक्षा का सिस्टम एक संगठन ने कैप्चर कर लिया है। आप वाइस चांसलर्स की लिस्ट उठाकर देख लीजिए, तो आपको पता चल जाएगा। वाइस चांसलर्स को मेरिट के आधार पर नहीं, बल्कि इसलिए पद दिया जा रहा है कि वे एक खास संस्था के हैं। और इस ऑर्गनाइजेशन और भाजपा ने हमारे एजुकेशन सिस्टम में घुसकर इसे खत्म कर दिया है। बहुत जरूरी है कि जो लोग इसके पीछे जिम्मेदार हैं, उन्हें सजा दी जाए। हम संसद में इस सवाल को उठायेंगे। राहुल ने कहा कि कहा जा रहा था कि मोदी जी ने रूस-यूक्रेन युद्ध रोक दिया, लेकिन कुछ कारणों से नरेंद्र मोदी पेपर लीक रोक नहीं पाए हैं या रोकना नहीं चाहते।

## नीतीश का 65% आरक्षण का कानून कोर्ट ने किया रद

### कहा- न कोई स्टडी, न आकलन, सीधे बढ़ा दिया रिजर्वेशन, सरकार जायेगी सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

पटना। पटना हाई कोर्ट ने आज 20 जून को अपने एक अहम फैसले में पिछले वर्ष पिछड़े, अति पिछड़े, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्गों के 50 फीसदी आरक्षण की सीमा में की गई 65 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी को रद कर दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने बिहार आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) (संशोधन) अधिनियम, 2023 और बिहार (शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में) आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 को रद कर दिया। दूसरी ओर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि पटना हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ बिहार सरकार सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। नीतीश सरकार के फैसले को रद कर दिए जाने के बाद राज्य की सियासत गर्मा गई है। इस मामले पर आरजेडी ने भी सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे को खटखटाने की बात कही है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट नहीं जाएगी तो आरजेडी सुप्रीम कोर्ट जाएगी।

चीफ जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस हरीश कुमार की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा है कि बिहार सरकार ने एससी/एसटी/ओबीसी आरक्षण को 65% तक बढ़ाने से पहले न तो कोई गहन अध्ययन किया, न ही सही आंकलन। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि राज्य ने सरकारी सेवाओं और शैक्षणिक संस्थानों में उनके संख्यात्मक प्रतिनिधित्व के बजाय विभिन्न श्रेणियों की आबादी के अनुपात के आधार पर काम किया है। इन टिप्पणियों के साथ हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसा दृष्टिकोण संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के सिद्धांतों के खिलाफ है, इसलिए हम आरक्षण संशोधन से जुड़े अधिनियम को रद किया जाता है।

#### सिर्फ तमिलनाडु में मिलता है 69% आरक्षण



नयी दिल्ली। पटना हाई कोर्ट के 65 फीसदी जातिगत आरक्षण खारिज करने के फैसले के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार के आगे ओबीसी और अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को साधने की चुनौती है। इन वर्गों को जातिगत सर्वे कराने का बाद बढ़ा हुआ आरक्षण दिया गया था। हालांकि बिहार ऐसा पहला राज्य नहीं है, जहां इस तरह से आरक्षण की लिमिट बढ़ाने की कोशिश को अदालत से झटका लगा है। बिहार से पहले महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा जैसे राज्यों में भी ऐसा हुआ है। फिर भी एक राज्य तमिलनाडु ऐसा है, जो अपवाद है। यहां 69 फीसदी आरक्षण बीते करीब 35 सालों से लगातार मिल रहा है। दरअसल वर्ष 1992 के ऐतिहासिक फैसले में शीर्ष अदालत ने इंदिरा साहनी मामले में जातिगत आरक्षण की 50 फीसदी लिमिट तय की थी। ऐसे में यह सवाल उठता है कि फिर तमिलनाडु में क्यों 69 फीसदी का जातीय आरक्षण मिल रहा है।

## तमिलनाडु में जहरीली शराब से अब तक 34 लोगों की मौत

### 100 से ज्यादा लोगों का इलाज जारी, डीएम-एसपी हटाये गये

एजेंसी



कल्लाकुरिची। तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है, जबकि 100 से ज्यादा लोगों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों ने पैकेट में मिलने वाली शराब पी थी। कल्लाकुरिची जिले के करुणापुरम में 18 जून को हुई घटना के पीड़ितों में ज्यादातर दिहाड़ी मजदूर हैं। शराब पीने के बाद रात होते-होते इन लोगों को दस्त, उल्टी, पेट दर्द और आंखों में जलन होने लगी।

पुलिस ने इस मामले में के कन्नुकुट्टी (49) समेत 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। कन्नुकुट्टी के पास से लगभग 200 लीटर जहरीली शराब बरामद हुई, जिसमें मेथेनॉल मिला हुआ है। कल्लाकुरिची में 12 एम्बुलेंस तैनात हैं। पुलिस के मुताबिक मरने वालों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने पर मौत की असली वजह सामने आएगी। घटना के बाद राज्य सरकार ने कल्लाकुरिची के कलेक्टर-एसपी को हटा दिया है। इनकी जगह एमएस प्रशांत को कलेक्टर और रजत चतुर्वेदी को एसपी नियुक्त किया है।

## भारत ने किया कनाडा के उपायुक्त को तलब

नयी दिल्ली। भारत ने गुरुवार को वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के सामने खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों द्वारा ‘नागरिक अदालत’ आयोजित करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। संयुक्त सचिव (अमेरिका) नागराज नायडू ने दिल्ली में कनाडाई उप उच्चायुक्त को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। इसके साथ ही भारत ने जस्टिन ट्रूडो सरकार द्वारा खालिस्तानियों को खुली छूट दिए जाने पर भी कड़ी आपत्ति जताई। भारत द्वारा यह कूटनीतिक कदम कनाडा की संसद द्वारा खालिस्तान टाइगर फोर्स के आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की स्मृति में एक मिनट का मौन रखने के एक दिन बाद उठाया गया है। निज्जर को पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मार दी गई थी।

**अभूतपूर्व** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों की शिकायत पर पहली बार केन्द्रीय चुनाव आयोग ने उठाया महत्वपूर्ण कदम

# छह राज्यों की आठ लोकसभा सीटों की ईवीएम की जायेंगी चेक

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने छह राज्यों की आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की जांच के आदेश दिए हैं। इनमें हरियाणा-तमिलनाडु की दो-दो सीटें शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की एक-एक सीटें हैं। आठ सीटों में से भाजपा को तीन और कांग्रेस को दो सीटों में जीत मिली थी। वहीं तीन सीटें अन्य पार्टियों के खाते में गईं।

चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के आठ आवेदन आए थे। इनमें ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गई थी। आयोग अब इन 8 सीटों के 92 पोलिंग स्टेशनों पर इस्तेमाल हुई ईवीएम की जांच करेगा। इसके अलावा आयोग ने आंध्र प्रदेश और ओडिशा की तीन विधानसभा सीटों की ईवीएम की भी जांच के आदेश दिए हैं। आयोग यहां के 26 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम में गड़बड़ी की जांच करेगा।



चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य की करनाल और फरीदाबाद सीट की ईवीएम चेक कराई जाएगी। करनाल से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और फरीदाबाद से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर चुनाव जीते हैं। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी। करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर ईवीएम की जांच करने की मांग की थी। वहीं फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने भी गड़बड़ी की आशंका जताई थी। करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। करनाल से हरियाणा के साढ़े नौ साल मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर ने कांग्रेस के उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को हराया। खट्टर यहां से 2 लाख 32 हजार 577 वोटों के बड़े अंतर से जीते थे। खट्टर का यह पहला लोकसभा चुनाव था। इसके बाद वह मोदी 3.0 कैबिनेट में मंत्री बन चुके हैं। उन्हें शहरी विकास एवं आवास और ऊर्जा मंत्री बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ की कांकेर लोकसभा सीट पर ईवीएम की जांच कराई जाएगी। कांकेर से भाजपा के भोजराज नाग ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस के बीरेश ठाकुर को 1884 वोटों से हराया। इसके बाद कांग्रेस उम्मीदवार ने चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका जताई थी। इसे लेकर चुनाव आयोग में शिकायत भी की गई। इससे पहले भी काउंटिंग के दिन 4 जून को रीकाउंटिंग के चलते इस सीट का रिजल्ट सबसे देर से आया था। महाराष्ट्र की अहमदनगर लोकसभा सीट से चुनाव हारने वाले बीजेपी उम्मीदवार सुजय विखे पाटिल ने ईवीएम माइक्रो कंट्रोलर के वेरिफिकेशन की मांग की थी। उन्हें शरद पवार की पार्टी एनसीपी-एससीपी के उम्मीदवार नीलेश लंके ने करीब 29 हजार वोटों से हराया था।

तमिलनाडु की वेल्लोर सीट से भाजपा उम्मीदवार एसी शनमुगम ने ईवीएम जांच की मांग की है। यहां डीएमके के कथिर आनंद ने उन्हें 2.15 लाख वोटों से हराया था। चुनाव आयोग यहां के 14 पोलिंग स्टेशन की ईवीएम की जांच करेगा। वहीं विरुधुनगर सीट के 14 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की जांच होगी। यहां कांग्रेस के मनिकम टैगोर ने 4379 वोटों से डीएमडीके कैंडिडेट विजय प्रभाकरन वी को हराया था। आंध्र प्रदेश की विजयनगरम सीट से युवजन श्रमिका रायथू कांग्रेस पार्टी के कैंडिडेट बेलाना चंद्रशेखर ने आयोग से शिकायत की थी। वे तेलुगु देशम पार्टी के उम्मीदवार अप्पलानायडू कालीसेटी से 2.49 लाख वोटों से हार गए थे। तेलंगाना की जहीराबाद सीट पर आयोग 20 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की जांच करेगा। यहां कांग्रेस के सुरेश कुमार शेटकर ने भाजपा उम्मीदवार बी.बी. पाटिल को 46 हजार वोटों से हराया था।

यह पहली बार है कि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने ईवीएम चेक कराने को लेकर गाइडलाइन जारी की है। 4 जून को काउंटिंग से पहले 1 जून को आयोग की ओर से यह गाइडलाइन आई थी।

## सांसद भर्तृहरि महताब प्रोटेम स्पीकर नियुक्त



नयी दिल्ली। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इसमें लोकसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव होगा। इससे पहले गुरुवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने संविधान के आर्टिकल 95 (1) के तहत ओडिशा के कटक से भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। वे संसद में नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाएंगे। भर्तृहरि महताब कटक से सात बार के सांसद हैं। वे इस साल मार्च में ही बीजद छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। 2017 में लोकसभा में होने वाली चर्चाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें आउटस्टैंडिंग पार्लियामेंटेरियन अवॉर्ड से नवाजा गया था।

# आमजन की पीड़ा सुनें और समय से करें निस्तारण

## उपचार के लिए मरीजों को जल्द उपलब्ध कराई जाए आर्थिक सहायता : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

» निर्देश-पीड़ितों के प्रति संवेदनशील रहे पुलिस, स्थानीय स्तर पर ही सुनवाई हो तेज

» किसी भी सूरत में कब्जा बर्दाश्त नहीं, ऐसा करने वालों पर हो कठोर कार्रवाई : योगी





**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न कोनों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाई। सीएम ने प्रत्येक पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

### सभी पीड़ितों के पास पहुंच मुख्यमंत्री ने सुनी समस्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह ही अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' में पहुंचे प्रत्येक पीड़ितों से मुलाकात की। सीएम ने उनकी समस्याओं को सुना, फिर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को समय सीमा के अंदर न्याय मिले। किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन में पुलिस की प्रताड़ना से सम्बंधित शिकायत को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गम्भीरता से लिया। मुख्यमंत्री बोले कि पीड़तों के प्रति पुलिस संवेदनशील रहे और स्थानीय स्तर पर ही सुनवाई सुनिश्चित होती रहे। वहीं उपचार के लिए आर्थिक सहायता के प्रार्थना पत्र भी आए जिस पर मुख्यमंत्री ने कागजी कार्रवाई कर मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए पीड़ितों को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए।

वहीं युवाओं ने भी अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रूबरू कराया जिस पर उन्हें भी त्वरित समाधान का आश्वासन मिला। सीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों का समय सीमा के अंदर निस्तारण कर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने का भी निर्देश दिया।

# चुनाव खत्म होते ही ढेर होने लगे अपराधी

## सीएम की जीरो टॉलरेंस नीति को अमलीजामा पहनाने में जुटी पुलिस

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव के साथ ही विभिन्न पर्व-त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने वाली यूपी पुलिस का इकबाल एक बार फिर बुलंदी पर है।

अपराध और आपराधियों के विरुद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति को अमलीजामा पहनाने में जुटी यूपी पुलिस की निगाहें अपराधियों के खिलाफ दोबारा टेढ़ी हो चुकी हैं। बीते 15 दिनों की रिपोर्ट पर नजर डालें तो बदमाशों के खिलाफ चली 79 ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों के पांव एक बार फिर उखड़ने शुरू हो गये हैं। 4 जून से 19 जून के बीच हुए इन मुठभेड़ों में दो दुर्दांत बदमाशों को ढेर किया जा चुका है, जबकि 96 अपराधी घायल हुए हैं। एनकाउंटर के दौरान अबतक 139 बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। हालांकि इन मुठभेड़ों के दौरान सात पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

» चुनाव बाद यूपी पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान हुआ तेज

### माफिया विजय मिश्रा को हुई सजा

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के अनुसार राज्य स्तर के चिह्नित 68 माफिया गैंग के सदस्य और सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। अबतक विभिन्न माफिया गिरोह के 9 सदस्यों के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई की गई है। इनमें से तीन की गिरफ्तारी की जा चुकी है, जबकि 1 के खिलाफ गैंगेस्टर और 2 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा भदोही के माफिया विजय मिश्रा के खिलाफ विचाराधीन अभियोग में न्यायालय में सघन पैरवी करते हुए बीते 13 जून को उसे सजा दिलाई जा चुकी है। वहीं मुजफ्फरनगर का 50 हजार का फरार इनामिया माफिया विनय त्यागी उर्फ टिंकू को गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

### पप्पू स्मार्ट अरेस्ट, प्रशांत और निलेश ढेर

उन्होंने बताया कि कानपुर के सऊद अख्तर गैंग का शातिर अपराधी आसिफ उर्फ पप्पू स्मार्ट पर भी 25 हजार का इनाम घोषित था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं अंबेडकरन नगर के अजय सिंह उर्फ सिपाही गैंग के सक्रिय सदस्य उत्कर्ष सिंह को भी एसटीएफ ने दबोच लिया है। उत्कर्ष पर भी 25 हजार का इनाम घोषित था। इसके साथ ही मुजफ्फरनगर के कुख्यात माफिया सुशील उर्फ मूंछ की 4.4570 हेक्टेयर जमीन को कुर्क किया गया है, जिसकी कीमत साढ़े चार करोड़ रुपए आंकी गई है। वहीं पुलिस मुठभेड़ में जौनपुर के कुख्यात प्रशांत सिंह उर्फ प्रिंस और मुजफ्फरनगर के दुर्दांत निलेश राय को ढेर किया जा चुका है।

# अब नीट परीक्षा को भी बना दिया मजाक

## पेपर लीक कर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि फरवरी माह में पुलिस भर्ती व समीक्षा अधिकारी परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद अब नीट परीक्षा को भी मजाक बना दिया गया है। अब UGC-NET की परीक्षा भी लीक होने के बाद रद्द हो गयी। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पेपर माफ़िया एक के बाद एक परीक्षा के पेपर लीक कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। पेपर लीक किसी की भी देश के ख़िलाफ़ बड़ी साज़िश हो सकती है?

श्री यादव ने कहा कि पुलिस भर्ती की परीक्षा का पेपर लीक होगा तो क़ानून-व्यवस्था नहीं सुधरेगी। जिससे देश-प्रदेश में अशांति और अस्थिरता बनी रहेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि NEET की परीक्षा में घपला होगा तो ईमानदार लोग डॉक्टर नहीं बन पाएंगे और देश के लोगों के इलाज के लिए भविष्य में डॉक्टरों की कमी और बढ़ जाएगी और बेईमान लोग, जनता के जीवन के लिए ख़तरा बन जाएंगे। श्री यादव ने कहा कि UGC-NET परीक्षा न होने से, पहले से शिक्षकों की जो कमी चली आ रही है, उसमें और भी ज़्यादा इज़ाफ़ा होगा। शिक्षकों की कमी से देश के मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होगी, जो कालांतर में देश के लिए बेहद घातक साबित होगी।

श्री यादव ने कहा कि इन सबसे प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगी। ये हमारे देश के शासन-प्रशासन व देश के मानव संसाधन के विरूद्ध कोई बहुत बड़ा षड्यंत्र भी हो सकता है जिसके दूरगामी नकारात्मक परिणाम निकलेंगे। इसीलिए कोर्ट की निगरानी में इसकी कठोर जाँच हो और दोषियों को कठोरतम सज़ा दी जाए, और कोई भी अपराधी छोड़ा न जाए, फिर वो चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो या फिर उसके सिर पर सत्ता का हाथ ही क्यों न हो? श्री यादव ने कहा कि लोग कह रहे हैं जो भ्रष्ट लोग कोरोना के वैक्सीन में चुनावी चंदे के नाम पर पीछे से करोड़ों रूपये खा सकते हैं, वो भला परीक्षा-प्रणाली को क्या छोड़ेंगे? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार कोई परीक्षा पारदर्शिता से नहीं करा पा रही है। भर्ती परीक्षाओं के कई पेपर पहले ही लीक हो चुके है। भाजपा सरकार ने छात्रों, नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है।

## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांकः-415/ पी०आर०ओ०/स्वा०वि०/न०नि०-शाह०/2024-25 दिनांक 20-06-2024

**सामान्य निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से वर्कशॉप अनुभाग में ई-रिक्शा चार्जिंग, पार्किंग व सुरक्षा एवं पंचर तथा साधारण टूटफूट व हाथ रिक्शा मरम्मत का कार्य कराये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुपालन में सामान्य निविदा के माध्यम से से दिनांक 12.07.2024 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो तद् दिनांक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सॉयः 04:00 बजे सक्षम अधिकारी/निविदादाता के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र नगर निगम, शाहजहाँपुर के रिकार्ड रूम से दिनांक 11.07.2024 तक सायः 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकते है।

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित दर (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | धरोहर राशि | निविदा मूल्य (मय जी0एस0टी0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ई-रिक्शा चार्जिंग, पार्किंग व सुरक्षा एवं पंचर तथा साधारण टूटफूट | 99.00 रु प्रति दिन/प्रतिनग | 1,00,000.00 | 1180.00 |
| 2 | हाथ रिक्शा मरम्मत | - | 50,000.00 | 590.00 |

धरोहर धनराशि नगर निगम के अधिकृत खाता सं०-50265293184 आई०एफ०एस०सी० कोड-IDIB000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर में व निविदा शुल्क नगर निगम के बैंक के खाता सं०-50200017927485आई०एफ०एस०सी० कोड-HDFC0000869 ब्रांच एच०डी०एफ०सी० बैंक, शाहजहाँपुर में जमा करने उपरान्त मूल प्रति संलग्न करनी अनिवार्य है। प्रत्येक कार्य की धरोहर राशि व निविदा शुल्क एवं निविदा प्रपत्र पृथक-पृथक जमा करना अनिवार्य है।

**नोट-** उपरोक्त आपूर्ति/कार्य की शर्ते वर्कशॉप अनुभाग, रोशनी गोदाम में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**नगर आयुक्त**
नगर निगम, शाहजहांपुर।

## कार्यालय ग्राम पंचायत हिम्मतगढ़ विकासखंड अमेठी जनपद अमेठी

पत्रांक मेमो 2024-25 दिनांक : 20/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निर्माण वर्ष 2024 25 में राज्य वित्त आयोग/ केंद्र वित्त आयोग / मनरेगा/बीआरजीएफ/सम्पूर्ण स्वच्छता योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थलों पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है ।इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28. 6.2024 तक अपराह्न 2:00 बजे तक नीचे दी गई सामग्री हेतु अपनी दरें व वांछित संलग्नक बंद लिफाफे में अपने पैड पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा विक्रय तिथि 21.06. 2024 से 28 .6.2024 तक दोपहर 12:00 बजे तक अपराह्न 2:00 बजे तक की जाएगी । ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 29. 6.2024 को अपराह्न 3:00 बजे निर्धारित की गई है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1- | प्रथम श्रेणी ईट खड़ंजा/ भवन हेतु द्वितीय श्रेणी एवं एस ओ बी। | प्रति हजार |
| 2- | सीमेंट पोर्टलैंड व्हाइट सीमेंट। | प्रतिबोरी। |
| 3- | ईंट की गिट्टी, 20,40 एम एम व पत्थर गिट्टी 224एम एम से 53 एम एम तक। | प्रति घन मीटर |
| 4- | सफेद बालू (फाइन सैड) | प्रति घन मीटर |
| 5- | लाल बालू (फाइन सैड) | प्रति घन मीटर |
| 6- | लाल गिट्टी 20, 40 एमएम स्टोन साइज अनुसार। | प्रति घन मीटर |
| 7- | सरिया, तार, एवरेस्ट्स सीट, दरवाजा प्लास्टिक सीट | प्रति नग |
| 8- | शौचालय निर्माण सामग्री। | प्रति सेट |
| 9- | हैंड पंप सामग्री मरम्मत एवं रिबोर हेतु। | प्रति नग |
| 10- | ह्यूमन पाइप हेतु 150,200,350, 400 ,900 एम एम। | प्रति रनिंग मीटर। |
| 11- | पीवीसी पाइप व साइन बोर्ड | रनिंग मीटर। |
| 12- | इंटरलॉकिंग ईंट, पत्थर की पटिया साइज के अनुसार। | प्रति हजार |
| 13- | सोलर लाइट लैंप पोस्ट साइज हुआ वाट के अनुसार। | प्रति नग |
| 14- | टाइल्स साइज के अनुसार। | प्रति पेटी |
| 15- | चूना ब्लीचिंग पाउडर पेंट डिस्टेंपर। | प्रति किलोग्राम |
| 16- | कार्यालय हेतु अलमारी फर्नीचर पेंट आदि। | प्रति नग |
| 17- | कोरोना किट। | प्रति नग |

**प्रतिबंध एवं शर्तें-**

सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जाएगी आवश्यकता अनुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के लिखित आदेश पर ही की जाएगी अन्यथा नहीं सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि के स्वीकृत दर् पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी सामग्री आपूर्ति करता द्वारा ₹50 के स्टांप पेपर पर बांड भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद ही भुगतान किया जाएगा आपूर्ति करता का सेल टैक्स विभाग में जीएसटी के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य होगा। तथा आयकर दाता हो, इसकी प्रमाणिक छाया प्रति संलग्न की जाए। प्रस्तुत दर पीडब्ल्यूडी के स्वीकृत दर से अधिक ना हो, सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा पर किया जाना अनिवार्य होगा। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न पाए जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी होगा।

**चंदन**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत हिम्मतगढ़
विकासखंड अमेठी जनपद अमेठी

**बबीता**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हिम्मतगढ़
विकासखंड अमेठी जनपद अमेठी

# नवनिर्वाचित सांसद के प्रथम आगमन पर स्वागत

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन पांडे के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी अयोध्या महानगर/अयोध्या विधानसभा कमेटी द्वारा अयोध्या-फैजाबाद के नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने सांसद अवधेश प्रसाद को विजयी होने पर बधाई दी तथा आनेवाले समय में पार्टी संगठन को और मजबूत करके एवं अखिलेश यादव के नीतियों-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचा कर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस मौक़े पर भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के सम्मानित नेतागण-पदाधिकारी, कार्यकर्ता क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

इस मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, शमशेर यादव, प्रदेश सचिव राम अचल यादव, हाजी असद, पार्षद विशाल पाल टिंकू, अपर्णा जयसवाल, अखिलेश चौबे, गयादीन यादव, चौधरी जगदीश यादव, आशीष वर्मा, विरेन्द्र गौतम, सिकंदर चौधरी, शिव शंकर शिवा, गोपीनाथ वर्मा, राजेश कोरी, जगन्नाथ यादव इत्यादि लोग मौजूद थे।

## कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

**अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक 748/मु0अभि0/नि0वि0/2024-25 दिनांक 20.06.24

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं0-3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ0प्र0 शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यों हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम में निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http:etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकता हैं।

**पुनः निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं0-01 से 08 तक)**

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 28-06-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 28-06-2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम की तिथि/समय | 05-07-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 05-07-2024 - (04:00 PM) |
| फाईनेशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evulation |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http:etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता**
नगर निगम, बरेली

# सौर ऊर्जा से रोशन होंगे अयोध्या, गोरखपुर और वाराणसी शहर

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत नरेन्द्र भूषण की अध्यक्षता में सोलर सिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में नगर निगमों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करने हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक गुरूवार को बापू भवन सचिवालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में हुई। उल्लेखनीय है कि सोलर सिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत अयोध्या, गोरखपुर एवं वाराणसी शहरों की कुल विद्युत खपत का 10 प्रतिशत सौर ऊर्जा से प्राप्त किया जाना है।

बैठक में नगर निगम अयोध्या में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, नगर निगम गोरखपुर में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्ट एवं सोलर स्ट्रीट लाइट तथा नगर निगम वाराणसी में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्ट, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर ट्री एवं वॉटर किऑस्क की स्वीकृति प्रदान करने के साथ अन्य प्रस्तावों पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी। उल्लेखनीय है कि अयोध्या सोलर सिटी के अन्तर्गत सरयू नदी के तट पर स्थापित हो रहे 40 मेगावाट सोलर पावर प्लान्ट में से 14 मेगावाट की स्थापना हो चुकी है, शेष 26 मेगावाट का कार्य प्रगति पर है। साथ ही अयोध्या, गोरखपुर व वाराणसी में ''पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' के अन्तर्गत घरेलू क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आच्छादित करने हेतु क्रमशः 50000, 75000 तथा 75000 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसको प्राप्त करने हेतु नगर निगम एवं मुख्य विकास अधिकारी को कार्ययोजना तैयार करने तथा इसके बृहद प्रचार-प्रसार करने के निर्देश प्रदान किये गये। यूपीनेडा द्वारा उक्त योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार सामग्री तैयार कराकर जिला प्रशासन को उपलब्ध करायी जायेगी। इस योजना के अन्तर्गत केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जा रहा है, इसमें 01 कि. वाट का सोलर संयंत्र लगवाने के लिए केन्द्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार कुल 45 हजार रूपये का अनुदान मिल रहा है।

## आवश्यक सूचना

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मेरे शिक्षा संबंधी कागजों मे मंगेश राजा अंकित है जब कि आधार कार्ड मे मंगलेश गुर्जर है मेरा सही नाम मंगलेश गुर्जर उर्फ मंगेश राजा दोनो मेरे ही नाम है और मंगलेश गुर्जर ही मेरा सही नाम पढ़ा व माना जाए।**

**मंगलेश गुर्जर उर्फ मंगेश राजा**
**पुत्री राम किशोर पत्नी संतराम**
**निवासी ग्राम चिरगांव खुर्द थाना-समथर मोठ जिला-झांसी तहसील - मोठ, जिला - झांसी उप्र**
**पिन कोड -284304**
**मोबाइल न- 9454359400**

## अपर जिला जज एवं सत्र न्यायालय, कोर्ट नं0- 04, लखीमपुर-खीरी

(आदेश 41 नियम 14)

श्रीमती दीप्ति अवस्थी, आदि (**अपीलार्थी**)
**बनाम**
मनोज गुप्ता उर्फ बबलू, आदि (**प्रत्युत्तरदाता**)

वाद संख्या : सी0ए0एन0-48/2023
पेशी दिनांक 01.07.2024

प्रत्युत्तरदाता

| | |
|---|---|
| 1. मनोज गुप्ता उर्फ बबलू पुत्र डॉ0 अशर्फी लाल गुप्ता<br>2. सौरभ गुप्ता उर्फ लिटिल पुत्र डॉ0 अशर्फी लाल गुप्ता | निवासीगण मो0 प्यारेपुर शहर लखीमपुर धनवन्तरि हास्पिटल के पास परगाना व जिला लखीमपुर-खीरी |

आपके सूचना दी जाती है कि आप इस वाद की अज्ञप्ति को अपील द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्ट्रीकृत कर की गई और पेशी की तारीख 01.07. 2024 दिवस इस अपील की सुनवाई के लिए नियत किया जाता है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से या तो आप या आपके अधिवक्ता या आपके लिए कार्य करने के लिए विधि द्वारा अधिकृत कोई व्यक्ति उपजाद व होगा तो यह आपकी अनुपस्थित में सुनी जायेगी और निश्चित की जायेगी।

**न्यायालय की आज्ञा से**
**रीडर/मुसरिम**
**अपर जिला जज एवं सत्र न्यायालय**
**कोर्ट नं0- 04, लखीमपुर-खीरी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़ विकासखंड अमेठी, जनपद -अमेठी

पत्रांक मेमो 2024-25 दिनांक : 20/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निर्माण वर्ष 2024 25 में राज्य वित्त आयोग/ केंद्र वित्त आयोग / मनरेगा/बीआरजीएफ/सम्पूर्ण स्वच्छता योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थलों पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है ।इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28. 6.2024 तक अपराह्न 2:00 बजे तक नीचे दी गई सामग्री हेतु अपनी दरें व वांछित संलग्नक बंद लिफाफे में अपने पैड पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा विक्रय तिथि 21.06. 2024 से 28 .6.2024 तक दोपहर 12:00 बजे तक अपराह्न 2:00 बजे तक की जाएगी । ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 29. 6.2024 को अपराह्न 3:00 बजे निर्धारित की गई है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1- | प्रथम श्रेणी ईट खड़ंजा/ भवन हेतु द्वितीय श्रेणी एवं एस ओ बी। | प्रति हजार |
| 2- | सीमेंट पोर्टलैंड व्हाइट सीमेंट। | प्रतिबोरी। |
| 3- | ईंट की गिट्टी, 20,40 एम एम व पत्थर गिट्टी 224एम एम से 53 एम एम तक। | प्रति घन मीटर |
| 4- | सफेद बालू (फाइन सैड) | प्रति घन मीटर |
| 5- | लाल बालू (फाइन सैड) | प्रति घन मीटर |
| 6- | लाल गिट्टी 20, 40 एमएम स्टोन साइज अनुसार। | प्रति घन मीटर |
| 7- | सरिया, तार, एवरेस्ट्स सीट, दरवाजा प्लास्टिक सीट | प्रति नग |
| 8- | शौचालय निर्माण सामग्री। | प्रति सेट |
| 9- | हैंड पंप सामग्री मरम्मत एवं रिबोर हेतु। | प्रति नग |
| 10- | ह्यूमन पाइप हेतु 150,200,350, 400 ,900 एम एम। | प्रति रनिंग मीटर। |
| 11- | पीवीसी पाइप व साइन बोर्ड | रनिंग मीटर। |
| 12- | इंटरलॉकिंग ईंट, पत्थर की पटिया साइज के अनुसार। | प्रति हजार |
| 13- | सोलर लाइट लैंप पोस्ट साइज हुआ वाट के अनुसार। | प्रति नग |
| 14- | टाइल्स साइज के अनुसार। | प्रति पेटी |
| 15- | चूना ब्लीचिंग पाउडर पेंट डिस्टेंपर। | प्रति किलोग्राम |
| 16- | कार्यालय हेतु अलमारी फर्नीचर पेंट आदि। | प्रति नग |
| 17- | कोरोना किट। | प्रति नग |

**प्रतिबंध एवं शर्तें-**

सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जाएगी आवश्यकता अनुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के लिखित आदेश पर ही की जाएगी अन्यथा नहीं सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि के स्वीकृत दर् पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी सामग्री आपूर्ति करता द्वारा ₹50 के स्टांप पेपर पर बांड भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद ही भुगतान किया जाएगा आपूर्ति करता का सेल टैक्स विभाग में जीएसटी के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य होगा। तथा आयकर दाता हो, इसकी प्रमाणिक छाया प्रति संलग्न की जाए। प्रस्तुत दर पीडब्ल्यूडी के स्वीकृत दर से अधिक ना हो, सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा पर किया जाना अनिवार्य होगा। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न पाए जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी होगा।

**चंदन**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत रामगढ़ विकासखंड
अमेठी जनपद अमेठी

**मंजू देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामगढ़ विकासखंड
अमेठी जनपद अमेठी

## कार्यालय ग्राम पंचायत गंगौली विकासखंड अमेठी, जनपद- अमेठी

पत्रांक मेमो 2024-25 दिनांक : 20/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निर्माण वर्ष 2024 25 में राज्य वित्त आयोग/ केंद्र वित्त आयोग / मनरेगा/बीआरजीएफ/सम्पूर्ण स्वच्छता योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थलों पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है ।इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28. 6.2024 तक अपराह्न 2:00 बजे तक नीचे दी गई सामग्री हेतु अपनी दरें व वांछित संलग्नक बंद लिफाफे में अपने पैड पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा विक्रय तिथि 21.06. 2024 से 28 .6.2024 तक दोपहर 12:00 बजे तक अपराह्न 2:00 बजे तक की जाएगी । ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 29. 6.2024 को अपराह्न 3:00 बजे निर्धारित की गई है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1- | प्रथम श्रेणी ईट खड़ंजा/ भवन हेतु द्वितीय श्रेणी एवं एस ओ बी। | प्रति हजार |
| 2- | सीमेंट पोर्टलैंड व्हाइट सीमेंट। | प्रतिबोरी। |
| 3- | ईंट की गिट्टी, 20,40 एम एम व पत्थर गिट्टी 224एम एम से 53 एम एम तक। | प्रति घन मीटर |
| 4- | सफेद बालू (फाइन सैड) | प्रति घन मीटर |
| 5- | लाल बालू (फाइन सैड) | प्रति घन मीटर |
| 6- | लाल गिट्टी 20, 40 एमएम स्टोन साइज अनुसार। | प्रति घन मीटर |
| 7- | सरिया, तार, एवरेस्ट्स सीट, दरवाजा प्लास्टिक सीट | प्रति नग |
| 8- | शौचालय निर्माण सामग्री। | प्रति सेट |
| 9- | हैंड पंप सामग्री मरम्मत एवं रिबोर हेतु। | प्रति नग |
| 10- | ह्यूमन पाइप हेतु 150,200,350, 400 ,900 एम एम। | प्रति रनिंग मीटर। |
| 11- | पीवीसी पाइप व साइन बोर्ड | रनिंग मीटर। |
| 12- | इंटरलॉकिंग ईंट, पत्थर की पटिया साइज के अनुसार। | प्रति हजार |
| 13- | सोलर लाइट लैंप पोस्ट साइज हुआ वाट के अनुसार। | प्रति नग |
| 14- | टाइल्स साइज के अनुसार। | प्रति पेटी |
| 15- | चूना ब्लीचिंग पाउडर पेंट डिस्टेंपर। | प्रति किलोग्राम |
| 16- | कार्यालय हेतु अलमारी फर्नीचर पेंट आदि। | प्रति नग |
| 17- | कोरोना किट। | प्रति नग |

**प्रतिबंध एवं शर्तें-**

सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जाएगी आवश्यकता अनुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के लिखित आदेश पर ही की जाएगी अन्यथा नहीं सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि के स्वीकृत दर् पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी सामग्री आपूर्ति करता द्वारा ₹50 के स्टांप पेपर पर बांड भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद ही भुगतान किया जाएगा आपूर्ति करता का सेल टैक्स विभाग में जीएसटी के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य होगा। तथा आयकर दाता हो, इसकी प्रमाणिक छाया प्रति संलग्न की जाए। प्रस्तुत दर पीडब्ल्यूडी के स्वीकृत दर से अधिक ना हो, सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा पर किया जाना अनिवार्य होगा। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न पाए जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी होगा।

**चंदन**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गंगौली विकासखंड
अमेठी जनपद अमेठी

**अर्चना यादव**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गंगौली विकासखंड
अमेठी जनपद अमेठी

## एक नजर

### तेज गर्मी व कम पानी से मरने लगीं मछलियां

**अम्बेडकरनगर।** तेज गर्मी व लगातार गिरते जलस्तर के चलते मसड़ा झील में मछलियां मरने लगी हैं। बताते चलें कि बसखारी विकासखंड क्षेत्र के मसड़ा झील में मत्स्य पालन के लिए प्रशासनिक स्तर पर इसका आवंटन मत्स्य जीव समिति मसडा मोहनपुर को मिला है। इसमें समिति द्वारा मत्स्य पालन का उद्योग किया जाता है। इस बीच तेज गर्मी व लगातार जलस्तर के कम होने से झील में मछलियां भी मरने लगी हैं। वहीं लोगों को भी दुर्गंध फैलने से मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच समिति के सदस्यों ने झील से लगभग 20 क्विंटल मृत मछलियों को एकत्र कर गड्ढा खोदकर उसमें दबवा दिया। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। बाजार के रवि, नईम, रफ़ी, इफ्तेखार, हरिओम आदि ने झील में पानी भरवाने की मांग की है।

### अपराधियों की धरपकड़ जारी

**अम्बेडकरनगर।** जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हुत चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 124/24 धारा 306, 323, 504 भादवि से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त 01-मोहिउद्दीन पुत्र अफसर निवासी सहजौरा इल्तिगंज थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर 02-अफसर पुत्र रहीमबक्श उर्फ नकछेद निवासी सहजौरा इल्तिफातगंज थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर को गुरुवार को समय 11.15 बजे सहजौरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। बाद विधिक कार्यवाही अभियुक्तगण को न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

### सुनील अहिरौली, संजय बने हंसवर थानाध्यक्ष

**अम्बेडकरनगर।** जनपद की पुलिस व्यवस्था बेहतर करने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने तीन थानाध्यक्ष समेत सात दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। मॉनीटरिंग सेल के प्रभारी निरीक्षक दर्शन यादव को साइबर थाने का प्रभारी बनाया गया है। यहां तैनात रहे संजय कुमार पांडेय को हंसवर थानाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। एसपी पीआरओ रहे प्रेमचंद्र को बेवाना थानाध्यक्ष बनाया गया है। यहां तैनात शशांक शुक्ल को अलीगंज थाने की जिम्मेदारी मिली है। बसखारी थाने के एसएसआई सर्वेंद्र अस्थाना को किछौछा चौकी प्रभारी बनाया गया है। अहिरौली थानाध्यक्ष विवेक कुमार को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। उन्हें जनसुनवाई सेल की जिम्मेदारी दी गई है। इनके स्थान पर सुनील कुमार पांडेय को अहिरौली थानाध्यक्ष बनाया गया है।

### जन-जन तक पहुंचाएं योजनाओं की जानकारी

**अम्बेडकरनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खेत तालाब एवं रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना (आरएडी) की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने मातहतों से कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों के सुधार के लिए चलाई जा रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना वर्ष 2024-25 की प्रशासनिक स्वीकृत शासन से मिल गई है। इस योजना की जानकारी अधिकारी और कर्मचारी जन-जन तक पहुंचाएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, सीडीओ अनुराज जैन, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अयोध्या से भाजपा का हारना दुर्भाग्यपूर्ण : अरुण कोरी

**अयोध्या।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव चौधरी अरुण कुमार कोरी बताया कि 54 लोकसभा फैजाबाद अयोध्या संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी का हारना एक दुर्भाग्यपूर्ण है और वर्तमान सांसद अवधेश प्रसाद का जीतना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री चौधरी ने कहा कि निवर्तमान सांसद के द्वारा जन विरोधी नीतियों के कारण फैजाबाद से संसदीय सीट एनडीए हारा और देश व प्रदेश में भी जन विरोधी नीतियों के बयानों के कारण देश की काफी सीटों पर एनडीए की सीट गवानी पड़ी। नव निर्वाचित वर्तमान भारत सरकार किसानों मजदूरों के हक में कर्ज माफी एवं बिजली बिल माफी जैसे कई तमाम अहम फैसले तत्काल अमल में लाना जनहित में है और लाना होगा।

### गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**गोसाईगंज अयोध्या।** गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने टन्डौली नहर की पुलिया के पास से गुरुवार की सुबह एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक पकड़े गए युवक की पहचान रविप्रकाश यादव पुत्र स्व0राजकुमार यादव निवासी सोनौरा के रुप मे हुई।युवक के पास से 650ग्राम गांजा बरामद हुआ।युवक के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट के तहत केस दर्जकर चालान कर दिया गया।एसएचओ ने बताया कि आरोपी युवक बीते 5मई को एक मारपीट के मामले में गयी पीआरवी की गाड़ी का शीशा तोड़कर फरार हो गया था और पुलिस इसकी तलाश में जुटी हुई थी।

### डॉ सद्दाम खान का सहायक शोध अधिकारी के पद पर चयन

**अयोध्या।** का.सु. साकेत महाविद्यालय अयोध्या के वाणिज्य संकाय के प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के छात्र डॉ सद्दाम खान प्रथम प्रयास में सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकीय अधिकारी - राजपत्रित अधिकारी) के पद पर चयनित हुए हैं। सद्दाम खान ने साकेत महाविद्यालय से बी कॉम एवं एम काम के उपरांत एलएल बी की उपाधि भी प्राप्त की है। वर्तमान समय में सद्दाम खान वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रोत्र मिर्जा शहाब शाह के निर्देशन में अपना शोध कार्य "ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मनरेगा का योगदान"( जिला अयोध्या के संदर्भ में) विषय पर पूर्ण किया है। डॉ सद्दाम खान शिक्षा ग्रहण करते समय महाविद्यालय की विभिन्न पाठ्यसहगामी क्रियाओ में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना, सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के एंबुलेंस ऑफिसर के साथ-साथ एनसीसी नेवल विंग के कैडेट कैप्टन भी रहे। इन्हें ऑल यूपी बेस्ट कैडेट के साथ-साथ गवर्नर मेडल से भी नवाजा जा चुका है। गणतंत्र दिवस परेड 2014 राजपथ-दिल्ली पर होने वाली परेड में भी इन्होंने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। वाणिज्य संकाय के समस्त प्राध्यापको ने इनके चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी एवं वाणिज्य विभाग मे बुके व स्मृति चिन्ह प्रदान कर इन्हें सम्मानित किया गया।

### सभासदों व कर्मियों ने अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

**अम्बेडकरनगर।** नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है। कर्मचारियों ने कहा कि मनमाने ढंग से उन्हें सेवा से बाहर कर दूसरे लोगों को रखने का प्रयास किया जा रहा है। उधर, सभासदों ने भी अध्यक्ष की शिकायत शासन से की है। आउटसोर्सिंग कर्मी गोविंद निषाद, जीत सिंह, विक्रम सिंह व संजय कुमार ने डीएम को बताया कि वे सब 2021 में नगर पंचायत के गठन के बाद से ही अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाते आ रहे हैं। बीते छह जून को उन्हें मनमाने ढंग से नोटिस दे दिया गया। अध्यक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कहा कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया जाता है। काम कर रहे लोगों को हटाकर नए लोगों की भर्ती का प्रयास मनमाने ढंग से किया जा रहा है। कर्मियों ने बताया कि उन्हें संबंधित संस्था ने अगले आदेश तक काम से मुक्त भी कर दिया है। इस बीच सभासद रोहित सिंह, सायरा बानो, सरोज, शिवशंकर, विपिन आदि ने नगर निकाय निदेशक को पत्र भेजकर अध्यक्ष पर कई आरोप लगाए हैं। उधर, अध्यक्ष विनोद प्रजापति ने आरोपों को मनगढ़ंत करार दिया है।

### विद्यालयों की होगी ऑनलाइन निगरानी

**अम्बेडकरनगर।** ग्रीष्मावकाश के बाद 24 जून से परिषदीय स्कूलों में अब एमडीएम व छात्रों की उपस्थिति से जुड़ी निगरानी और सुदृढ़ होगी। ऑनलाइन माध्यम से इस पर नजर रखने के लिए 2623 प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों को दो माह के रिचार्ज के साथ मोबाइल सिम उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। बीते मंगलवार से बीईओ को सिम उपलब्ध कराए जाने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। शीघ्र ही संबंधित विद्यालयों को भी सिम उपलब्ध हो जाएगा। परिषदीय विद्यालयों में प्रतिदिन उपस्थित होने वाले छात्रों की संख्या तथा एमडीएम योजना पर नजदीकी निगरानी के लिए बीते दिनों ही निपुण भारत मिशन के तहत प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक को टैबलेट उपलब्ध कराया गया था। बीएसए कार्यालय के अनुसार प्रथम चरण में 1334 परिषदीय विद्यालय के 2623 प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों को टैबलेट मिला। हालांकि संबंधित अध्यापकों ने यह कहते हुए जरूरी जानकारियां निपुण मॉनीटरिंग सेल पर अपलोड करने में असमर्थता जताई थी कि इसके लिए इंटरनेट की जरूरत है जो कि टैबलेट के साथ उपलब्ध नहीं कराया गया है। ऐसे में सिम भी उपलब्ध कराया जाए। इसे देखते हुए बीते दिनों ही निदेशालय ने सभी बीएसए को निर्देशित किया था कि प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों को सिम जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए। इस क्रम में बीएसए कार्यालय ने सिम की खरीदारी कर ली है। अलग-अलग ब्लॉकों के बीईओ के माध्यम से संबंधित प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों में शीघ्र ही सिम का वितरण करने की तैयारी है। ऐसे में 24 जून से स्कूल खुलने पर पोर्टल पर जरूरी जानकारियां उपलब्ध हो सकेंगी।

# शहर से लेकर गांव तक गहराया पेयजल का संकट

**विश्ववार्ता संवाददाता**



अम्बेडकरनगर।आसमान से बरस रही आग व बारिश न होने से पेयजल संकट खड़ा होने लगा है। जलस्तर में कमीं के चलते सामान्य हैंडपंप से जहां कम पानी निकल रहा तो वहीं टुल्लू पंप भी पर्याप्त पानी नहीं दे रहा। घरों में टंकियों के खौलते पानी ने मुसीबत बढ़ा रखी है तो वहीं ऊपरी मंजिल के घर पूरी तरह तप रहे हैं। बारिश को लेकर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

तेज गर्मी का दौर लगातार जारी है। आसमान से आग बरस रही है। धूप की तपिश कम होने का नाम नहीं ले रही। एक तरफ जहां भीषण गर्मी से आमजन बेहाल है तो वहीं अब इसका प्रतिकूल प्रभाव जलस्तर पर भी पड़ने लगा है। अकबरपुर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य हैंडपंप से अब कम पानी निकल रहा है। अकबरपुर नगर के मीरानपुर निवासी राजेश ने कहा कि उनके घर में लगे हैंडपंप से पिछले दो दिन से कम पानी आ रहा। यदि शीघ्र ही बारिश न हुई तो जलस्तर और भी नीचे चला जाएगा। इससे पेयजल की बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी।

अब्दुल्लापुर के शमीम तथा बेवाना के अरविंद व गोपाल ने भी सामान्य हैंडपंप से कम पानी निकलने की बात कही। कम्हरिया के गंगासागर व कृपाशंकर ने कहा कि निजी नलकूप न सिर्फ कम पानी दे रहा बल्कि समय-समय पर पानी छोड़ भी देता है। ऐसे में जिस खेत की सिंचाई करने में एक घंटा लगता था तो वहीं अब इसमें ढाई से तीन घंटा लग रहा।

बरधाभिउरा के मंगल वर्मा व पंकज कुमार ने कहा कि पहले जलस्तर 22 फिट नीचे था तो मौजूदा समय में 25 फिट नीचे चला गया है। इससे जो पानी के पंप जमीनी सतह पर लगे हैं उनसे पानी कम हो गया है। इसके इतर जो पंप भूमि स्तर से तीन फिट नीचे लगाए गए हैं उसमें पानी ठीक निकल रहा है।

गर्मी का कहर इतना ज्यादा है कि टंकियों का पानी पूरी तरह खौल रहा है। घरों पर लगी सीमेंटेंड टंकी से लेकर प्लास्टिक की टंकी तक भरा पानी दिनभर खैलता रहता है। सुबह सात बजे करीब ही टंकी के पानी का प्रयोग कर पाना संभव नहीं रह गया है। नतीजा यह है कि लोगों को बार-बार मोटर चलाकर ताजा पानी निकालना पड़ रहा है, इससे बिजली का खर्च भी बढ़ गया है। कुछ लोगों ने तो गर्मी से बचने के लिए टंकियों में बर्फ की सिल्ली डालनी शुरू कर दी है।

## आईटीआई परिसर में रोजगार मेला आज

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेन्टर अयोध्या राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को प्रातः 10:00 बजे से राजकीय आई0टी0आई0, परिसर बेनीगंज अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा हैं।

इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित तकनीकि/गैर तकनीकि कम्पनियां, एस0बी0आई0 लाइफ, होलीहबर्स, एडिको हनुमत, वी0एस0एस0टेक सोल्यूशन, आदि कम्पनियां, प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक एवं आई0टी0आई0 है प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों का सेवायोजन पोर्टलपर पंजीकरण अनिवार्य है। तत्पश्चात रोजगार मेला आई0डी0-10265 पर आनलाइन आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते हैं।

## सुकन्या समृद्धि से निर्वहन करें सामाजिक दायित्व : यादव

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** मिल्कीपुर ब्लाक के विद्या मंदिर स्कूल में बचत बैंक खाता, सुकन्या समृद्धि एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा को गति देने के लिए अछोरा, कुमारगंज, खंडासा, इनायतनगर, हरिंगटनगंज, मजरुद्दीनपुर, कुचेरा, बारुन, शाहगंज के ग्रामीण शाखा पोस्टमास्टरों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन डाक निरीक्षक अमित कुमार ने किया।



समीक्षा बैठक में प्रवर अधीक्षक डाकघर एच.के. यादव।

अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एच के यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि बचत खाता से अल्प बचत करने की आदत पड़ती है छोटी छोटी राशि जमा करके लाखों धन एकत्र किया जा सकता है दूसरी तरफ ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा एक परिवार की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका अदा करता है ग्रामीण डाक जीवन बीमा से इंसान अपनी आवश्यकता को आसानी से पूरा कर सकता है द्य यह ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी किसी भी बीमा कम्पनी से कम किश्त तथा अधिक बोनस भुगतान देता है इसलिए जनता को इसका सीधा लाभ मिलता है द्य उन्होंने जनता से बचत खाता एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा को अपनाने के लिए अपील किया।

» ग्रामीण डाक जीवन बीमा एक परिवार की करता है सुरक्षा

श्री यादव ने सभी शाखा पोस्टमास्टर को निर्देशित किया कि सभी अपने अपने क्षेत्र की जनता को सूचीबद्ध करके बचत बैंक खाता तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा से जोड़ने के निर्देश भी दिए।

## अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर अवध विवि में करेंगे एक हजार लोग योग

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्यता प्रदान करने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया। विश्वविद्यालय परिसर के विवेकानंद सभागार के सामने प्रातः पौने छह से पौने सात बजे तक होने वाले योग कार्यक्रम में लगभग एक हजार लोग शामिल होंगे।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य देने के लिए समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक एनएसएस, एनसीसी, समस्त शिक्षक एवं अधिकारियों को सूचित किया। योग नोडल समन्वयक प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

## मैक्स हॉस्पिटल ने अयोध्या में विशेष ओपीडी सेवाओं का किया शुभारंभ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल लखनऊ ने गुरूवार को शहर के देवा हॉस्पिटल के सहयोग से नेफ्रोलॉजी, ब्रेस्ट सर्जरी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञताओं के लिए अपनी विशेष मल्टी-स्पेशियलिटी ओपीडी सेवाओं के शुभारंभ की घोषणा की।

कृष्णा पैलेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान नेफ्रोलॉजिस्ट और रीनल ट्रांसप्लांट फिजीशियन डॉ. वेंकटेश थम्मीशेट्टी, स्तन कैंसर और हार्मोन डॉ. फराह अरशद,ओपीडी सेवाओं व कीमोथेरेपी डॉ. मोहम्मद सुहेल ने जानकारी दी।उन्होंने कहा,हॉस्पिटल ने रोगियों की सुविधा के लिए यह ओपीडी सर्विस लॉन्च की है। मैक्स हॉस्पिटल की यह पहल रोगियों को अब दूसरे शहर या राज्य की यात्रा किए बिना आसानी से और बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा की सुविधा उपलब्ध कराएगी।यह पहल अयोध्या और आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए शुरू की गई है। इसका मकसद इन लोगों को बेहतरीन इलाज मुहैया कराना है, जिसमें जल्दी बीमारी का पता लगाना, बेहतरीन इलाज के विकल्प और मरीजों की पूरी देखभाल शामिल है।

यह सेवाएं हर महीने के कुछ खास दिनों में उपलब्ध होंगी। इन खास दिनों पर नेफ्रोलॉजी, ब्रेस्ट सर्जरी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी जैसी विशेषज्ञता के डॉक्टर उपलब्ध होंगे।फिजीशियन डॉ. वेंकटेश थम्मीशेट्टी हर महीने के दूसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे।

## बीते दो वर्ष में सिर्फ दो सरोवर का हो सका लोकार्पण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सोहावल-अयोध्या।** विकास खण्ड क्षेत्र में बुधवार को मजनावां में बनाए गए अमृत सरोवर का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक डाक्टर अमित सिंह चौहान ने किया। इसके साथ ही विकास खंड में प्रस्तावित 27 सरोवरों में लोकार्पण होने वाले सरोवर की संख्या दो हो गई। भाजपा सरकार में बनने वाले इन सरोवरों की गति और सुरक्षा समृद्धि का आलम यह है कि दो वर्ष पहले योजना की शुरुवात में ही जिन सरोवर पर काम शुरू हुआ वह आज भी अपनी पूर्णता की राह देख रहे है। सूखे पड़े इन आधे अधूरे तालाबों की सुरक्षा और समृद्धि को ग्रामीण नुकसान पहुंचा रहे है। उच्च स्तरीय निर्देशों के बावजूद इस भीषण गर्मी में पानी गांव पंचायत सुरवारी का सरोवर हो या तहसीनपुर का सरोवर इसके नजीर है जिनका शिलान्यास सरकार के जनप्रतिनिधियों ने ही किया लेकिन इसे पूरा कराने की जिम्मेदारी नहीं समझा।

ग्राम प्रधान कहते हैं कि शासन से धन नहीं मिल रहा है। योजना से जुड़े जिला इकाई की अनदेखी से निर्माण आगे नही बढ़ पा रहा है। दो वर्ष में दो तालाबों का निर्माण विभाग करा पाया। बीते वर्ष में पहले सरोवर का लोकार्पण हाजीपुर बरसेंडी में एक मंत्री जी ने किया था। दूसरा मजनावा में कल जनता को विधायक जी द्वारा समर्पित किया गया। योजना की रफ्तार और शासन की प्राथमिकता के नजरिए से विकास खंड में यह योजना और शासन की मंशा पर सवालिया निशान तो लगा ही रही है। जिम्मेदारों की प्रशासनिक क्षमता पर भी प्रश्न चिन्ह लगाती है।

## सूखा पड़ा जहांगीरगंज रजबहा, चुनौती बनी फसलों की सिंचाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** एक तरफ जहां भीषण गर्मी से त्राहि-त्राहि मची है, वहीं नहर में पानी न आने से किसानों की फसलें खेतों में सूखने की कगार पर पहुंच गईं हैं। एक तरफ जहां धान की नर्सरी प्रभावित हो रही तो वहीं सब्जी आदि की फसल सूखने से किसान परेशान हैं। गर्मी को देखते हुए हर दूसरे तीसरे दिन फसलों को पानी की जरूरत होती है लेकिन पंपिंग सेट के सहारे फसलों को बचा पाना किसानों के लिए चुनौती बना हुआ है।

मालूम हो कि करीब 62 किलोमीटर लंबे जहांगीरगंज रजबहे से 20 हजार किसान खेतों की सिंचाई करते हैं। रजबहे से नरियाव, सिंहपुर, नेवारी, केसरपुर, समैसा, अंबारी बंगालपुर, चांडीपुर समेत करीब दो दर्जन माइनर जुड़ी हुईं हैं, जो अलग-अलग क्षेत्र में किसानों को पानी उपलब्ध कराती हैं। हालांकि अब तक रजबहे में पानी न आने से किसानों के सामने मुश्किलें खड़ी हो गईं हैं। भीषण गर्मी में भूमि तप रही है। ऐसे में खेतों में नमीं बनाए रखना किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है।



बता दें कि मौजूदा समय में किसानों ने गन्ना, पिपरमिंट, उड़द, मक्का, चरी के अलावा सब्जी आदि की खेती कर रखी है। तपिश को देखते हुए इन फसलों को हर दूसरे तीसरे दिन पानी की जरूरत होती है। लेकिन रजबहे में पानी न होने से किसान इन फसलों को समय से पानी दे पाने में असफल साबित हो रहे हैं।

> जहांगीरगंज रजबहे में 25 जून के बाद पानी छोड़ा जाएगा, जो टेल तक पहुंचेगा। किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।
> – एसपी सिंह, अधिशासी अभियंता

बारिश न होने से किसानों की मुश्किलें और बढ़ गईं हैं। दरअसल किसानों को उम्मीद थी कि मई आखिरी व जून माह में बारिश होगी। इससे फसलों को लाभ होगा लेकिन इस बार बारिश भी अब तक नहीं हुई। ऐसे में पंपिंग सेट से फसलों की सिंचाई कर पाना सभी किसानों के लिए नुकसान का सौदा साबित हो रहा है।

पंपिंग सेट से सिंचाई करने में एक बार में कम से कम पांच सौ रुपये से एक हजार रुपये का डीजल लगता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर किसानों के सामर्थ्य से बाहर है। नियमित सिंचाई न होने से कई किसानों की सब्जी की फसलें खेत में सूखने की कगार पर पहुंच गईं हैं। जबकि अन्य फसलें का भी विकास पानी के अभाव में रुक गया है। धान की नर्सरी भी पानी के अभाव में प्रभावित हो रही। किसान बृजेंद्र वर्मा, राम सुरेश, राधेश्याम व घनश्याम यादव आदि ने प्रशासन से जल्द से जल्द रजवाहे में पानी छोड़े जाने की मांग की है।

टांडा तहसील क्षेत्र के शिब्लीपुर से निकलकर आलापुर तहसील क्षेत्र के गढ़वल के पास पिकिया नदी में मिलने वाले रजबहे से बसखारी, अछती, इन्दईपुर, नकगदा, हुसेनपुर, जगदीशपुर, नारियांव, जहांगीरगंज, हरिहरपुर, आदमपुर, नसीरपुर, उमरी जलाल, अशरफपुर, सोल्हवा, केदरुपुर, करौंदी, हज्जीपुर, जल्लापुर, सकाशीपुर, कियामपुर, दशवतपुर, इटहिया, अहिरौली रानीमऊ, गढ़वल समेत अन्य गांवों के करीब 20 हजार किसान पानी के अभाव में परेशान हैं।

## मछली मारने पर रोक, मत्स्याखेट और परिवहन पर होगा जुर्माना

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अगले दो माह मछली मारने पर रोक लगा दी है। अब दो माह तक मछली पकड़ना ,उसका परिवहन और खरीद बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। ऐसा करते पाए जाने पर जुर्माना किया जाएगा।

जिलेभर में 31 अगस्त तक मछली पकड़ने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि के दौरान यदि कोई मछुआरा मछली पकड़ता हुआ पाया जाता है तो नियमों के अनुसार छह माह तक की कैद और 300 रुपये से एक हजार रुपये तक जुर्माना किया जाएगा। प्राकृतिक स्रोतों के साथ लोग घरों में रखे गए फिश टैंकों से भी मछलियों को नहीं बेच सकते। प्राकृतिक तौर पर जुलाई से लेकर अगस्त तक दो माह तक मछलियां प्रजनन करती हैं। प्राकृतिक रूप से मछलियों की संख्या सही बनी रहे, इसके लिए प्रत्येक वर्ष मत्सय विभाग की ओर से दो माह तक आखेट पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाता है। मत्सय विभाग की ओर से इस बार सीजन को प्रभावी बनाने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। जलाशयों से लेकर फिश टैंक विक्रेताओं को भी मछलियों को न बेचने के बारे में निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अवैध शिकार को रोकने के लिए विभिन्न निरीक्षण टीमों का भी गठन किया गया है। उड़नदस्ते विभिन्न क्षेत्रों में जाकर औचक निरीक्षण करेंगे।

इसके बारे में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने विश्ववार्ता को जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक रूप से प्रजनन करने वाली मछलियों की विभिन्न प्रजातियां सफलतापूर्वक प्रजनन कर सकें और प्राकृतिक रूप से विभिन्न जल क्षेत्रों में मछलियों की उपयुक्त संख्या बनी रहे, इसके लिए यह प्रतिबंध लगाया जाता है। उन्होंने जिलावासियों से सहयोग की अपील की है।

वर्षा ऋतु में भारतीय मेजर कार्प मछलियों जैसे कतला, रोहू, नैन, कराँच तथा विदेशी कार्प मछलियों- सिल्वरकार्प, ग्रास कार्प एवं कामन कार्प मछलियों प्रजनन करती है।

इन मछलियों के संवर्धन व संरक्षण हेतु फिशरीज एक्ट, 1948 के अन्तर्गत नियन्त्रण तथा शासनादेश संख्या-4514/57/म-97-6-3 (30) / 97 दिनांक-06.10.1997 के अन्तर्गत 15 जून, 2024 से 30 जुलाई, 2024 तक तालाबों, झीलों, नालो, नदियों से मछलियों को पकडना, बेचना, आयात-निर्यात आदि पर तथा शासनादेश संख्या-2238 / 57-मत्स्य/97 दिनांक-04 जून, 1997 के अन्तर्गत 15 जुलाई 2024 से 30 सितम्बर, 2024 तक मत्स्य जीरा, फाई, फिंगरलिंग मत्स्य बीज व 10 इंच तक की मछलियों को पकडने, नष्ट करने, बेचने पर जिले की सीमान्तर्गत प्रवाहित होने वाली नदियों में प्रतिबन्ध लगाया जाता है, साथ ही कोई भी व्यक्ति एक जुलाई से 31 अगस्त पूरे दो महीने तक प्रजननशील मछलियों को न तो पकड़ेगा, न ही मारेगा और न ही बेचेगा।

## वेंटिलेटर पर चल रहा ब्लड यूनिट कक्ष

**अम्बेडकरनगर।** जिला अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक मौजूदा समय में वेंटिलेटर पर चल रहा है। ब्लड बैंक स्थित ब्लड यूनिट कक्ष में लगे दो एसी में एक एसी लंबे समय से खराब है जबकि दूसरे में भी गड़बड़ी आ गई है। ऐसे में यूनिट में रखा खून खराब हो सकता है। 100 यूनिट क्षमता वाले ब्लड बैंक में व्यवस्थाएं लगातार बेपटरी हो रही हैं। कभी यूनिट में खून की कमीं सामने आती है तो कभी कई अन्य प्रकार की समस्याएं खड़ी होती हैं। 100 यूनिट वाले ब्लड बैंक में बमुश्किल आठ या दस यूनिट ब्लड ही रहता है। इस बीच अब एक और बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। ब्लड बैंक की ब्लड यूनिट में खून को सुरक्षित रखा जाता है। इसके लिए यूनिट में दो एसी लगे हैं। मालूम हो कि एक निश्चित तापमान पर खून संरक्षित रहता है। इसी के लिए दो एसी लगाए गए हैं। इसमें से एक एसी लंबे समय से खराब है। दूसरा एसी भी बीते कई दिनों से सही ढंग से काम नहीं कर रहा है।

## सरकार नजूल संपत्तियों को अभिलंब करे फ्री होल्ड

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल अयोध्या द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश में नजूल की संपत्तियों के अधिग्रहण करने संबंधी प्रदेश की राज्यपाल द्वारा 7 मार्च 2024 को एक अध्यादेश जारी किया गया था इस अध्यादेश को लेकर पूरे प्रदेश में व्यापारी, उद्यमी व समाज के सभी वर्गों के लोगों में चिंता एवं रोष व्याप्त है। इस अध्यादेश को वापस लेने एवं नजूल संपत्तियों के फ्री होल्ड को शुरू किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से संगठन के जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी के नेतृत्व में दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से लेकर पूरे प्रदेश में नजूल संपत्तियों का उपयोग समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा व्यवसायिक, औद्योगिक वा रिहायसी के उद्देश्य से किया जा रहा है। व्यापार मंडल इस अध्यादेश का विरोध करता है क्योंकि यह लोकहित में नहीं है। व्यापार मंडल इस अध्यादेश को अभिलंब वापस लेने एवं पूर्व की भांति नजूल की संपत्तियों को फ्री होल्ड करने की योजना को पुनः शुरू किया जाए।

जिलाधिकारी नीतीश कुमार को ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी, के के गुप्ता , नगर महामंत्री प्रेमनाथ राय, युवा जिला अध्यक्ष मानव मेहरोत्रा, दिग्विजय गर्ग, विष्णु ,आदित्य अग्रवाल, प्रखर रस्तोगी, अंकित जैन ,प्रभात अग्रवाल, गुंजन सोनी, नीरज सिंघल, रमेश चौरसिया जिला महामंत्री, संजय मित्तल, ललित बंसल, राजेश बंसल, सूरज यादव, राजेश गुप्ता, शशांक यादव, अरुण साहू, मानव मेहरोत्रा आदि मौजूद थे।

**सौगात** समूह की महिलाओं ने जताया जिलाधिकारी का आभार

# दोना-पत्तल बनाने के लिए मिली निशुल्क मशीन, डीएम ने किया उद्घाटन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** मुख्यमंत्री के जीरो टालेंस नीति के मंशानुरूप जिलाधिकारी के सराहनीय प्रयास से प्रशासन द्वारा गंगा और रोशनी स्वयं सहायता समूह ग्राम पंचायत चाचिकपुर भीटी को दोना पत्तल बनाने वाली दो मशीनें उपलब्ध कराई गई है जिसके क्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा गंगा और रोशनी स्वयं सहायता समूह ग्राम पंचायत चाचिकपुर विकासखंड भीटी में आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया। गंगा और रोशनी स्वयं सहायता समूह द्वारा ग्राम पंचायत चाचिकपुर भीटी में प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई दोना पत्तल बनाने वाली दो मशीनें लगाई गई है। जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, खण्ड विकास अधिकारी भीटी, एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधान,समूह की महिलाएं तथा ग्रामीण की उपस्थिति में पूजन तथा फीता काट कर किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों से वार्ता किया गया। उपस्थित महिलाओं द्वारा खुशी जाहिर करते हुए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया गया। महिलाओं ने कहा कि आजीविका संवर्धन से जुड़ा हुआ बहुत महत्त्व पूर्ण कार्य हुआ है। जिलाधिकारी ने दोना पत्तल की बिक्री के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि इसे कैसे उत्पादन के बाद विक्री करें, जिससे आय में वृद्धि हो सकें। साथ ही साथ वहां उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी बसखारी तथा भीटी ने आगामी कार्यक्रमों के लिए एक हजार दोना पत्तल का डिमांड किया गया तथा तत्काल उसका भुगतान भी किया गया।



जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा श्रवण क्षेत्र घाट का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने घाट पर बने सीढ़ियों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी कटेहरी को निर्देशित किया गया कि श्रवण क्षेत्र घाट तथा परिसर की नियमित साफ़ सफाई कराई जाय।

## रौनाही पुलिस ने पांच गौ मांस तस्करों पर लगाया गैंगस्टर एक्ट

**सोहावल- अयोध्या।** रौनाही पुलिस ने पांच गौ मांस तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया है। अब गौ मांस तस्करों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई में जुटी है। आरोप है कि बीते बारह अप्रैल को सुबह ईद के दिन रौनाही पुलिस ने ग्राम शेखपुर जाफर के करीब परशुरामपुर रेलवे फाटक के पास मुखबिर की सूचना पर कुछ लोगों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया था। पकड़े गए लोगों के पास से चौबीस किलो मांस बरामद की गई थी। हालांकि नव रात्रि के अवसर पर इस धड़पकड़ को लेकर चर्चा रही कि पकड़े गए तस्कर गोकशी कर गोमांस की चोरी छिपे क्षेत्र में बिक्री कर करते है। वहीं पुलिस ने जांच के लिए मांस के टुकड़ों को फॉरेंसिक विभाग को भेजा था। मामले में मांस की बिक्री करने वाले आधा दर्जन तस्करों को जेल भेजा गया। इसके बाद जांच में गौ मांस की पुष्टि होने पर सभी तस्करों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

## एक नजर

### एस एस कॉलेज गेट पर हुआ शरबत वितरण



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के द्वारा कॉलेज के गेट पर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने कहा कि महाविद्यालय के द्वारा प्रतिवर्ष राहगीरों को प्रचंड गर्मी से कुछ राहत दिलाने के लिए शरबत वितरण किया जाता है। भीषण गर्मी में शरबत पीकर राह चलते राहगीरों ने राहत की सांस ली। कार्यक्रम में एसपी डबराल, डॉ. रामनिवास गुप्ता, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ. प्रांजल शाही, डॉ संदीप अवस्थी, डॉ. सुजीत वर्मा, डॉ. अभिजीत मिश्रा, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, डॉ. रामशंकर पांडेय, डॉ. आदर्श पांडेय, चंद्रभान त्रिपाठी, डॉ. रजत कुमार सिंह, मनोज अग्रवाल, कमलेश त्रिवेदी, सुधाकर गुप्ता, रामलखन सिंह, हिमांशु मिश्रा, उमाशंकर शर्मा, वरुण कुमार सिंह, रवि सिंह, रामलखन, राहुल तिवारी, गंगा देवी, रविन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, रामदेव गुप्ता, शिशुपाल, सर्वेश कुमार आदि का योगदान रहा।

### सपा का डेलीगेशन निगोही कस्बे पहुंचा



**शाहजहांपुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का एक डेलीगेशन शाहजहांपुर के निगोही कस्बे में उस जगह पहुंचा जिस जमीन का विवाद चल रहा था और निगोही की एक महिला सभासद ने भाजपा विधायक के निजी सहायक पर उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एक सप्ताह तक धरना प्रदर्शन किया। आज सपा का एक डेलीगेशन निगोही उसी विवादित जमीन पर पहुंचा और जांच के बाद पूरी रिपोर्ट अखिलेश यादव को देने की बात कही। सपा का ये डेलीगेशन कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से भी मिला और जमीन कब्जे की पूरी बात डीएम को बताई।

### मकान मालिक ने महिला के साथ की अश्लील हरकतें

**बरेली।** सीबीगंज किराएदार दलित महिला को अकेला देख मकान मालिक कमरे में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की समान फेंकते हुए घर से निकाल दिया। महिला ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस स्टेशन पर की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर पीड़ित महिला पुलिस अधीक्षक बरेली के दरबार में पेश हुई और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। सीबीगंज के एक गांव की रहने वाली पीड़ित दलित महिला ने दर्ज मुकदमे में बताया कि वह किराए के मकान में रहती है।12 मई को दोपहर 12 बजे मकान मालिक दिनेश अचानक कमरे में घुस आया और बुरी नियत से तबोच कर उसके कपड़े उतारने लगा। विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों के साथ मारपीट करने लगा। जिसके बाद 18 मई को सुबह 10 बजे आरोपी की मां और उसका लड़का कमरे पर आए और सामान बाहर फेंकने लगे। पीड़िता ने जब कुछ दिन की मोहलत मांगी तो आरोपियों ने जाति सूचक शब्द के साथ गंदी गंदी गालियां दी और धक्का देकर घर से भगा दिया। मामले की शिकायत पीड़िता ने थाना सीबीगंज पुलिस से की। लेकिन कई चक्कर लगाने के बाद भी आरोपियों पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पुलिस ने एमएसपी के देश पर आरोपी दिनेश उसकी मां सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पहली पत्नी के रहते किया दूसरा निकाह

**बरेली।** एक युवक ने अपनी पहली पत्नी के रहते एक युवती को अपने जाल में फसा कर उससे निकाह कर लिया। दो बच्चे होने के बाद उसको ट्रिपल तलाक दे दिया। इस मामले में महिला ने एसएएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। थाना किला के लीची बाग निवासी सोनी खान पुत्री आरिफ खान ने बताया अब से चार साल पहले आमिर अली पुत्र ताहीर अली निवासी काकर टोला पुराना शहर बारादरी ने धोखे में रखकर उससे निकाह कर लिया। उसके बाद उसके दो बच्चे भी हुए। बुधवार को आमीर अली सुबह नौ बजे उसके घर पर आया उसके साथ उसकी पहली पत्नी खुशबू, आमीर अली का साला आदि लोग मौजूद थे। पहले तो सोनी खान के साथ मारपीट की। उसकेबाद ताहीर ने सबके सामने उसे ट्रपल तालाक दे दिया। पति की इस हरकत से परेशान सोनी ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### धर्म पर टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बरेली।** सोशल मीडिया के जरिए खुराफाती माहौल खराब करने केप्रयास में लगे रहते है। इज्जतनगर में रहने वाले एक युवक ने अपनी फेसबुक आईडी पर धर्म पर गलत टिप्पणी कर माहौल को खराब करने का प्रयास किया। जिस मामले में युवक के खिलाफ जमात रजा ए मुस्तफा के पदाधिकारियों की शिकायत पर थाना इज्जतनगर में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना कोतवाली क्षेत्र के मलुकपुर निवासी फराज मोहम्मद खान ने बताया कि वह जमात रजा ए मुस्तफा के पदाधिकारी हैं। उन्होंने देखा की थाना इज्जतनगर के नगरिया कला निवासी विशाल सागर नाम के युवक ने अपनी फेसबुक आइडी पर धर्म के खिलाफ गलत टिप्पणी कर माहौल को बिगाडने का प्रयास किया। युवक ने इस तरह की पोस्ट कर मुस्लिम धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाई है। उनकी तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आंधी में गिरा लेंटर, एक की मौत 6 घायल

**बरेली ।** बुधवार की रात को आंधी में लेटर गिर जाने से 7 लोग दब गए जिसमें एक की मौत हो गई सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधिकारियों ने घायलों को अस्पताल भेजा एक की मौत हो गई शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक के भाई चिरंगीलाल ने बताया कि बुधवार के रात्रि में आंधी आई थी पहले दीवार गिरी उसके बाद भरभरा कर लेटर गिर गया जिसमें जब 42 वर्षीय जयपाल पुत्र रामलाल, जयपाल की पत्नी 40 वर्षीय बिपन , 19 वर्षीय लाली , 21 वर्षीय काजल , डेढ़ वर्षीय प्रज्ञा , 10 वर्षीय रूपेश सभी लेंटर के नीचे दब गए गांव में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए पुलिस ने जेसीबी बुलाकर लेटर को हटाया और घायलों को अस्पताल पहुंचा डॉक्टर ने जयपाल को मृत घोषित कर दिया । बिपन , लाली , काजल , प्रज्ञा , रूपेश घायल हो गए घायलों को अस्पताल भेजा पुलिस ने जयपाल के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

# आज बच्चों के साथ शिक्षक भी करेंगे योग

विश्ववार्ता संवाददाता

» गर्मी की छुटियों के बीच योग करने केलिए खोले जाएंगे सभी स्कूल

» सुबह छह बजे से आठ बजे तक मनाया जाएगा योग दिवस



**बरेली।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए डीएम रविन्द्र कुमार ने समस्त विभागाध्यों को निर्देशित कर योग दिवस को सफल बनाने केलिए स्वस्थ्य तन केलिए योग जरूरी है। शासन के निर्देश पर आज 21 जून को योग दिवस के अवसर पर गर्मी की छुटियों के बीच सभी स्कूलों में योग दिवस बनाने के निर्देश दिए है। जिससे कल योग करने के लिए सभी स्कूल कालेजों को खोला जाएगा। शिक्षकों के साथ ही छात्र छात्राएं भी योग दिवस में शामिल होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर देशभर में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। सफल बनाने केलिए पन्द्रह जून से योग दिवस केलिए तैयारियां शुरू कर ली गई थी। डीएम रविन्द्र कुमार के निर्देशन सभी सरकारी दफ्तरों के अफसर और कर्मचारियों को भी योग करने के निर्देश दिए जा चुके है। स्पोर्टस स्टेडियम और गांधी उद्यान में प्रमुख रूप से योग किया जाएगा यहां पर अफसर,कर्मचारी केसाथ ही सांसद,विधायक नेतागण भी योग करते देखे जाएंगे।

**विश्वविद्यालय-डिग्री कालेज में होगा योग**-अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी और बरेली कालेज सहित सभी महाविद्यालयों में योग दिवस उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए कुल सचिव ने सभी महाविद्यालयों के प्रचार्यो को निर्देश दिए है।

**राज्यपाल के निर्देश,योग सर्टिफिकेट दिखाने पर ही मिलेगे डाउनलोड होंगे प्रवेश पत्र**-योग दिवस पर सभी छात्र छात्राओं केलिए योग जरूरी कर दिया है योग सर्टिफिकेट दिखाने पर ही प्रवेश पत्र डाउनलोड हो सकेंगे। इसकेलिए विश्वविद्यालय केसाथ ही महाविद्यालयों में भी योग करने की व्यवस्था की जा रही है।

**साफ सफाई पर विशेष ध्यान**-अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस केअवसर पर स्टेडियम,गांधी उद्यान सहित स्कूल कालेजों में होने वाले योग केमौके पर साफ सफाई का विशेष व्यवस्था रखी गई है। डीएम ने नगर आयुक्त निधि वत्स गुप्ता को निर्देशित किया था। डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देशित कर तहसीलवार योग दिवस को सफलतापूर्वक बनाने के निर्देश दिए है।

**योग दिवस पर छात्र-छात्राओं को वितरण होंगे फल, मिठाई**-शासन केनिर्देश पर शतप्रतिशत लोग योग में शामिल होने की पहल की गई है। स्कूल कालेजों में योग दिवस होने केपश्चात छात्र छात्राओं को मिठाई और फल का भी वितरण कराया जाएगा। सभी स्कूली बच्चों को अवगत कराया जा रहा हैऔर अभिभावकों को भी शमिल होने की बात कही गई है।

## अधिकारियों की तानाशाही से नाराज आईवीआरआई के रिटायर्ड कर्मचारी

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** उत्तराखंड संस्कृतिक भवन राजेंद्र नगर में आईवीआरआई के रिटायर्ड कर्मचारियों की एक सभा संपन्न हुई। इस सभा में मेडिकल संबंधी बिलों और उसके नियमों में हुए बदलाव पर विशेष चर्चा की गई। सभा में संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और वित्त एवं लेखाधिकारी के रवैया पर खासी नाराजगी जताई गई। वक्ताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा की दोनों अधिकारियों के तानाशाही तौर तरीके की वजह से रिटायर्ड कर्मचारियों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। समस्याओं को सुलझाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जो आगे की संघर्ष की भूमिका तय करेगी। इस कमेटी में संरक्षक जी एन शर्मा अध्यक्ष राजीव गुप्ता जीडी अमोल मुन्ना पाठक आलोक माथुर मोहम्मद वसीम सत्यवीर चौहान राकेश शर्मा श्रीमती रंजना गुप्ता वीके सिंह वी आर राठौड़ी जाकिर हुसैन विनोद जोशी एस नेगी का चयन किया गया। कर्मचारियों ने यह भी कहा की जो संस्थान में नियुक्ति के समय मेडिकल बिल्कुल फिट थे आज इनमें से कई कर्मचारी कैंसर डायबिटीज हाइपरटेंशन थायराइड जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित है।

## वाहन चोर गिरोह का भण्डाफोड़

» 3 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार जलालाबाद से चोरी किये गये 2 ट्रैक्टर, 2 ट्राली बरामद



**जलालाबाद/शाहजहांपुर।** 25 फरवरी को मण्डी समीति से चोरी हुये स्वराज 744 एक्स टी रजिस्ट्रेशन नम्बर यूपी 27 बीएच 4497 के सम्बन्ध मे ट्रैक्टर स्वामी आरेन्द्र सिंह चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना उ.नि. जितेन्द्र सिंह कर रहे थे। इसके बाद 11 मार्च को सरैया मोड से सोनाली का ट्रेक्टर यूपी 27 एई 4593 के सम्बन्ध में थाना मदनापुर में अज्ञात मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ.नि. धर्मेन्द्र कुमार कर रहे है वाहन चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण करने एवं इन पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर द्वारा कडे निर्देश दिये गये जिनके अनुपालन मे घटनाओं को रोकने एवं अनावरण हेतु टीमों का गठन किया। जिसके उपरान्त दिनांक 09.06.2024 को 03 वाहन चोरों को गिरफ्तार कर थाना क्षेत्र से चोरी गयी ईकों, बुलैरों, मोटर साईकिल बरामद की गयी थी शेष बचे अभियुक्तों की तलाश एवं ट्रैक्टरों व ट्रालियों की बरामदगी हेतु थाना पुलिस लगातार प्रयासरत थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विमलेश उर्फ राजू उर्फ महात्मा निवासी ग्राम खजुआ थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को मोहम्मदी से स्वराज 744 एक्स टी रजिस्ट्रेशन नम्बर UP 27 बीएएच 4497 मय ट्राली गिरफ्तार कर लिया।

## साहब भीषण गर्मी है, कब आयेगी बिजली

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** प्रचंड गर्मी के बीच लोगों का जीना मुहाल हो गया है। रविवार, सोमवार व मंगलवार को बरेली में सुभाषनगर उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में सात घंटे तक कटौती की गई। किला, शाहदाना, हरुनगला उपकेंद्रों से जुड़े इलाकों में भी लोकल फॉल्ट, बंच केबल जलने और ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण तीन से चार घंटे बिजली आपूर्ति ठप्प रही। इससे शहर में लगभग 90 हजार से ज्यादा उपभोक्ता प्रभावित हुए। वहीं ट्रांसमिशन उपकेंद्र सीबीगंज से आने वाली 33केवी लाइन में दोपहर करीब 12:30 बजे तकनीकी फाल्ट आने से सुभाषनगर के साथ ही मीरगंज उपकेंद्र की सप्लाई ठप्प हो गई। कई प्रयास के बाद लाइन चालू न होने पर टीम ने फाल्ट की तलाश शुरू की, तब सीबीगंज स्थित नहर के निकट हाईटेंशन लाइन का फाल्ट मिला। इस दौरान जागृति नगर, तिलक कालोनी, विश्वनाथ पुरम, बदायूं रोड, अनुपम नगर, तिलक कालोनी, पटेल विहार समेत आसपास के इलाकों में करीब 4:30 घंटे अधिक समय तक उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं को बिजली चालू होने का इंतजार करना पड़ा। भीषण गर्मी के बीच इन दिनों बिजली की खपत बढ़ गई है। इससे ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफार्मर और बंच केबल जवाब दे रहे हैं। लोकल फॉल्ट के सबसे ज्यादा मामले बंच केबल जलने के कारण हो रहे हैं। ट्रांसफार्मरों के जंपर उड़ने, केबल जलने और ट्रांसफार्मर फुंकने के मामले भी रविवार, सोमवार व मंगलवार को बढ़ गए। सबसे ज्यादा समस्या पुराना शहर के इलाकों में रही। सिटी मंडी रोड पर भी बंच केबल जलने से आपूर्ति प्रभावित हुई। कुदेशिया में लाइन टूटने से आपूर्ति प्रभावित हुई। बंच केबल जलने के सबसे ज्यादा मामले किला, कुतुबखाना, सुभाषनगर, हरुनगला उपकेंद्र के इलाकों में आ रहे हैं।

## ट्रैफिक कर्मियों का हुआ सम्मान

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** हिंदू साम्राज्य दिवस के उपलक्ष में हिंदू साम्राज्य समूह द्वारा बरेली महानगर में समूह के दुर्गेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का सम्मान किया गया।

दुर्गेश कुमार गुप्ता ने बताया कि भीषण गर्मी होने पर अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बगैर राहगीरों को ट्रैफिक सुविधा हेतु सुरक्षा देते है,

दुर्गेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आज हिंदू साम्राज्य दिवस के उपलक्ष में हिंदू साम्राज्य समूह के कार्यकर्ताओं ने शहर के ट्रैफिक कर्मियों का सम्मान किया है संगठन इसी प्रकार आगे भी समाज में जागरूकता हेतु कार्यक्रम करता रहेगा ,संगठन के कार्यकर्ता ने पटेल चौक पर एकत्र होकर सीओ सिटी पंकज श्रीवास्तव एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनीष शर्मा के साथ ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को ठंडे पानी का थरमस गमछा पानी की बोतल एवं जलपान देकर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का सम्मान किया है।

कार्यक्रम में नरोत्तम दास जितेंद्र अग्रवाल राजीव गुप्ता सिद्धार्थ सक्सेना मनीष राहुल गंगवार विवेक अग्रवाल अतुल अग्रवाल रंजन दीक्षित राकेश भारती सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

विश्ववार्ता संवाददाता



**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ई-श्रम कार्ड धारकों की दुर्घटना मृत्यु एवं विकलांगता के सापेक्ष अनुग्रह राशि के भुगतान हेतु जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एक्स-ग्रेशिया योजना के अन्तर्गत प्राप्त दावों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिये। बैठक में नासिर खान, सहायक श्रमायुक्त, ने अवगत कराया कि जनपद शाहजहाँपुर में 31.03.2022 से पूर्व पंजीकृत ई-श्रम कार्डधारक व दिनांक 31.03.2022 से ही पूर्व घटित दुर्घटना में मृतक 07 ई-श्रम कार्डधारकों के वारिसों द्वारा उक्त योजनान्तर्गत्त 07 आवेदन पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किए गये हैं। जिनका निस्तारण उक्त समिति के दिशा-निर्देशानुसार किया जाना है। जिलाधिकारी ने प्राप्त आवेदन पत्रों की अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), शाहजहाँपुर के माध्यम से जांच कराते हुये दावों को प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ अपराजिता सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरके गौतम, आदि उपस्थित रहें।

## सपा सरकार में लोगों को भरपूर नौकरियां मिलीं

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** समाजवादी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल गुरुवार को राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की जयंती समारोह कार्यक्रम मैं पहुंचे। उन्होंने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी तथा भाईचारे को कायम रखने के कदम उठाए। उन्होंने कहा कि बरेली के लोगों ने बहुत सहयोग किया। बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा भाजपा के पूर्व शासन काल में संविधान और लोकतंत्र खतरे में रहा, तमाम शोषितों वंचितों का जो अधिकार मिलना चाहिए उसे अधिकार को बेचकर पूंजीपतियों के हाथ में सौंप दिया,इन तमाम मुद्दों को लेकर हम लोगों का सम्मेलन था जो विचार अहिल्याबाई होल्कर के हैं।

पेपर लीक मामले में उन्होंने कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो लोगों को भरपूर नौकरियां मिली। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में एआरओ, आरओ,पुलिस की भर्ती ,नीट सभी के पेपर लीक हुए, नौजवान अपनी डिग्रियां फाड़ कर फांसी पर चढ़ जा रहे हैं,मगर इस बार उत्तर प्रदेश के किसानों ने नौजवानों ने महिलाओं ने

» लोग नौकरियां नहीं पा रहे हैं किसान आत्महत्या कर रहे है

सब ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भारतीय जनता पार्टी को मुंह की खानी पड़ी। यह बात अलग है कि हम सरकार में नहीं आ पाए मगर विपक्ष इतना मजबूत है कि हम भारतीय जनता पार्टी की कोई भी गलत बात को चलने नहीं देंगे। और अगर समाजवादी पार्टी की आगे सरकार आती है तो अखिलेश यादव ने पूर्ण विश्वास दिलाया है कि आगे पेपर लीक की ऐसी व्यवस्था की जाएगी जिससे कि पेपर लीक ना हो और नौजवानों को रोजगार मिल सके।

2014 में भाजपा की सरकार आई थी तो उनका फूल महिलाओं को पहनाकर उनका स्वागत किया गया था, उन्होंने अपने घोषणा पत्र में 2 करोड़ रोजगार देने का वायदा किया गया था ,15-15 खाते रुपए खाते में देने का वायदा किया गया था, मगर उनका पूरा घोषणा पत्र खोखला निकला ,लोग नौकरियां नहीं पा रहे हैं किसानों ने आत्महत्या की है इसमें पूरी तरीके से सरकार दोषी है।

प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने बिहार में ओबीसी आरक्षण को खत्म करने को लेकर कहा कि हमारी सरकार में जो राम मनोहर लोहिया का सपना था उसको पूरा किया जाएगा। देश में जाति जनगणना हो और इस आधार पर लोगों को आरक्षण मिले।

## श्री तिरुपति बाला जी मंदिर में मनाया 54 वां वार्षिकोत्सव

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** श्री तिरूपति बाला जी मंदिर में आज 54 वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तजनों का सैलाब उमड़ने लगा। शहर के अलावा आसपास के जिलों से भी कई भक्तजन इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मंदिर के मुख्य पुजारी और सेवादारों ने पूरे विधि विधान से भगवान वेंकटेश्वर की पूजा तथा हवन आदि सम्पन्न कराए हैं। मंदिर की ट्रस्टी श्रीमती गायत्री एपी सिंह और प्रबंधक विपुल सिंह, प्रमुख सेवादारों आर.ए. शर्मा, विपिन शर्मा ने बताया कि दक्षिण भारत के प्रकाण्ड पंडित वी. रंगनाथ आचार्य की अगुआई में पूजा कार्यक्रम दक्षिण भारत पद्धति से पूरे विधि विधान से सम्पन्न कराए गए हैं।

मंदिर मे पूजा का कार्यक्रम सुबह छ बजे शुरू हुआ जब सुप्रभातम् मंत्रोच्चार के जरिये देव प्रतिमाओ को जगाया गया। इसके बाद पुजारियो ने सभी देव प्रतिमाओ को घी ,दही ,शहद और गंगाजल आदि से स्नान कराया। सभी देव प्रतिमाओ का श्रृंगार किया गया। मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर की मुख्य प्रतिमा के समक्ष यज्ञ कर विश्व कल्याण और भक्तो की मनोकामनाओ की पूर्ति की प्रार्थना की गई। इसके बाद मंदिर में पूजा, अर्चना और आरती का आयोजन करके प्रसाद वितरण किया गया।

मंदिर के पुजारी मध्यम कुमार पाण्डेय ने बताया कि देश के तीर्थ स्थलो में आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की सीमा पर बसे तिरूपति का बहुत ज्यादा महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु कभी इसी स्थान पर पृथ्वी पर आए थे। यहॉ तिरूमाला की सात पर्वत श्रंखलाओं को पार करने के बाद भक्तजन भगवान वेंकटेश्वर (विष्णु) के मंदिर में पहुंचते हैं। मान्यता है कि मंदिर के गर्भगृह में स्थित भगवान वेंकटेश्वर की प्रतिमा स्वयंभू है, जिसके दर्शन मात्र से मानव का कल्याण हो जाता है। उत्तर प्रदेश मे भगवान वेंकटेश्वर के गिने चुने मंदिर है जिनमे बरेली का यह मंदिर भी शामिल है। इसकी स्थापना 54 साल पहले 1970 में यहॉ बसे दक्षिण भारत मूल के लोगो ने करायी थी। मंदिर का वास्तु शिल्प भी दक्षिण शैली का है। मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के अलावा श्री गणपति, अण्डाल देवी, पद्मावती देवी, दुर्गा माता, राधा कृष्ण, भोलेनाथ, बजरंगबली, शनि देवता और देवगुरू ब्रहस्पति के मंदिर भी इसी मंदिर परिसर के अंदर बने हैं। इस क्षेत्र का यह अकेला ऐसा मंदिर है जहॉ उत्तर और दक्षिण भारतीय दोनो मिलजुल कर पूजा पाठ और आराधना करते है। वार्षिकोत्सव के मौके पर उमड़े भक्तों का सैलाब भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन करके अपने को धन्य महसूस कर रहे थे। शहर के इस 54 साल पुराने मंदिर के प्रति लोगों की दिनोंदिन आस्था बढ़ रही है। इस बार मंदिर में अभूतपूर्व उमड़ी भीड़ के लिए कई भक्तों की ओर से शरबत वितरण और भण्डारे आदि के स्टॉल भी मंदिर परिसर में लगाए गए थे। मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कराई जाने वाली 'कल्याणम पूजा' में भी इस बार बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। आचार्य वी रंगनाथ ने बताया कि इस पूजा में भगवान वेंकटेश्वर का देवी पद्मावती और भूदेवी से विवाह सम्पन्न कराया गया। इसके बाद देव प्रतिमाओं की मंदिर परिसर में ही झांकी निकाली गई। इसके बाद भगवान वेंकटेश्वर और देवियों की प्रतिमाओं को झूले में रखकर भक्तों ने बड़े प्यार से झुलाया। आरती के बाद सांयकालीन सत्र समाप्त हुआ। आचार्य वी रंगनाथ ने यह भी बताया कि कल्याणम पूजा को सिर्फ देखने भर से मानव के इस जन्म और पिछले कई जन्मों के पापों का शमन होने की मान्यता है।

सांसद छत्रपाल गंगवार, अनिल सक्सेना, अधीर सक्सेना, गुलशन आनंद, देवेंद्र जोशी, पार्षद शशि सक्सेना आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## वीआईपी ग्रुप ने वृक्षारोपण की मुहिम में 6 संयोजक नियुक्त किये

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** वृक्षों के लगातार कटने के कारण तापमान बढ़ने और जल स्तर में गिरावट से भविष्य में मानव जीवन पर आने वाले संकट की सम्भावनाओं को ध्यान में रखकर वीआईपी वाट्सएप ग्रुप द्वारा पिछले कई वर्षों से चल रहे वृक्षारोपण की मुहिम को और तेज करते 6 संयोजक नियुक्त कर वृक्षारोपण वृहद स्तर पर करने की रणनीति तय की गई। वीआईपी ग्रुप द्वारा आगामी बरसात माह में होने वाले पौधरोपण के मद्देनजर गुरुवार को पौधारोपण मुहिम के प्रभारी ज्योति गुप्ता व प्रगतिशील किसान महेंद्र कुमार दुबे की सहमति व ग्रुप के क्रियेटर अभिनय गुप्ता के दिशा निर्देश पर ग्रुप की अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने पौधारोपण की मुहिम को गति प्रदान करने के उद्देश्य से 6 संयोजक मनोनीत किये। मनोनीत किये गए कार्यक्रम संयोजकों में ग्रुप की 3 महिलाएं रिद्धि बहल, नुज़हत अंजुम व मोना गांधी खुराना एवं 3 पुरुष अनिल गुप्ता (प्रधान) विजय मिश्रा (चुकन्नी) व एडवोकेट अनूप कुमार को पौधारोपण कार्यक्रम का संयोजक मनोनीत किया। ग्रुप के वरिष्ठ महासचिव डॉ. हेमेन्द्र वर्मा के अनुमोदन पर ग्रुप के क्रियेटर अभिनय गुप्ता ने पौधारोपण कार्यक्रम में बतौर विशेष आमन्त्रित सदस्य शालू यादव को मनोनीत किया। बता दें कि शालू यादव जिनकी पढाई राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली से पूरी हुई, फिर 2007 से रंगमंच की शुरुआत 'अभिव्यक्ति' परिवार के द्वारा हुईं , एक रियालिटी शो भी किया, बतौर प्रोफेशनल अभिनेत्री की तरह रंग मंडल में तथा कई धारावाहिक, नाटकों में भी काम किया। अभिनय के अलावा योग, अध्यात्म से भी जिनका गहरा लगाव है।

**व्यवधान** बाकरगंज, कर्मचारीनगर में 12 घंटे बाद भी दुरुस्त नहीं हुई सप्लाई

# तेज आंधी-पानी से चरमराई बिजली व्यवस्था

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** बुधवार शाम को हुई हल्की बूंदाबांदी और तेज आंधी ने मौसम में तो हल्की सी नर्मी ला ही दी है। लेकिन इस हल्की बूंदाबांदी और आंधी के कारण एक बार फिर बिजली विभाग की कलई खुल गई है। दरअसल पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से बिजली विभाग के तमाम दावे तो फेल होते हुए नजर आते ही रहे हैं। और बिजली आपूर्ति को बिजली विभाग के अधिकारी लगातार दुरुस्त करने में लगे रहे। लेकिन यह काम वह अधिकारी अपने एसी चेंबरों में बैठकर करते हुए दिखाई दिए। किसी भी अधिकारी को जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए नहीं देखा गया। और न ही कर्मचारियों का निरीक्षण करते हुए पाया गया। जिस कारण कर्मचारी भी अपनी मनमानी करते हुए दिखाई दिए। जब अधिकारियों से इस बाबत कोई भी जानकारी ली जाती है तो वह रटी रटाई भाषा का प्रयोग ही करते हुए दिखाई देते हैं। बिजली आपूर्ति को लेकर चाहे बिजिलेंस के अधिकारी हों या फिर अधीक्षण अभियंता सभी एक ही बात कहते हुए दिखाई देते हैं कि बिजली की आपूर्ति की मांग अधिक होने के कारण यह समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है कम बिजली होने के कारण ओवरलोडिंग की समस्या उत्पन्न होती है जिसकी वजह से बिजली आपूर्ति बाधित होती रहती है।

जब बिजली के अधिकारियों को यह मालूम है कि उनके पास क्षमता से कम बिजली है तो उसके लिए वह पहले से कार्य क्यों नहीं करते और जितनी मांग है उसकी व्यवस्था के लिए शासन स्तर पर डिमांड क्यों नहीं करते, जिससे संसाधन जुटाए जा सके और आम लोगों की समस्या का समाधान हो सके। लेकिन जिले में बिजली की कोई कमी नहीं है, हां बस कमी है तो केवल और केवल ओवरलोडिंग की और वह भी ओवरलोडिंग इसलिए हो रही है क्योंकि जहां पर ४ किलोवाट से ५ किलोवाट का कनेक्शन होना चाहिए वहां पर २ किलोवाट का ही कनेक्शन है इसी के साथ घरेलू कनेक्शन के सहारे कमर्शियल दुकानों पर बिजली जलाई जा रही है। जिसका कोई संज्ञान लेने के लिए तैयार नहीं। और जहां पर बिजली की आपूर्ति होनी चाहिए वहां आपूर्ति न करके ऐसी जगह पर आपूर्ति की जा रही है जहां पर बिजली चोरी बहुतायत होती है। क्योंकि उन इलाकों में बिजली विभाग के कर्मचारियों की सांठ गाँठ जो ठहरी। जहां पर बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों के घर या उनकी सेटिंग वाले क्षेत्र हैं उन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति वदस्तूर जारी है। और जिन इलाकों में आम लोग अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई से बिजली बिल का भुगतान समय से करते हैं वह अंधेरे और भीषण गर्मी का तंज सहने के लिए मजबूर है।

**बूंद-बूंद पानी को तरसे**-देर रात आई आंधी-पानी से जहां पूरे शहर की सप्लाई बाधित हो गई,लेकिन आंधी के थमते ही कुछ क्षेत्रों में सप्लाई शुरू हो गई,लेकिन ग्रीन पार्क, खुश्बू इंक्लैव, वंडिया, सीबीगंज, कटरा चांद खां, कर्मचारीनगर सहित कई क्षेत्रों में सुबह १० बजे तक सप्लाई दुरूस्त न हो सकी,जिसकी वजह हजारों लोगो को पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसते दिखे। रोंजमर्रा के काम निपटाने के लिए लोग घरों के बाहर लगे हैण्डपम्प से पानी भरकर लाते दिखे।

**वर्जन**-देर रात आये आंधी-पानी से हरूनगला, सीबीगंज, परसाखेड़ा, शाहदाना उपकेन्द्र के अन्तर्गत कई जगह तार टूटने से बिजली व्यवस्था चरमरा गई थी,जिसे दुरूस्त कराकर सप्लाई शुरू कर दी गई है।

**एपी वशिष्ठ,नगरीय अधीक्षण अभियंता,बरेली।**

## किसान एकता संघ के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम का आभार जताया

**बरेली।** जिले की सूखी हुई नहरो में पानी छोड़ दिए जाने पर किसान एकता संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी रविन्द्र कुमार को धन्यवाद पत्र सौंप कर आभार जताया। पिछले दिनों किसान एकता संघ ने किसानों की सूख रही फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर जिला अधिकारी बरेली को मांग पत्र दिया था। जिसका जिला अधिकारी बरेली ने तत्काल संज्ञान लिया। जिसके फल स्वरुप नहर खंड विभाग द्वारा कल बरेली जिले की अधिकांश नहरे में पानी छोड़ दिया गया है। मांगे पुरी होने से खुश किसान एकता संघ ने आज जिला अधिकारी बरेली को मिलकर धन्यवाद दिया और आभार जताया। किसान नेता डॉ रवि नागर ने बताया की नहरो में पानी न होने के कारण जिले भर का किसान दुखी था जिलाधिकारी महोदय के संज्ञान में आने पर नहर खंड अधिकारियों ने कल अधिकाश नहरो में पानी छोड़ दिया गया।

## बच्चों के विवाद में बुजुर्ग को गोली मारी, हालत गंभीर

विश्ववार्ता संवाददाता

» पुलिस ने परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने केबाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है

**बरेली।** बच्चों के विवाद में झगड़ा इतना बडग़या कि दबंग ने बुजुर्ग को गोली मार दी। गोली लगने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताई है। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद से आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने केबाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना फतेहगंज पश्चिमी के गांव शिवराजपुर निवासी ६१ वर्षीय पप्पू पुत्र ओमकार के परिजनों ने बताया। बुधवार की शाम पड़ोसी विकेस के बच्चों से उनके बच्चों का विवाद हो गया। जिसके बाद पप्पू बच्चों के झगड़े को शांत कराने पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर धावा बोल दिया। सभी ने पप्पू के परिवार पर हमला कर दिया। इस दौरान हाथ में तमंचा लहराते हुए आव विकेश ने फायरिंग कर दी। गोली पप्पू केपैर में जा लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो कर वहीं गिर गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। परिवार के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पप्पू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत नाजूक बताई जा रही है। परिवार के लोगों ने आरोपियों के खिलाफ थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर दे दी है।

## एक नजर

### मुख्य उद्यान विशेषज्ञ ने किया आम के बाग का निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** जनपद के विकास खण्ड कुण्डा में आम के बागों की बैगिंग का कार्य कराया गया था। मुख्य उद्यान विशेषज्ञ औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र खुशरूबाग प्रयागराज कृष्ण मोहन चौधरी द्वारा बैगिंग की हुई बाग का निरीक्षण किया गया। अजय सिंह ग्राम महराजपुर ब्लाक कुण्डा के 2 हेक्टेयर आम की बाग में बैगिंग हुआ था। परिणामतः फल बेदाग एवं उच्च गुणवत्ता का प्राप्त हुआ है जिसकी कीमत बाजार में सामान्य आम के फल की तुलना में दोगुना प्राप्त हो रहा है। बैगिंग किये हुये आम के फलों को कुण्डा, प्रतापगढ़ से दुबई निर्यात करने की तैयारी चल रही है। यह जानकारी जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा दी गयी है।

### एसपी ने थाने में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी

**उरई जालौन।** पुलिस अधीक्षक जालौन डा इराज राजा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअली जनसुनवाई कर थानों/कार्यालयों में आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । अपर पुलिस अधीक्षक व झेत्राधिकारी, व थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। कि फरियादियो की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाय। और उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना जाए।

### 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का पुलिस लाइन में योगाभ्यास

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि दिनांक 21 जून को 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का जनपद स्तर पर पुलिस लाइन परिसर में प्रातः 6 बजे से वृहद योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास कराये जायेगें एवं उसके लाभों के बारे में जानकारी दी जायेगी। उन्होने जनपद स्तर पर पुलिस लाइन में 21 जून को आयोजित होने वाले दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों, व्यापारियों, जनपदवासियों व अन्य सम्भ्रान्त लोगों से अपील करते हुये कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोग में प्रतिभाग करें और योग से होने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त करें। इसके अतिरिक्त 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हेल्थ वेलनेस सेन्टर, विकास खण्डों, अमृत सरोवरों, पंचायत भवनों व स्कूलों आदि स्थानों पर सामूहिक रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम कराये जायेगें।

### वन दरोगा ने रेंजर पर लगाये गंभीर आरोप

**भरुआ सुमेरपुर।** उप प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा सुमेरपुर रेंज के बीज सत्यापन से लौटने के बाद वन दरोगा ने क्षेत्रीय वनाधिकारी पर अभद्रता करने, जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने और गाली गलौज करने का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग की है। प्रभागीय वनाधिकारी सहित सहायक वन कर्मचारी संघ को भेजी शिकायत में वन दरोगा जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि उप प्रभागीय वनाधिकारी एके श्रीवास्तव द्वारा रेंज के बीज सत्यापन के दौरान क्षेत्रीय वनाधिकारी इफ्तिखार खान को बीज कम क्रय करने पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही गई थी। उनके लौटते ही क्षेत्रीय वनाधिकारी ने उनके साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज की और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। आम जनमानस में बेइज्जत किए जाने से वह मानसिक रूप से दुखी महसूस कर रहे हैं। वन दरोगा ने उच्च अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की है। इस मामले में क्षेत्रीय वनाधिकारी ने बताया कि उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं। काम के सिलसिले में बात करने पर वन दरोगा ने उनके ऊपर मनगढ़ंत आरोप लगाए हैं।

### नदी में डूबने से तीन की मौत

**हमीरपुर।** आज सुबह समय करीब 10 बजे, ग्राम पौथिया थाना ललपुरा के 1.हर्षित पुत्र कालका प्रसाद (उम्र करीब 13 वर्ष), गोलू उर्फ रोहित पुत्र आशाराम (उम्र करीब 9 वर्ष) व अभि पुत्र केश कुमार (उम्र करीब 8 वर्ष) बेतवा नदी में नहाते समय डूब गए। परिजनों के द्वारा बच्चों को जिला अस्पताल हमीरपुर में इलाज हेतु भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों के द्वारा उपरोक्त तीनों बच्चों को मृत्यु घोषित कर दिया गया। थाना ललपुरा पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामाध पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रचलित हैं।

### आर्य समाज के तत्वावधान में होगा योगा

**भरुआ सुमेरपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को आर्य समाज के तत्वाधान में योग पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आर्य वीर दल के प्रांतीय संचालक डा. विवेक आर्य व आर्य समाज के मंत्री प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6 बजे से आर्य समाज सत्संग भवन के सामने बने प्रांगण में योग के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने नगरवासियों से इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का आवाहन किया है।

### एक दूसरे के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के मौहर गांव में दो भाइयों द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाकर मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन-तीन लोगों को नामजद करके मुकदमा दर्ज किया है। मौहर गांव निवासी राम आसरे ने तहरीर देते हुये बताया है कि जब वह ट्यूबवेल जा रहा था तभी उसके भाई रामसजीवन ने शिवविशाल व रजनी के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की है। इसी तरह रामसजीवन ने तहरीर देकर कहा है कि पानी भरते समय बब्बू, गोविंदा व बिटुलिया ने मिलकर उसके साथ मारपीट की है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### मोटरसाइकिल चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बांदा।** गुरूवार को थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि कस्बा बिसण्डा के रहने वाले विनय सिंह द्वारा 18 जून को थाना बिसण्डा पर सूचना दी गई कि 17 जून 24 को गहबर थोक कस्बा बिसण्डा से उनकी मोटरसाइकिल किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गयी। इस सम्बन्ध में थाना बिसण्डा पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में आज थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ बबेरु रोड पुलिया के पास कस्बा बिसण्डा से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम घनश्याम उर्फ बउवा कोरी पुत्र मोतीलाल निवासी देवीनगर कस्बा व थाना बिसण्डा जनपद बांदा है।

# गौचर की जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर बनाये पक्के मकान

» अधिकारियों की लापरवाही के चलते नहीं खाली हो पा रही गोचर की जमीन

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बांदा।** गौरक्षा हेतु गौचर के लिये पडी जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है। जिससे गौचरों के लिये समस्या उत्पन्न हो गयी है। खाली कराने के लिये कई बार अधिकारियों को जानकारी दी गयी और लिखित शिकायत की गयी लेकिन अधिकारियों ने जमीन से माफियाओं के कब्जा हटाने पर कोई कार्यवाही नहीं की। इसी मामले को लेकर गुरूवार को विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति अपनी टीम के साथ ग्राम पंचायत के तिंदवारा मैं गोचर की जमीन की जानकारी प्राप्त होने के अनुसार वहां पहुंच कर देखा गया कि लगभग 80 प्रतिशत जमीन पर कब्ज हो चुका है ग्रामीणों ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों का अवगत कराया है लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई है सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। जमीन की गाटा संख्या 3126 है जो कि इस जमीन को लेकर कई बार शिकायत की गई है अगर इस जमीन पर अवैध कब्जा नहीं हटाया जाता यहां की जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री से उचित कार्रवाई के लिए मांग की जाएगी। जो कि लगातार मुख्यमंत्री के द्वारा आदेशित किया जा रहा है कि गोचर की जमीन खाली करवाई जाए। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ पैसे की लालच में आकर कोई जमीन नहीं खाली करवा रहे हैं।

## नये कानून के विरोध में अधिवक्ताओं ने बैठक कर संघर्ष तेज किया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** नये परिवर्तित कानून के सम्बन्ध में जिला अधिवक्ता संघ द्वारा चलाये जा रहे आन्दोलन को तेज गति देने के लिये गुरूवार को चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा जनपदों व तहसील सरीला के अध्यक्ष महासचिव आदि पदाधिकारियों ने जिला अधिवक्ता संघ बांदा में बैठक कर संघर्ष व प्रभावी मुहिम को शंखनाद किया है। अधिवक्ताओं द्वारा इस रणनीति को मुहिम तक ले जाने की सभी पदाधिकारियों ने रणनीति तय की है जिसमें बांदा बार के पूर्व अध्यक्ष रामस्वरूप सिंह, जयकरन सिंह, पूर्व महासचिव, रीना कनौजिया, साधना द्विवेदी, राजबहादुर, सोभेलाल, साधना कोटार, विशम्भर सिंह, कमल सिंह, गणेश प्रसाद सोनी, दिनेश कुमार आदि शुक्रवार को 9 बजे से क्रमिक अनशन में बैठकर धरना देंगे। धरना में सभी अधिवक्तागण सरकार के विसंगत कानून को 1 जुलाई से न लागू किये जाने का जनजागरण कर सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। 21 जून को जिला



अधिवक्ता संघ बांदा के समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहकर अनशन को गति प्रदान करेंगे। बार संघ बांदा के अध्यक्ष अशोक दीक्षित और महासचिव रामप्रकाश शिवहरे ने मंडल के जनपदों व बाहर से आये अध्यक्ष महासचिव का सहयोग प्रदान करने के लिये साधुवाद दिया।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना का उठायें लाभ, 2 जुलाई तक करें आनलाइन आवेदन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राम करन दूबे ने बताया है कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना (एम0एम0जी0आर0आई0) वर्ष 2024-25 हेतु ऋण आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिये मुख्यालय लखनऊ से लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजनान्तर्गत अधिकतम ऋण सीमा रूपये 10 लाख निर्धारित है।

वित्त पोषण की व्यवस्था सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों के माध्यम से कराये जाने का प्राविधान है। योजना के अन्तर्गत पूंजीगत ऋण धनराशि पर ब्याज उपादान भुगतान की व्यवस्था है जिसके अन्तर्गत सामान्य वर्ग के पुरूष अभ्यर्थी को पूंजीगत ऋण पर 4 प्रतिशत ब्याज भुगतान करना पड़ता है तथा शेष ब्याज का भुगतान ब्याज उपादान के रूप में किये जाने का प्राविधान है एवं महिला तथा अन्य आरक्षित वर्ग हेतु ब्याज की सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान विभाग द्वारा किया जायेगा।

योजना के अन्तर्गत सामान्य वर्ग के लाभार्थी को प्रोजेक्ट कास्ट का 10 प्रतिशत एवं महिला तथा अन्य आरक्षित वर्ग हेतु 5 प्रतिशत अंशदान प्रोजेक्ट में स्वयं लगाना अनिवार्य है। ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार/परम्परागत कारीगर एवं आईटीआई आदि योग्यता धारण करने वाले अभ्यर्थी दिनांक 02 जुलाई 2024 तक आनलाइन फार्म भरकर आवेदन पत्र की हार्डकापी कार्यालय कार्य दिवस में जमा कर सकते है।

आनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किया जायेगा।

## दिव्यांगजनों को वित्तीय सहायता के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य निधि मद से जनपद में दिव्यांगजनों को वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। राज्य निधि से वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश दिनांक 14 सितम्बर, 2021 में दिव्यांगजन के हितार्थ निम्न 04 प्रकार के वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान है।उ०प्र० के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना। उ०प्र० के दिव्यांगजन जिनका खेल / ललित कला / संगीत / नृत्य / फिल्म / थियेटर / साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण (High Support Need Instrument) क्रय हेतु वित्तीय सहायता। उ०प्र० के दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा-कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हो, को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता। उपरोक्त के संदर्भ में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्राप्ति हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी जालौन, कलेक्ट्रेट कैम्पस, उरई में संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

## स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हमीरपुर।** आज संत निरंकारी सत्संग भवन हमीरपुर में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस सत्संग कार्यक्रम में आदरणीय वीरेंद्र कुमार चक जी के स्वर्गीय पिता एवं महान स्वतंत्रा संग्राम सेनानी प्रभुदयाल चक का 34वाँ श्रद्धांजलि समारोह सत्संग के माध्यम से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता संत निरंकारी मंडल के जिला संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी द्वारा की गई। संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वी०के० चक के पिता परम देश भक्त थे देश को स्वतंत्र कराने में उनका अति महत्वपूर्ण योगदान रहा है यही कारण है कि हर वर्ष आज के दिन उन्हें याद किया जाता है और प्रभु भक्त उनके पुत्र वी० के० चक की ओर से सत्संग का आयोजन किया जाता है। आज उन्ही की देन है की उनका परिवार प्रभु भक्ति में जीवन जी रहा है और उनके आदर्शो पर चलकर अपने परिवार का नाम रोशन कर रहे है। संत निरंकारी मिशन प्रभुदयाल चक जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। महात्मा जी ने आगे कहा की संत निरंकारी मिशन प्रभु परमात्मा के विराट स्वरूप की पहचान रूपी ब्रह्मज्ञान को प्रदान करता है। जब प्रेम जागता है तभी भक्ति की शुरुआत होती है सन्त निरंकारी मिशन में प्रेम ही तो जाग्रत किया जाता है प्रेम जागने से ही हम अपने जीवन को सही दिशा में लगा सकते है और परोपकार के काम आ सकते हैं । हमे समझना चाहिए कि जाति पाँति, धन संपत्ति , कुटुम्ब कबीला नही बल्कि हमारे द्वारा किये गए अच्छे काम एवं प्राणी मात्र की सेवा ही हमारा लोक परलोक सुधारते हैं। सत्संग में भाई दृ बहनों ने गीत एवं विचार के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। वी० के० चक, राजकुमारी चक एवं पूरे परिवार सहित सभी ने आभार व्यक्त करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर देवीगुलाम, अभिनेष, बहन अनूपा, बहन वंदना, बहन सुनीता निषाद , माता रानी देवी व अन्य उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत बरहा में मनरेगा जल रोधक योजना में लगाया जा रहा भ्रष्टाचार का तड़का

**विश्ववार्ता संवाददाता**





**डकोर जालौन।** डकोर विकासखंड की ग्राम पंचायत बरहा में मनरेगा जलरोक बांध में फर्जी एनएमएमएस की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी डकोर बृजकिशोर कुशवाहा जांच करने पहुंचे। तो वहां पर सभी जॉब कार्ड धारक मजदूरों को बुलाकर एक-एक कर सभी लोगों से पूछताछ तो सभी जॉब कार्ड धारकों ने बताया कि पूरा काम टैक्टरो से कराया जाता है जिसमे लेवलिंग के लिए आठ दस मजदूर ले जाकर लेवलिंग सही कराई जाती और पूरा काम टैक्टरो से कराया जाता जिसमे नरेन्द्र सिंह ने बताया कि लेवलिंग मे मैं भी जाता हू। जिसका मुझे भी भुगतान भी मिल चुका है, खंड विकास अधिकारी बृजकिशोर कुशवाहा से बात करने पर मजदूरों ने बताया की ऑनलाइन शिकायत जल रोक बांध रामअवतार के खेत से वीरेंद्र के खेत तक चल रहा है जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि ट्रैक्टर एवं मशीनों से कार्य किया गया जिसकी शिकायत मे सत्यता पाई गई और मजदूर नरेन्द्र सहित एक दर्जन से अधिक मजदूरों ने जानकारी देकर बताया कि यह निर्माण कार्य ट्रैक्टरों द्वारा कराया गया जिसकी शिकायत खण्ड विकास अधिकारी को जानकारी देकर बताई गई वही खड़े कुछ लोग लीपापोती करने मे लगे जब कि हकीकत तो मजदूरों ने स्पष्ट कर दी जिससे साबित हो गया की विकास खंड के अधिकारियो की मिली भगत से मनरेगा जल रोधक योजना मे योजना मे जमकर फर्जी बाड़ा किया गया जिसकी शिकायत होने पर मजदूरों से जानकारी की गई तो उन्होंने स्पष्ट बताया कि पूरा काम ट्रैक्टरों द्वारा किया गया जिसमे सिर्फ लेबलिंग के लिऐ मजदूर लगाकर खाना पूर्ति की जाती है अगर इसकी जांच किसी उच्च अधिकारी से कराई जाएं तो पूरे मामले की सत्यता समाने आ जायेगी और ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम मे हो रहे विकास कार्यों मे जमकर धांधली की जा रही और प्रधान के द्वारा कराए गए अन्य विकास कार्यों की उच्च स्तरीय अधिकारियों से जांच कराई जाए तो बड़ा भ्रष्टाचार का उजागर होगा वही प्रधान के गुर्गों द्वारा लीपा पोती करके मामले को दबाने का काम किया जा रहा

और शिकायतकर्ता की शिकायत को फर्जी बताया जा रहा जब कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा विडियो मे मज़दूर द्वारा बीडीओ को हकीकत बताई जा रही लेकिन ग्राम प्रधान व खंड विकास अधिकारी एक भी मानने को तैयार नहीं जब की शिकायत कर्ता का आरोप है कि सोशल मीडिया पर हो रहा विडियो जिला अधिकारी महोदय को दिखा दिया जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा । और यह जांच माननीय जिला अधिकारी महोदय द्वारा की जाए तो हकीकत निकल कर आ जायेगी जब कि खंड विकास अधिकारी द्वारा काफी देर तक समझाया गया लेकिन जॉब कार्ड धारकों द्वारा यही जवाब दिया गया कि ट्रैक्टरो द्वारा ही निर्माण कराया गया

उसी दौरान सभी जॉब कार्ड धारकों को ग्राम पंचायत बरहा की पंचायत भवन में बुलाया गया जहासभी ने एक एक कर खण्ड विकास अधिकारी बृज किशोर कुशवाहा को ट्रैक्टरो से निर्माण कार्य की जानकारी दी इस संबंध में ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुशवाहा से बात की तो उन्होंने बताया कि मेरे खिलाफ द्वौश भावना से यह सब किया जा रहा है जब कि मैंने पूरा काम मजदूरों से करवाया है लेकिन शिक्रायत कर्ता का आरोप है कि ट्रैक्टरों द्वारा किया गया दस पाच लोगो को ले जाकर लेवलिंग कराई यही जॉब कार्ड धारकों का कहना है जब खंड विकास अधिकारी बृज किशोर कुशवाहा से जानकारी चाही तो उन्होनें कहा की मेरा भी तो दूसरा वीडियो चल रहा और यह खबर पुरानी है यह कह कर टाल दिया गया

### ईरिक्शा एंजेंसी के संचालक को रकम मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

**भरूआ सुमेरपुर।** ई-रिक्शा खरीद हेतु एंजेंसी संचालक को दिए गए लाखों रुपए को वापस मांगने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत थानाध्यक्ष से करके कार्यवाही की मांग की गई है। पीड़ित ने पुलिस को ऑडियो रिकॉर्ड सहित लेनदेन के साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। थाना क्षेत्र के बिदोखर मेदनी गांव निवासी पीडित बृजेंद्र सिंह पुत्र जयपाल सिंह ने थानाध्यक्ष को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसने ई-रिक्शा खरीद हेतु अजय अवस्थी पुत्र स्वर्गीय शिवदास अवस्थी निवासी बिदोखर पुरई को 11 लाख 70 हजार रुपये की रकम दी थी। जिसमें टेढा गांव के पूर्व प्रधान सौरभ सिंह द्वारा शिवम अवस्थी के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 6 लाख की रकम तथा 5 लाग 70 हजार नगद अजय अवस्थी को दिए थे।

## सदर विधायक ने विद्युत सब स्टेशनों का किया निरीक्षण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** बांदा नगर में गहराये विद्युत संकट को देखते हुये सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने सभी विद्युत सब-स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया। मौके पर मुख्य अभियन्ता व अधिशाषी अभियन्ता को बुलाकर विद्युत आपूर्ति सुधारने को सख्त निर्देश दिये।

गुरूवार को बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने चिल्ला रोड विद्युत सब-स्टेशन व पीली कोठी सब-स्टेशन का औचक निरीक्षण किया एवं नगर में फाल्ट के नाम पर हो रही बिजली कटौती पर तत्काल प्रभाव से विराम लगाने हेतु अधिशाषी अभियन्ता नगरीय, बांदा को सख्त चेतावनी देते हुए आवश्यक निर्देश दिए। सदर विधायक द्वारा दोनों विद्युत सब-स्टेशनों की लॉग सीटों की खुद जॉच की गयी व इन सब-स्टेशनों से नगर के विभिन्न फीडरों में होने वाली विद्युत आपूर्ति के समय का बारीकी से अध्ययन किया तथा सभी विद्युत अधिकारियों को सरकार की मनसा के अनुरूप मण्डल मुख्यालय के सभी फीडरों में 24 घण्टें अपूर्ति हेतु निर्देशित किया। सदर विधायक ने अवर अभियन्ताओं द्वारा जनता का फोन न उठाने व कार्य में लापरवाही करने पर पीली कोठी सब-स्टेशन व भूरागढ़ सब-स्टेशन में तैनात अवर अभियंता सवींद्र पटेल व विवेक सिंह के खिलाफ कठोर विभागीय कार्यवाही हेतु मुख्य अभियंता को निर्देश दिये गये। सदर विधायक ने अधिशाषी अभियन्ता को स्पष्ट निर्देश दिये कि लोकल फाल्टों के नाम पर नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित न की जाये, जनता द्वारा की गयी शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो तथा नगर में तैनात सभी अवर अभियन्ता आमजनमानस का फोन उठाये एवं उनसे संवाद स्थापित रखें। इस मौके में मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता, ब्लॉक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, नगर पालिका बांदा चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, नीरज त्रिपाठी, आशीष गुप्ता, मनीष रैकवार, लखन कुशवाहा, सचिन मिश्रा, शैलेन्द्र वर्मा, यश राज, अभिनव गुप्ता, सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।

### बुजुर्ग सहित दो अज्ञात शव बरामद

**बांदा।** अलग अलग स्थानो पर पुलिस ने दो अज्ञात शव बरामद किया। दोनो की शिनाख्त नही हो सकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के केन नदी स्थित चटटो में अज्ञात 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा पाया गया। आसपास के लोगो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उसकी शिनाख्त नही हो सकी। उधर शहर के कालूकुआं स्थित पेट्रोल पंप के पास 28 वर्षीय अज्ञात युवक कुर्सी में बैठते ही लुढक गया। उसकी मौके पर मौत हो गई।

### युवती ने ससुराल में लगाई फांसी, मौत

**बांदा।** नवविवाहिता ने कमरे अंदर छप्पर की धन्नी में दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कमासिन थाना क्षेत्र के जामू गांव निवासी 20 वर्षीय अभिलाषा पत्नी मनोज विश्वकर्मा ने बुधवार की दोपहर कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे परिजनो ने शव फंदे पर लटका देखा तो चीख पड़े। शोर गुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के चचिया ससुर देवकुमार ने बताया कि उसकी शादी 6 मार्च 2024 को हुई थी। उसका पति केरल में रहकर फर्नीचर का काम करता है। घर में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही थी।

## विद्युत का मरम्मतीकरण कार्य रात भर चला, 15 लाख के नुकसान का अनुमान

» एक दो फीडर को छोडकर सभी फीडरों की आपूर्ति बहाल कर दी गई है

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती शाम आई तेज आंधी व बारिश से सुमेरपुर क्षेत्र से सभी फीडरों के बाधित होने के बाद रात भर मरम्मतीकरण कार्य चलाया गया। दोपहर तक कुछ फीडरों को छोडकर बाकी सभी फीडरों की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। विद्युत विभाग ने पोल टूटने, क्षतिग्रस्त होने व तार टूटने पर करीब 15 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया है। पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित होने के बाद अधिशासी अभियंता, एसडीओ व अवर अभियंता के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों ने विद्युत का मरम्मतीकरण कार्य रात भर चलाया।

दो दर्जन से अधिक विद्युतकर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर तक एक दो फीडर को छोडकर सभी फीडरों की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि सुमेरपुर से मुख्यालय जाने वाली लाइन में करीब 15 पोलों से तार उतर गए थे, करीब पांच पोल टेढ़े होकर क्षतिग्रस्त हो गए थे। दोपहर एक बजे मुख्यालय की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। सहुरापुर कैनाल में 15 पोल टूटे हैं जिस कारण लाइन चालू नहीं हो सकी। पौथिया लाइन के दो पोलो में तार उतर गए थे जिसको रात में ही चालू कर दिया गया था। तेज आंधी और बारिश ने जहां विद्युत लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया वहां किसानों पर भी जमकर कहर बरपाया है। उनके खेतों में खडे आम के पेड़ों के सभी आम टूटकर जमीन पर गिर गए हैं जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

**निर्देश** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

# वर्षाकाल के दौरान जो भी वृक्ष लगायें, उसकी सुरक्षा देखभाल सुनिश्चित की जाये: डीएम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिला पर्यावरण समिति की बैठक में वर्षाकाल 2024-25 में विभागवार वृक्षारोपण के लक्ष्य आवंटन के सम्बन्ध में चर्चा की गयी जिसमें बताया गया कि जनपद में 51 लाख 30 हजार 605 वृक्षारोपण कराया जायेगा जिसमें वन विभाग 18 लाख 9 हजार 5, ग्राम्य विकास विभाग 20 लाख 65 हजार 900, कृषि विभाग 3 लाख 93 हजार, उद्यान विभाग 2 लाख 43 हजार, पंचायती राज विभाग 2 लाख, नगर विकास विभाग 1 लाख, लोक निर्माण विभाग 67 हजार, जल शक्ति विभाग (सिंचाई) 59 हजार, माध्यमिक शिक्षा विभाग 21 हजार, बेसिक शिक्षा विभाग 47 हजार, उच्च शिक्षा 21 हजार, पर्यावरण विभाग 10 हजार, पशुपालन विभाग 7 हजार, सहकारिता विभाग 8 हजार 6 सौ 80, गृह विभाग (पुलिस) 7 हजार, रक्षा विभाग 5 हजार, उद्योग विभाग 15 हजार, राजस्व विभाग 10 हजार, जल निगम ग्रामीण 5 हजार, पर्यटन विभाग 4 हजार, रेलवे विभाग 11 हजार 900 सहित अन्य विभागों को वृक्षारोपण के लक्ष्य आवंटित किये गये है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागवार जो भी वृक्षारोपण के लक्ष्य दिये गये है समय रहते स्थलों का चिन्हांकन कर लिया जाये



और पौधों की सुरक्षा हेतु सम्बन्धित जिम्मेदारी तय कर दी जाये जिससे जो भी पेड़ लगाये जाये उसकी सुरक्षा एवं देखभाल हो सके और उनसे प्रगति रिपोर्ट भी प्राप्त की जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षाकाल के दौरान जो भी वृक्ष लगाये जाये उसकी सुरक्षा एवं देखभाल सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। उन्होने कहा कि वृक्षारोपण के दौरान पौधो की सुरक्षा हेतु ट्रीगार्ड, बांस की जाली, ईट के थाले आदि बनाये जाये जिससे पौधे सुरक्षित रह सके। डीएफओ को निर्देशित किया गया कि नेशनल हाईवे में जो भी पेड़ काटे गये है, नेशनल हाइवे के अधिकारी से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक पेड़ नेशनल हाइवे के किनारे लगाये जाये। रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित कर रेलवे विभाग की खाली जमीनों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाये जाये। पर्यावरण विभाग को निर्देशित किया कि ईट् भट्ठाधारकों की एक बैठक कराकर निर्देश दिया जाये कि ईंट के लिये मिट्टी जिस स्थान से निकालते है उसे समतल कराकर पौधरोपित कराये जाये। उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने संसाधन से तहसील क्षेत्रों के अन्तर्गत समुचित व्यवस्था कराकर वृक्षारोपण कराया जाये एवं उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी तय की जाये। नगर विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद बेल्हा व अन्य नगर पंचायतों में वृक्षारोपण किया जाये तथा नगर वासियों को पौधरोपित करने हेतु प्रेरित किया जाये और पौधों की सुरक्षा उनकी देखरेख में हो सके। सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि नहरों के किनारे ऐसे पेड़ लगाये जाये जिससे बकरी या अन्य जानवर से नुकसान न हो। पशुपालन विभाग को निर्देश दिया गया कि गौशालाओं में पीपल, पाकड़, बरगद के पेड़ अधिक लगाये जाये और उसकी सुरक्षा हेतु बांस आदि के जाली लगाये।

## जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक कल सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में खेलों के अवस्थापना की सम्भावनाओं के बारे में विचार किया गया और जनपद खेलों के क्षेत्र में कैसे विकास करें इस पर भी चर्चा की गयी। समिति के सदस्यों ने जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के खाते में ज्यादा से ज्यादा धनराशि उपलब्ध हो इस पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सदस्यों से जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के खाते में धनराशि सहयोग करने की अपील की। बैठक में जनपद में खेलों के विकास, खेलों की प्रतियोगितायें करने के सम्बन्ध में भी विस्तृत चर्चा हुई तथा जनपद में खेल कैसे विकसित हो इन सम्भावनाओं पर भी विचार किया गया।

स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिये पेयजल की व्यवस्था हेतु, सीसीटीवी कैमरा लगवाने आदि पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी पटेल, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, विधायक सदर प्रतिनिधि पिंटू, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राकेश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रघुराज बहादुर सिंह, हाकी प्रतापगढ़ की तरफ से आदम कुरेशी, क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# वार–पलटवार

**भारत** की परीक्षा प्रणाली में पेपर लीक की कहानी नई नहीं है। आये दिन नई इबारत के साथ यह कहानी हमारे सामने होती है। इस पर सियासत भी खूब होती है, लेकिन मर्ज का इलाज करने की ओर किसी का ध्यान नहीं है। फिलहाल नीट परीक्षा विवाद और यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द होने को लेकर राजनीति जारी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहले मोदी सरकार पर निशाना साधा। अब इसी को लेकर भाजपा की ओर से पलटवार किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि नीट परीक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क और संवेदनशील है। सरकार प्रतिबद्ध है और लाखों छात्रों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस नेता पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को लाखों छात्रों के भविष्य से कोई लेना–देना नहीं है, वह बस इस विषय पर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। राजस्थान में पेपर लीक हुआ लेकिन राहुल गांधी ने इस पर एक शब्द नहीं बोला। त्रिवेदी ने कहा कि यह विषय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है तो सरकार अपने उस संवैधानिक दायित्व को भलीभांति समझती है कि जो न्यायालय का निर्देश होगा, उनके अनुसार जो भी प्रभावी कार्रवाई होगी, वो सरकार करने के लिए संकल्पबद्ध होगी। उन्होंने साफ तार पर कहा कि कांग्रेस पेपर लीक की जननी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष के नेता के रूप में यदि राहुल गांधी, जो तीसरे प्रयास में भी, थर्ड डिवीजन भी नहीं आ पाए, अर्थात 100 सीटें भी नहीं पा सके, वो आकर अपने को मेधावी छात्रों का प्रतिनिधि घोषित करने का प्रयास करें और जब यह विषय न्यायालय में विचाराधीन है तो न्यायालय के विवेक से ऊपर अपना विवेक दिखाने का प्रयास करें तो इससे साफ होता है कि उन्हें लाखों छात्रों के भविष्य से कुछ लेना देना नहीं है। उन्हें बस इस विषय पर अपनी राजनीति करनी है। ठीक वैसे ही जैसे राजस्थान में डेढ़ दर्जन से अधिक पेपर लीक के मामले हुए, लेकिन राहुल गांधी ने एक भी शब्द नहीं बोला था। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने भी कहा कि राहुल गांधी परीक्षा जैसे गंभीर मुद्दे पर ओछी राजनीति कर रहे हैं। वह एक ऐसा प्रतीक बन गया है जो दर्शाता है कि उम्र के साथ व्यक्ति की बुद्धि नहीं बढ़ती। अगर वह राजनीति में तीसरी बार असफल हुए हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह गुजरात और मध्य प्रदेश के युवाओं को गाली देंगे। उन्होंने इन दोनों राज्यों को भूकंप का केंद्र बताया। उन्होंने दोनों राज्यों को पेपर लीक का एपिसेंटर बताया। राहुल गांधी, शिक्षा जैसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर ओछी सियासत कर रहे हैं। राहुल गांधी प्रतीक हैं कि केवल उम्र बढ़ने से विवेक का विस्तार नहीं होता। गौरतलब है कि नीट विवाद और यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द होने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा था। राहुल ने तंज भरे लहजे में दावा किया था कि कहा जा रहा था कि मोदी ने रूस–यूक्रेन युद्ध रोक दिया। लेकिन कुछ कारणों से नरेंद्र मोदी भारत में पेपर लीक को नहीं रोक पाए हैं या रोकना नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक होने का कारण यह है कि शिक्षा व्यवस्था पर भाजपा की मातृ संस्था का कब्जा हो गया है। जब तक इसे उलटा नहीं किया जाएगा, पेपर लीक होते रहेंगे। कांग्रेस नेता ने हमला करते हुए कहा था कि ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि हमारी सभी संस्थाओं पर कब्ज़ा कर लिया गया है। हमारे कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं की जाती है बल्कि इसलिए क्योंकि वे एक खास संगठन से जुड़े हैं और इस संगठन और भाजपा ने हमारी शिक्षा व्यवस्था में घुसकर उसे नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी से अर्थव्यवस्था का जो हाल किया, वही अब शिक्षा व्यवस्था का किया है। ऐसा होने का कारण और आप के पीड़ित होने का कारण यह है कि एक स्वतंत्र, उद्देश्यपूर्ण शिक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया गया है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि जो लोग यहां दोषी हैं, उन्हें कानून के दायरे में लाया जाए और उन्हें दंडित किया जाए।

## कटाक्ष
हसन जैदी




# योग से कर्मों में आती है कुशलता


अरविंद जयतिलक

आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। दुनिया के सभी देश योग दिवस को पूरी तन्मयता से मना रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक आज तकरीबन 25 करोड़ लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से प्रत्यक्ष-परोक्ष रुप से जुड़ेंगे। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। इसलिए कि योग के विज्ञान की उत्पत्ति भारत में हुई है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि योग भारत की देन है। भारतीय ग्रंथों में योग परंपरा का विस्तृत उल्लेख है। योग विद्या में भगवान शिव को आदि योगी कहा गया है। भगवान शिव के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों ने योग की परंपरा को आगे बढ़ाया। योग शब्द की उत्पत्ति जन्म संस्कृत शब्द युज से हुआ है। इसका अर्थ है स्वयं के साथ मिलन।

महर्षि पतंजलि को योग का प्रणेता कहा जाता है। उन्होंने अपने योगसूत्रों के माध्यम से उस समय विद्यमान योग की प्रथाओं, इसके आशय एवं इससे संबंधित ज्ञान को व्यवस्थित एवं कूटबद्ध किया। पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है। सांख्य दर्शन के अनुसार पुरुष एवं प्रकृति के पार्थक्य को स्थापित कर पुरुष का स्व स्वरूप में अवस्थित होना ही योग है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिल नही योग है। भगवद्गीता के अनुसार दुख-सुख, लाभ-अलाभ, शत्रु-मित्र और शीत-उष्ण इत्यादि द्वंदों में समभाव रखना ही योग है। कर्तव्य कर्म बंधक न हो, इसलिए निष्काम भावना से उत्प्रेरित होकर कर्तव्य करने का कौशल योग है।

आचार्य हरिभद्र के अनुसार मोक्ष से जोड़ने वाले सभी व्यवहार योग हैं। आधुनिक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का कहना है कि योग सिर्फ व्यायाम या आसन नहीं है। यह भावनात्मक एकीकरण और रहस्यवादी तत्व का स्पर्श लिए हुए एक आध्यात्मिक ऊंचाई है। प्रसिद्ध संवाद योग याज्ञवल्क्य में जो कि बृहदारण्यक उपनिषद में वर्णित है, में याज्ञवल्क्य और शिष्या ब्रह्मवादी गार्गी के बीच कई सांस लेने संबंधी व्यायाम, शरीर की सफाई के लिए आसन और ध्यान का उल्लेख है। गार्गी द्वारा छांदोग्य उपनिषद में भी योगासन के बारे में कहा गया है। अथर्ववेद में उल्लिखित संन्यासियों के एक समूह वार्ता द्वारा शारीरिक आसन जो कि योगासन के रूप में विकसित हो सकता है, पर बल दिय गया है।

यहां तक कि संहिताओं में भी उल्लिखित है कि प्राचीन काल में मुनियों, महात्माओं और विभिन्न साधु और संतों द्वारा कठोर शरीरिक आचरण, ध्यान और तपस्या का अभ्यास किया जाता है। महाभारत के शांतिपर्व में भी योग का विस्तृत उलेख है। भारत में उपलब्ध उपषिदों और योग वशिष्ठ में भी योग के बारे में जानकारी मिलती है। योगऋषि पतंजलि के उपरांत अन्य-अनेक भारतीय ऋषियों एवं योगाचार्यों ने योग की परंपरा को आगे बढ़ाया। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो के धर्म संसद सम्मेलन में अपने ऐतिहासिक भाषण के जरिए संपूर्ण विश्व को योग की महत्ता से सुपरिचित कराया। महर्षि महेश योगी, परमहंस योगानंद और रमण महर्षि जैसे अनेक पुरोधाओं ने भी योग से पश्चिमी दुनिया को प्रभावित किया।

यह योग की बड़ी उपलब्धि है कि उसके शास्त्रीय स्वरूप, दार्शनिक आधार और सम्यक स्वरूप को किसी अन्य धर्म ने नकारा नहीं है। यहां तक कि संसार को मिथ्या मानने वाले अद्वैतावादी भी योग का समर्थन किए हैं। अनीश्वरवादी सांख्य विद्वान भी योग का अनुमोदन करते हैं। बौद्ध ही नहीं, मुस्लिम सूफी और ईसाई मिस्टिक भी किसी न किसी प्रकार अपने संप्रदाय की मान्यताओं और दार्शनिक सिद्धांतों के साथ योग का सामंजस्य किए हैं। सच तो यह है कि योग का किसी धर्म विशेष से संबंध नहीं है। यह धर्म, आस्था और अंधविश्वास से परे एक सीधा-सा प्रायोगिक विज्ञान है जो जीने की कला सीखाता है। इसे एक पूर्ण चिकित्सा पद्धति के रूप में भी देखा जाता है।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून पर विशेष**

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने एक स्थान पर कहा है कि योगः कर्मसु कौशलम्' अर्थात योग से कर्मों में कुशलता आती है। गीता में कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग की विशद् मीमांसा की गयी है। बौद्ध धर्म में कहा गया है कि कुशल चितैकग्गता योगः अर्थात कुशल चित की एकाग्रता ही योग है। दूसरी शताब्दी के जैन पाठ तत्वार्थसूत्र के अनुसार योग मन, वाणी और शरीर सभी गतिविधियों का कुलयोग है। भारतीय दर्शन में, षड् दर्शनों में से एक का नाम योग है। भारत में योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है। योग शब्द भारत से बौद्ध धर्म के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण-पूर्व एशिया और श्रीलंका में फैला। सूफी संगीत के विकास में भारतीय योग अभ्यास का काफी प्रभाव है जहां वे दोनों शारीरिक मुद्राओं आसन व प्राणायाम को अनुकूलित किया है।

प्राचीन काल में योग की इतनी अधिक महत्ता थी कि 11वीं शताब्दी में भारतीय योगपाठ अमृतकुंड का अरबी व फारसी भाषाओं में अनुवाद किया गया। आज दुनिया के सभी देशों में योग की स्वीकार्यता बढ़ी है। चीन, सिंगापुर से लेकर अमेरिका तक में लाखों की संख्या में लोग योगासन कर रहे हैं। चीन में हाल के वर्षो में योग बड़े पैमाने पर लोकप्रिय हुआ है। चिकित्सकों की मानें तो योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर हो रहा है बल्कि मन व मस्तिष्क को शांति भी पहुंच रही है। योग के जरिए दिमाग और शरीर की एकता का समन्वय होता है। योग संयम से विचार व व्यवहार अनुशासित होता है। योग की सुंदरताओं में से एक खूबी यह भी है कि बूढ़े या युवा, स्वस्थ या कमजोर सभी के लिए योग का शारीरिक अभ्यास लाभप्रद है।

योगाभ्यास से रोगों से लड़ने की शक्ति में वृद्धि होती है। त्वचा पर चमक बनी रहती है और शरीर स्वस्थ, निरोग व बलवान रहता है तथा अंतश में शांति का उद्भव होता है। भारतीय योग और दर्शन में योग का अत्यधिक महत्व है। सच कहें तो आध्यामिक उन्नति या शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता एवं महत्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक संप्रदायों ने एकमत से स्वीकार किया है। चूंकि योग एक वैज्ञानिक व प्रमाणिक पद्धति है, इसलिए न तो अत्यधिक साधनों की जरूरत पड़ती है और न ही अत्यधिक धन खर्च करना पड़ता है। इसके अलावा आधुनिक युग में योग की बढ़ती स्वीकार्यता का एक कारण यह भी है कि लोगों के जीवन में व्यस्तता एवं व्यग्रता का विस्तार हुआ है।

अंग्रेजी दवाओं के इस्तेमाल से शरीर में कई किस्म की बीमारियां फैल रही है जबकि दूसरी ओर योगाभ्यास से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना नगण्य है। भारत के लिए गर्व की बात है कि योग को संयुक्त राष्ट्र संघ के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन 'यूनेस्को' ने भी अपनी प्रतिष्ठित अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरों की सूची में शामिल कर लिया है। उल्लेखनीय है कि यूनेस्को के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरों के दायरे में मौखिक परंपराओं और अभिव्यक्तियों, प्रदर्शन कलाओं, सामाजिक रीतियों-रिवाजों और ज्ञान इत्यादि को रखा जाता है। चूंकि अभी तक योग को खेल की विधा माना जाता था, इसलिए इसे अब तक इस सूची में शामिल होने का मौका नहीं मिला था। लेकिन जब भारत सरकार द्वारा योग को दुनिया भर में स्थापित करने का प्रयास तेज हुआ और संयुक्त राष्ट्र को योग की सार्वभौमिक महत्ता से जुड़े प्रमाणिक दस्तावेज भेजा गया तो इथियोपिया के अदिस अबाबा में हुई संयुक्त राष्ट्र की इंटरगर्वनमेंटल समिति ने भारत के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी।

उल्लेखनीय है कि योग से पहले भारत की 12 धरोहरें यूनेस्को की सूची में शामिल हो चुकी हैं- जैसे छाऊ नृत्य, लद्दाख में बौद्ध भिक्षुओं का मंत्रोच्चारण, संकीर्तन- मणिपुर में गाने-नाचने की परंपरा, पंजाब में ठठेरों द्वारा तांब व पीतल के बर्तन बनाने का तरीका और रामलीला इत्यादि। आज अगर योग को लेकर दुनिया का आकर्षण बढ़ा है और उसकी सामर्थ्य और उपयोगिता को पहचाना गया है तो निःसंदेह यह योग की वैज्ञानिक महत्ता का प्रतिफल है। उल्लेखनीय है कि 21 जून 2015 को पहली बार योग दिवस मनाया गया। याद होगा कि 27 सितंबर 2014 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया को योग की महत्ता को समझाया और 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# दुनिया की जीवन दिनचर्या बना योग


प्रभुनाथ शुक्ल

योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। आज पूरी दुनिया योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं।

भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है-'योगः कर्मसु कौशलम' यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि 'योगस्थः कुरु कर्माणि' इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है। योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है।

भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर, 2014 को इसका प्रस्ताव भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर पीएम मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन और चिकित्सा पद्धिति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे।

**योग दिवस 21 जून पर विशेष**

योग शास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक समृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने हैं। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं।

भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित हैं। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई हैं। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से संयुक्तराष्ट्र संघ ने भी योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी योग को लेकर स्वयं बेहद जागरूक है। वह योग करते हुए अपने कई वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। फिट इंडिया, हिट इंडिया उनका मूलमंत्र है। इसके साथ वह लोगों से अपील करते हैं कि आप योग के जरिए अपने मन, मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखें, जिससे आपका सहयोग देश के विकास में अच्छे तरीके से हो।

विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम तनाव की जिंदगी दे रहा है। जिंदगी की गति अधिक तेज हो चली है। लोगों के जीने का नजरिया बदल रहा है। काम का अधिक दबाव बढ़ रहा है इससे हाईपर टेंशन, और दूसरी बीमारियां फैल रही हैं। तनाव का सबसे बेहतर इलाज योग विज्ञान में हैं, वहीं लोगों में सुंदर दिखने की बढ़ती ललक भी योग और आयुर्वेद विज्ञान को नया आयाम देगी। यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। आम आदमी के जिंदगी में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। आज की भगदौड़ में पूरी जिंदगी असंयमित हो गई है, जिसकी वजह से परिवार में तनाव और झगड़े होते हैं। लोगों के पास आज पैसा है लेकिन शांति नहीं है, जिसकी वजह से परिवार में संतुलन गायब है। लोग खुद से संतुष्ट नहीं है। इस स्थिति से निकालने के लिए योग सबसे बेहतर उपाय हो सकता है। इसलिए भागदौड़ की जिदंगी को अगर संयमित और संतुलित करना है तो मन को स्थिर रखना होगा।

जब तक हमें मानसिक शांति नहीं मिलेगी तब तक हम जीवन के विकारों से मुक्त नहीं हो सकते हैं। उस स्थिति में योग ही सबसे सरल और सुविधा युक्त माध्यम हमारे पास उपलब्ध है। हमारी हजारों साल की वैदिक परंपरा को वैश्विक मंच मिला है। योग का प्रयोग अब दुनिया भर में चिकित्सा विज्ञान के रूप में भी होने लगा है, उसे स्थिति हमें अपने जीवन के साथ जीने का नजरिया भी बदलना होगा। योग से संबंधित यूनिवर्सिटी, शोध संस्थान, आयुर्वेद मेडिसिन उद्योग नई उम्मीदें और आशाएं लेकर आएगा। भारत और दुनिया भर में योग के लिए संस्थान स्थापित हुए हैं। योग को पर्यटन उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता है। योग स्वस्थ दुनिया की तरफ बढ़ता कदम है।

## कविता


शुभ देपावत

### हम मिलेंगे कहीं!

हम मिलेंगे कहीं
चकोर की उस अंतहीन प्रतीक्षा में
जो बस किसी ठूंठ पर बैठकर
वर्षों उस अलभ्य चाँद को ताकती है।
हम मिलेंगे कहीं प्रशांत महासागर
के उस अंतिम छोर पर जिसके लिए
नानी अपनी कहानियों में कहा करती थीं
वहां से धरती खत्म हो जाती है।
हम मिलेंगे कहीं दूर सहारा रेगिस्तान के
उस पार नील नदी की घाटी में
अपनी हिजरत को मुक्कमल सदा देते हुए।
हम मिलेंगे कहीं सात समन्दर पार
मोत्सार्ट के किसी शो में आखिरी बेंच पर
आंखें मूंदे हुए अपने
एकांत को संगीत से भरते हुए।
हम मिलेंगे कहीं बिछड़े लोगों की
हिचकियों के मध्य मौन श्वांस में
जो बस यूं ही लोग
जिंदा रहने के लिए ले लेते हैं।
हम मिलेंगे कहीं किसी मंदिर की
सीढ़ियों पर किसी आश्रम के झरोखे पर
अपने मुक्तिपथ को टटोलते हुए।

# मन पर काबू होना ही योग का मूल


अनिल मिश्रा

भारतीय संस्कृति में मनुष्य को आचार-विचार से लेकर जीवन को कैसे सार्थक बनाया जाये, पूरी पद्धति मौजूद हैं। यह पद्धतियां हजारों साल से ऋषि-मुनियों,गुरुओ की तप-साधना-खोज-अन्वेषण से प्राप्त ही नहीं हुई बल्कि लिखित दस्तावेज़ के रूप में रची गईं।

आधुनिक विज्ञान ज्ञान के इसी धरातल पर अपनी खोज हीं नहीं करता हैं बल्कि अवलंबित हैं। भारतीय भूभाग ज्ञान- विज्ञान-कर्म की धरती रहा है। सनातन यानी जो न मिटने वाला हो, ऐसा दर्शन हमारे धर्म ग्रंथों में समाया है। कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जिस पर पुरातन काल में हमारे मनीषियों ने लिखा न हो और ज्ञान के माध्यम से जन समुदाय के बीच प्रचारित न किया हो। योग दर्शन भी इसी सनातन पद्धति का एक ऐसा प्रारूप हैं जो हमें जीवन के तमाम चरणों से अवगत कराता हुआ उस स्थान पर लाकर खड़ा करता हैं जहां मनुष्य उस चेतना से जुड़ता हैं जिसे हम परम चेतना के नाम से जानते हैं। महर्षि पतंजलि ने योग क्रियाओं को आठ सूत्र में बांधकर मनुष्य की भीतरी कामनाओं को बाँधने का या यूं कह सकते हैं कि उसे संचेतना से जोड़ने का काम किया है। योग दर्शन जीवन पद्धति हैं। मनुष्य यदि अपनी इन्द्रियों को संयमित करने में सफल रहता है तो इसे योग दर्शन का आधार माना जाता है। योग ऐसी विधा है जो आपकों अपने से जोड़ती है। आपके भीतरी आवेगों को स्पंदित नहीं होंने देती। आज जब मनुष्य के सामने चुनौतियों का अम्बार है, ऐसे में योग के द्वारा ही मनुष्य अपने दिमाग़ और विचारों को नियंत्रित कर सकता है। व्यक्ति अगर स्वस्थ है तो उसका तन और मन दोनों आनंदित रहता है। अस्वस्थ शरीर तनाव ही नहीं पैदा करता बल्कि ग़लत विचारों को दिमाग़ में ज़मा भी करता है। आज के आपाधापी युग में पूरी दुनिया बाजार है। इस बाजार में आदमी की बोली लगाई जाती है। पुरातन पद्धति में नये प्रयोगों को ठूंसकर उसे नया कलेवर दिया जाता है। यही कलेवर बाजार में अपना सिक्का जमाता है और मनुष्य के विचारों पर अपनी पकड़ बनाता है। योग भी आज नये रूप में इसी बाजार का हिस्सा है। आज से एक दशक पूर्व सयुंक्त राष्ट्र संघ ने योग को अपनी सूची में शामिल कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा की। पिछले दस वर्षों से पूरी दुनिया में योग का बाजार स्थापित हुआ। लोगों ने नये-नये तरीके से योग को एक नये अंदाज में प्रस्तुत किया। तमाम प्रयोग किये और योग को नये तरीके से परिभाषित किया। आज योग क्रियाये वैश्विक बाजार का हिस्सा हीं नहीं है बल्कि खरबों रुपयों का व्यापार शरीर फिटनेस के नाम पर हो रहा है। योग के इस बाजार में बच्चों से लेकर वृद्ध तक शामिल है। महिलाएं अपनी फिटनेस को लेकर कुछ ज्यादा ही यौगिक क्रियाओं के प्रति समर्पित हैं। हकीकत में इस बाजार ने योग की मूल अवधारणा को क्षति पहुंचाई। यूँ कहा जाये कि उसके शास्त्रीय पक्ष को अंग-भंग किया। बताने की जरूरत नहीं कि योग के नाम पर आज के दौर में केवल शरीर को फिट रखना मान लिया गया है। इस फिटनेस में लोग तमाम प्रकार की शारीरिक बीमारियों के शिकार भी हों रहे हैं। दरअसल, लोगों ने शरीर को स्वस्थ और बेहतर बनाये रखने के लिए कुछ यौगिक भी क्रियाओं का मात्र अभ्यास कर लेना ही योग मान लिया है जब कि योग की जो भी क्रियायें हैं, वह बिल्कुल अलहदा हैं। योग का मतलब साध्य और साध्य का मतलब साधना है। बगैर साध्य के आप किसी भी विधा को न समझ सकते हैं और न हीं उसके अंतिम छोर तक पहुँच सकते हैं। अष्टांग योग कोई तमाशा, मजाक या हसीं खेल नहीं हैं। यह आपके चित को साफ करता हैं और उस परम चेतना की अनुभूति से जोड़ता हैं जहां आपकी यात्रा शून्य पर समाप्त होती है जिसे हम सत्य सनातन के रूप में जानते हैं। योग की जो अवधारणा है, वह यम से शुरू होकर समाधि तक पहुँचती हैं। अष्टांग योग में कोई भी ऐसा योग नहीं है जो आसानी से प्राप्त किया जा सके। मन-आत्मा और दिमाग़ के बीच चलने वाला द्वन्द साध्य के द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। यह साध्य ही योग का वास्तिविक मूल दर्शन है। यम, नियम, आसन, प्राणयाम, साधना, ध्यान, प्रत्याहार, समाधि, इसमें हर क्रियाये एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। साधन अच्छे हों या खराब, लेकिन अगर आपने साध्य लिया है तो मंजिल तक जरूर पहुंचेंगे। जीवन का कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां योग साधना की जरूरत महसूस न हो। आज के दौर में मनुष्य शांति की तलाश में तमाम तरह की प्रक्रियाओं को आजमाता हैं, लेकिन उसे शांति योग दर्शन से प्राप्त होती हैं। नर्तक, गायक, संगीतज्ञ, अभिनेता आदि लोग योग के द्वारा ही अपनी कला साधना को नई-नई ऊंचाईयां प्रदान करते हैं। बता दूं आपके भीतर तमाम प्रश्नों का जवाब योग ही है क्योंकि योग की विधा आपको सहजता प्रदान करती है, उदारता प्रदान करती है, सम्यक दृष्टि देती है और उस सत्य का ज्ञान काराती है। जो भीतर है, वही बाहर है। आज जब योग का बिगड़ा स्वरूप हमारे सामने है तो हमें उसके मौलिक स्वरूप को अक्षुण्ण भी रखना हैं।



# भीष्म पितामह की लोन गारंटी


रामविलास जांगिड़

**हास्य-व्यंग्य**

हुआ यूं कि अचानकली सडनता से राम राज्य आ गया। पिछले दिनों सरकार ने जो वादा किया था, वह पूरा हो गया। कहीं कोई लड़ाई नहीं, झगड़ा नहीं, दंगा-फसाद नहीं! परम शांति! झूठ झपट जाल सब बंद!

पुलिस महकमा खतम हो गया। कुछ तेज तर्राट पुलिस अधिकारियों ने आसपास की सर्कस कंपनियां ज्वाइन कर लीं। सर्कस में वे रात-रात भर इसका हाथ छोड़कर, उसका हाथ पकड़ते और हवा में झूलते। बच्चे लोग पुलिस के ऐसे कारनामे देखकर तालियां पीटते।

कुछ पुलिस कुर्मी जो बेचारे ढीले-ढच थे, उन्होंने कविता बाजी करना शुरू कर दिया। वे इधर-उधर मारामारी करके कविताएं लिखते और उसे फेसबुक पर फेंक मारते। एक-एक लाइक के लिए वे अपनी जाजम बिछाते। ताजी राते हिंद दफा 305 के तहत मुलजिम को बाय इज्जत बरी किया जाता है, जैसी आवाजें आना बंद हो गई।

न्यायकर्मी एकाएक बेरोजगार हो गए। वे सब पड़ोस की सब्जी मंडी में शिफ्ट हो गए। वहां वे मिलॉर्ड टमाटर ले लो! मिलॉर्ड भिंडी ले लो जैसे शास्त्रीय गीत हवा में उछालने लगे। महकमा-ए-इंसाफ शानदार ढंग से साफ हो गया।

रावण ने अपना अहंकार गुस्सा आदि हिंद महासागर में दफन कर दिया। वह एक नदी किनारे प्रेम-प्यार से रहने के धंधे में कूद कर प्रवचन बांचने लग गया। उसके सिरों पर बच्चे बढ़िया तरीके से झूला झूल सकें, इसके लिए प्रवचन कंपनी के इवेंट मैनेजर द्वारा टिकट का प्रावधान भी था।

कुछ बच्चे रावण की दोनों मूंछों को खींचते, तब रावण बड़े ही प्रोफेशनल तरीके से मंद-मंद मुस्कुराता। कुछ सयाने मां-बाप उसके गदे को बच्चों के हाथों में थमा कर स्वीट सेल्फी लेते और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करते। शीघ्र ही रावण कथा बांचने के धंधे का बड़ा खिलाड़ी हो गया।

इधर, दुशासन ने साड़ी खींचने जैसा राजकीय कार्य छोड़-छाड़ कर शहर में एक साड़ी शो रूम खुला खोल लिया। शो रूम की किस्तें टाइम पर चली जाएं, इसके लिए लोन की गारंटी आदरणीय भीष्म पितामह ने दी। जो भी महिलाएं दुशासन के शो रूम पर जातीं, वह उन्हें हाथ जोड़ता।

वह उन्हें दंडवत प्रणाम करता। पड़ोस के शोरूम से पानी-पतासे खिलाता और माता श्री, भगनी श्री जैसे मृदुल वचनों से उन्हें साड़ी की वैरायटी दिखाने लगता। वह एक साड़ी खरीदने पर तीन साड़ियां भी मुफ्त में देने लगा था। दुशासन देश का जाना माना साड़ी व्यापारी हो गया।

सीन यह बना कि कंस ने सारी मामागिरी छोड़कर यमुना किनारे एक आइसक्रीम का ठेला लगा लिया है। वह साइकिल के करियर के पीछे बांधकर 3 किलोमीटर दूर स्थित आइस फैक्ट्री से बर्फ की एक सिल्ली लाता। उसे ठेले पर रखना और रंदा मार कर बर्फ का कचरा कूट करता।

वह बर्फ का गोला बनाकर पांच पैसे में तीन तीन बर्फ के गोले बच्चों को पकड़ाता। बर्फ के गोले चूसते हुए बच्चे बाकायदा कंस के मोटे से पेट पर गुदगुदी कर सकते थे। उसकी पीठ में चिकोटी काट सकते थे। बच्चों के गुदगुदी करने की कोई मनाही नहीं थी। चारों ओर राम राज्य ठांठें मारने लगा था।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **आनंद अग्निहोत्री***, **सलाहकार संपादक** – गोलेश स्वामी, **एसोसिएट एडिटर**- मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

# बंद मकान से दिनदहाड़े पांच लाख की चोरी

## सदरपुर इलाके की घटना, सवा लाख की नकदी भी शामिल

» व्यवसाई ने थाने में दी तहरीर, पुलिस कर रही है जांच

**विश्ववार्ता संवाद**

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** बंद पड़े घर से चोरों ने दिन-दहाड़े सवा लाख की नकदी समेत करीब पांच लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। घटना की सूचना पीड़ति व्यापारी ने लिखित तहरीर के जरिये पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।सदरपुर थाना क्षेत्र के सुकालीपुर निवासी दीपू वर्मा पुत्र कमलेश की गोड़ैचा चौराहे पर रेउसा मार्ग पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दुकान है।

बुधवार की सुबह वह दुकान चला आया और उनकी पत्नी दरियापुर थाना लहरपुर अपने मायके चली गईं। देर शाम अपनी दुकान बंद करके जब दीपू अपने घर पहुंचा तो वह अपने घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देख सन्न रह गया। जब घर के अंदर गया तो कमरे में रखी अलमारी और बक्से का टूटा ताला और बिखरा सामान देख कर उसके घर में चोरी होने की जानकारी हुई। चोरों ने अलमारी और बक्से में रखी एक लाख 30 हजार की नकदी, सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब पांच लाख की संपत्ति चोरी कर ले गए। पीड़ति ने गुरुवार को सदरपुर थाने पहुंच घटना की तहरीर दी।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# कार्रवाई : प्रपत्र न होने पर सिमना अस्पताल सीज

» सीएचसी अधीक्षक की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चलाया अभियान

» नवीनीकरण न होने पर एक और अस्पताल को दी गई नोटिस

**विश्ववार्ता संवाद**

**लहरपुर (सीतापुर)।** नगर में संचालित अवैध अस्पतालों एवं पैथोलॉजी सेंटरों पर गुरुवार को सीएचसी अधीक्षक के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान वैध प्रपत्र न होने पर एक अस्पताल को सीज किया गया, जबकि दूसरे अस्पताल के पंजीकरण का नवीनीकरण न होने पर उसे नोटिस दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्यवाही से नगर में संचालित निजी अस्पताल व पैथोलॉजी सेंटर संचालक शटर गिराकर जांच से बचते नजर आए।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा, डॉ आदित्य, डॉ. पीएस आनंद एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर में संचालित निजी अस्पतालों व पैथोलॉजी सेंटर की जांच की। अभियान के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चंद कदम की दूरी पर अवैध रूप से संचालित सिमना अस्पताल की जांच स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गई। अस्पताल संचालक के पास कोई भी वैध प्रपत्र न मिलने पर अस्पताल को सीज कर दिया गया। इसी क्रम में एसआर मेमोरियल हॉस्पिटल की भी जांच की गई। अस्पताल के पंजीकरण का नवीनीकरण न होने पर उन्हें नोटिस दी गई। छापेमारी की खबर मिलते ही क्षेत्र में संचालित अवैध अस्पताल एवं पैथोलॉजी सेंटरो के शटर बंद हो गए और जांच टीम को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

ज्ञातव्य है कि क्षेत्र के ग्राम गनेशपुर नेवादा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता नुसरत अली ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायती पत्र भेजकर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों एवं पैथोलॉजी सेंटरों की उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित करवा कर जांच कराए जाने की मांग की थी।


जांच करते अधिकारी

जांच के संबंध में अधीक्षक डॉ आनंद मित्रा ने बताया कि अवैध अस्पतालों एवं पैथोलॉजी सेंटरों के विरुद्ध जांच अभियान लगातार चलता रहेगा। इसमें कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

## अचानक आए आंधी तूफान से विद्युत आपूर्ति ठप

**लहरपुर (सीतापुर)।** बुधवार अचानक आए मौसम में बदलाव को लेकर तेज हवाओं के साथ हुई जमकर बारिश तेज हवाओं के चलते विद्युत लाइनें पर पेड़ गिरने से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। जिसे देर रात पेट्रोलिंग कर नगर के कुछ फीडरों को चालू कर दिया गया। ग्रामीण तालगांव फीडर पर कई स्थानों पर विद्युत पोल के टूट जाने से समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति ठप थी। बारिश और ठंडी हवाओं के चलने के कारण मौसम सुहाना हो गया और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल गई। बारिश होने से क्षेत्र के किसानों में हर्ष की लहर दौड़ गई और किसानों की गन्ना, पिपरमेंट, पशु चारा एवं धान की नर्सरी के लिए फायदा पहुंचा है। कल हुई बारिश को लेकर सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा ने बताया पर्याप्त बारिश किसानों के लिए वरदान है, किसान खरीफ फसल में बोई जाने वाली धान की फसल के लिए अब अपने खेतों की जुताई कर सकते हैं।

# मरीजों व तीमारदारों को वितरित किए फल

» महेंद्र वर्मा की पुण्यतिथि पर सपा कार्यकर्ताओं ने बांटी खाद्य सामग्री

**विश्ववार्ता संवाद**

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** जिले के कद्दावर नेता रहे पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय महेंद्र सिंह वर्मा की दूसरी पुण्यतिथि पर सपा कार्यकर्ताओं ने तमाम अस्पतालों में मरीजों के बीच खाद्य सामग्री वितरित कर मनाई। इस दौरान नगर स्थित सीएचसी समेत विभिन्न निजी अस्पतालों में मरीजों व तीमारदारों के बीच खाद्य सामग्रियों का वितरण किया।

नगर के सपा कार्यकर्ताओं ने लगभग एक सैकड़ा से अधिक मरीजों के बीच खाद्य सामग्री, बिस्कुट व फल का वितरण किया। मालूम हो कि दो वर्ष पूर्व लंबी बीमारी के चलते महेंद्र वर्मा का देहांत हो गया था। गुरुवार सुबह महेंद्र वर्मा की दूसरी पुण्यतिथि सपा कार्यकर्ताओं द्वारा खाद्य सामग्री वितरित कर मनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्व महेंद्र वर्मा के जीवन के संघर्ष को साझा किया। सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वो गरीबों और मजलूमों के मसीहा थे। उनकी दहलीज पर जब कोई फरियादी जाता था तो निराशा दूर करके आता था। स्वच्छ राजनीति में महेंद्र वर्मा का कोई जवाब नहीं था। अपने सियासी प्रभाव के चलते वह जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी आसीन हुए थे। सपा कार्यकर्ताओं ने नगर के स्वाति सेवा सदन, सीएचसी पुरुष, सीएचसी महिला, न्यू नेशनल हॉस्पिटल, लोहिया हॉस्पिटल, डॉ. रामा नारायण क्लिनिक, इंडियन हॉस्पिटल में फल, बिस्किट आदि खाद्य सामग्री वितरित की। राज बहादुर वर्मा, सकेंद्र यादव, मो. इश्तियाक, आजाद, विनीत यादव, अमित, आकाश वर्मा, पंकज मौजूद रहे।



# पुलिस ने 15 दिन बाद दर्ज किया जानलेवा हमले का केस

» घर के बाहर सोते समय रात में सीने में मारी गई थी गोली

» वारदात से अंजान बने रहे बीट के दारोगा व आरक्षी

**विश्ववार्ता संवाद**

**महोली (सीतापुर)।** कारीपाकर गांव में घर के बाहर सोते समय हमलावरों ने युवक को गोली मार दी। 15 दिनों बाद पुलिस ने तहरीर में इलाज कराने का हवाला देकर केस तो दर्ज कर लिया लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जानलेवा हमले से पुलिस अंजान कैसे बनी रही। बीट के एसआई व आरक्षियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई इस सवाल का जवाब इंस्पेक्टर के पास भी नहीं है।

कोतवाली क्षेत्र के कारीपाकर गांव निवासी नन्हे यादव का पुत्र टिंकू यादव चार जून की रात घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था। अर्द्ध रात्रि को अज्ञात हमलावरों ने टिंकू यादव के सीने में गोली मार दी और फरार हो गए। घायल हालत में परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से उसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। 19 जून को दर्ज केस में तहरीर में नन्हे यादव द्वारा यह दर्शाया गया है कि तहरीर देरी से देने की वजह बेटे का इलाज था। मजे की बात तो यह है कि पिछले तीन दिनों से पुलिस नन्हे यादव को लेकर घूम रही थी फिर मनमानी तहरीर लिखवाकर केस दर्ज किया। गोली लगने से घायल युवक के मामले में केस दर्ज न होने पर पुलिस ने जांच करना भी उचित नहीं समझा। बताते हैं कि हमलावर बाइक से आए थे और गोली मारकर फरार हो गए थे।

# सोशल मीडिया पर वायरल स्टंट की रील्स

**विश्ववार्ता संवाद**

**लहरपुर (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के तंबौर मार्ग पर ग्राम गौरिया स्थित शारदा सहायक नहर रेगुलेटर से खतरनाक ढंग से छलांग लगाकर रील बनाने का युवाओं का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

शारदा सहायक नहर रेगुलेटर पुल से कुछ युवा लड़के खतरनाक ढंग से स्टंट कर गहरे पानी में छलांग लगा रहे हैं। जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ लड़कों द्वारा पुल के ऊपर से गहरे पानी में छलांग लगाई जा रही है, वायरल वीडियो गौरिया स्थित शारदा सहायक नहर रेगुलेटर पुल का बताया जा रहा है।

क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं और आसपास लगे ट्यूबवेल और नहर का सहारा लेकर गर्मी से निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं।


खतरनाक स्टंट करता युवक

» शारदा नहर में रेगुलेटर से छलांग लगाते दिख रहे युवा

वायरल वीडियो में लड़को द्वारा रस्सी के सहारे गहरे पानी से निकलने की कोशिश की जा रही है।

ज्ञातव्य है कि इसी नहर में हर वर्ष लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों की हादसों से मौत हो जाती है। युवाओं द्वारा पहले गहरे पानी में छलांग लगाकर खरतनाक स्टंट किया जा रहा है फिर रील बना कर सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है।

## एक नजर

### फर्म को दिए दो लाख, नहीं लगीं स्ट्रीट लाइटें

**सीतापुर।** सकरन ब्लॉक में की ग्राम पंचायत सकरन में स्ट्रीट लाइट के नाम पर तकरीबन दो लाख रुपये ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने बगैर लाइटें लगवाये ही करीब दो लाख का भुगतान एक फर्म के नाम कर दिया। ग्राम पंचायत व उसके मजरा गयादीनपुरवा, गुलरबोझा, मिश्रपुर व लालूपुरवा में वर्ष 2024 में कुल 40 स्ट्रीट लाइटें कागजों पर लगवाना दर्शाया गया था, जिसका भुगतान 18 अप्रैल को एक लाख 30 हजार 900 व 6 जून को 57 हजार 750 रुपये अवनी इंटरप्राइजेज काजीपुर को किया दर्शाकर पूरा पैसा निकाल लिया गया। यह कोई नई बात नही है जब बगैर काम के धनराशि निकाली गई हो। इससे पूर्व हैंडपम्प रिबोर के नाम पर लाखों रुपयों का भुगतान करवाया जा चुका है। ग्रामीण अजय, लवकुश, रामचन्द्र यादव व रामधार आदि ने मामले की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर की है। खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया मामला संज्ञान में आया है जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### मासूम को जमीन पर पटककर पैर तोड़ा

**महोली।** कोतवाली क्षेत्र के रुरा गांव में गुरुवार सुबह बाग में मूंगफली फोड़ रहे सुरेंद्र पासी के पांच वर्षीय पुत्र कमलपाल को रंजिश के चलते शिवलाल पुत्र परवन ने बच्चे को उठाकर जमीन पर पटक दिया। जिससे उसका बायां पैर टूट गया। शोर सुनकर पड़ोसियों ने बच्चे को बचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। इस मामले में सुरेंद्र ने शिव लाल, उसकी पत्नी शिवरानी तथा कौशल्या पुत्री गंगाराम के विरुद्ध पुलिस को सूचना दी है।

### बोर्ड बैठक में विकास कार्यों के प्रस्ताव पर चर्चा

**सिधौली।** नगर पंचायत कार्यालय में विकास कार्यों की योजनाओं के गठन के लिए बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। चेयरमैन गंगाराम राजपूत की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में 14 वार्डों के सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में किए जाने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव पर चर्चा की। चेयरमैन ने बोर्ड की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकास कार्यों की योजनाओं में वर्गवाद, जातिवाद को दरकिनार कर प्रस्ताव पारित किए जाएं। जिससे नगर के समस्त नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। अधिशाषी अधिकारी रेणुका यादव ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा जिससे दीर्घकाल के लिए लोगों को सुविधा का लाभ मिल सके। इस दौरान सभासद अनुराग शुक्ल, मुन्नन शुक्ल, संजय गुप्ता, गीता भार्गव, सुनीता मिश्रा, रजत त्रिपाठी, रंजीत यादव, मनीष जायसवाल, रेनू भार्गव व संतोष राजपूत सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

### दीवार गिरने से युवक की मौत

**औरंगाबाद।** बुधवार देर रात आए आंधी तूफान के बारिश से एक दीवार भरभरा कर ढह गई। जिसके नीचे दबने से एक युवक की मौत हो गई। बता दें कि क्षेत्र के निवासी राम कुमार (35) पुत्र श्रीराम पासवान पुत्र बदलू निवासी सिदिकपुर मजरा देलहरा थाना नैमिषारण्य की दीवाल गिरने से दब कर मृत्यु हो गई है। पीड़ित पिता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मानकविहीन ईंटों को हटवाया गया

**लहरपुर।** विकास खंड परसेंडी के ग्राम गोरिया झाल में गौरिया सरैया मार्ग जिसका निर्माण क्षेत्र पंचायत परसेंडी के द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग योजना के तहत कराया जा रहा है। उक्त मार्ग पर लगाए गए मानक विहीन खड़ंजे के शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई थी, जिससे सापेक्ष में अवर अभियंता लघु सिंचाई दीपक चौहान ने कार्यस्थल की जांच की। उन्होंने बताया कि खरंजा निर्माण में जो भी मानक विहीन ईटों का उपयोग किया गया था, उसे हटवा दिया गया है और ईटों को जांच के लिए भेजा गया है।

### विवाहिता को मारने का आरोप

**महमूदाबाद।** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के चिखड़ी धंधार मजरा छतौनी तीरथ राज ने अपनी बेटी विनीता देवी की शादी रामपुर कला थाना क्षेत्र के दुघरा गांव निवासी अरुण कुमार के साथ दो वर्ष पूर्व की थी। पीड़ित पिता का आरोप है कि यह शादी सदरपुर थाना क्षेत्र के सुहेला निवासी रूप राम यादव, खजन यादव व मयाराम द्वारा जबरन दबाव बनाकर शादी करवाई गई थी। आरोप है कि शादी से लेकर अभी तक नगदी व बाइक के लिए मृतका को रोज प्रताड़ना व गालियां ससुराल वालों द्वारा दी जाती थीं, इतना ही नहीं खाने पीने और औषधियों के खर्च के लिए मायके से रुपए लेने के ताने भी मारे जाते थे। आरोप है कि पति अरुण, ससुर सुरेंद्र, सास व ससुर सुरेंद्र के पिता श्री राम यादव सहित रूप राम, खजन आदि पर नगदी व दहेज़ के लिए प्रताड़ित करते थे। हालांकि पिता ने शादी के समय 50 हजार नगद व गृहस्थी का सारा समान भी दहेज स्वरूप दिया था। जबकि शेष धनराशि देने के लिए समय मांगा था। ऐसे में मृतका के पिता ने आरोप मढ़ा है कि अत्यंत गरीबी के चलते दहेज में बाइक न दे पाने की वजह से बेटी को मायके भी आने नहीं दिया जाता था। जिससे आहत हो कर मृतका को लंबे समय तक भूखा प्यासा रख कर माता पिता से बात भी नहीं करने दी जाती थी। थानाध्यक्ष रामपुर कला नवनीत मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बगैर परमिट के काट डाले 128 आम के पेड़, की जाएगी जांच

» ग्रामीणों ने वन विभाग से की शिकायत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** सकरन क्षेत्र के शाहपुर निवासी कमलाकान्त की आम की बाग सकरन-बिसवां रोड के किनारे लगी थी। जिसको क्षेत्र के गिरवरपुर गांव निवासी लकड़ी ठेकेदार ओमप्रकाश सिंह ने खरीदा था।

बुधवार की रात ठेकेदार ने बाग से 128 आम के प्रतिबंधित. पेड़ों को बगैर परमिट बनवाये ही कटवा लिया। इसके अलावा क्षेत्र के अल्लीपुर गांव निवासी एक व्यक्ति की बाग से 18 आम के पेड़ों को क्षेत्र के मडोर गांव निवासी लकडी ठेकेदार गुड्डू ने बगैर परमिट के कटवा लिया। लकड़ी कटान से जुड़े लोगों ने बताया कि क्षेत्र में बगैर परमिट के हो रहे प्रतिबंधित पेड़ कटान में वन दरोगा नरेन्द्रपाल यादव का संरक्षण प्राप्त है। सकरन वीट का प्रभार मिलने के बाद से आए दिन प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों का कटान करवाया जा रहा है। क्षेत्रीय ग्रामीण मनोहर लाल, सियाराम, जगदीश व इसरत अली आदि ने अवैध पेड़ कटान की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की। रेंजर अहमद कमाल सिद्दीकी ने बताया कि हम छुट्टी पर थे आज आये हैं मामले की जांच करवा कर विभागीय कार्यवाही की जायेगी।



# ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध सदस्यों ने खोला मोर्चा

» भ्रष्टाचार का अरोप लगा सात बिंदुओं पर जांच की मांग

» इंटरलॉकिंग व नाला निर्माण में लगाई मानकविहीन सामग्री

**विश्ववार्ता संवाद**

**सिधौली (सीतापुर)।** स्थानीय ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बीडीसी रोहित भारती के नेतृत्व में बीडीओ मनोज कुमार शर्मा व नायब तहसीलदार आलोक कुमार को सौंपे गए ज्ञापन में ब्लॉक प्रमुख राम बख्श रावत पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सात बिंदुओं पर जांच कराने की मांग की है। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 में ब्लॉक क्षेत्र में लगाई गई 120 स्ट्रीट लाइटों का भुगतान रुपये 40 लाख बगैर मापांकन के करवाया गया। 2022-23 में इंटरलॉकिंग, नाला-नाली व खड़ंजा निर्माण में मानकविहीन सामग्री का प्रयोग कर दो करोड़ की धनराशि आहरित की गई।



पिछले तीन वर्ष के कार्यकाल में मात्र तीन बैठकें आयोजित कर अनुपस्थित बीडीसी के फर्जी हस्ताक्षर कर कार्य योजनाएं पास कराई गई। विकास खण्ड की गठित समितियों का मात्र ब्लॉक प्रमुख की उपस्थिति गठन किया गया। जिसमें सदस्य को जानकारी ही नहीं कि वे किस समिति के सदस्य हैं। तीन बैठकों का बीडीसी सदस्यों का मानदेय पक्षपात तरीके से भुगतान किया गया जबकि कुछ सदस्यों का मानदेय भुगतान अभी भी बकाया है। तीन वर्षों के कार्यकाल में पक्षपात तरीके से असंख्य वार्डों में अभी तक कोई विकास कार्य नहीं किए गए और बीडीसी सदस्यों द्वारा ब्लॉक प्रमुख से बात किए जाने पर अभद्र भाषा शैली का प्रयोग किए जाने की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान संदीप रावत, सुशील रावत, राकेश रावत, प्रवेश रावत, एवन, अमित रावत, विकास रावत, महेश लोध, रामस्वरूप, ममता पांडेय, रोहित भारती, प्रवेश पाल, महेन्द्र पाल व शिवप्यारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप

**महमूदाबाद।** सदरपुर थाना क्षेत्र के कम्हरिया निवासिनी पीड़िता ने शिकायत करते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने बेनी माधवपुर निवासी संदीप पुत्र अज्ञात पर आरोप लगाया है कि संदीप से उसकी बातचीत होती थी।

इसी बातचीत के दौरान उसने पीड़ति को मिलने के लिए बुलाया, जब पीड़ति उससे मिलने गयी तो उसने पीड़िता को पकड़ लिया और पीड़िता की मर्जी के बगैर उसके साथ अश्लीलता करने लगा, पीड़िता के विरोध करने पर उसने शादी का झांसा भी दिया, और फिर उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़ति ने बताया कि उसने उसके साथ तीन बार शारिरिक संबंध बनाए। पीड़ति ने जब उससे बातचीत करना बंद किया और उसका विरोध किया तो पीड़िता की फ़ोटो फेसबुक पर वायरल कर दी गई। पीड़िता ने इस संबंध में सदरपुर थाने में तहरीर दी है।

# खुद पर बन आई तो दूसरे पर फोड़ दिया ठीकरा

## वसूली का आरोप पुलिस पर कथित पत्रकार पर केस दर्ज

» 50 हजार पीड़ति पक्ष ने दिए तब छूटा था बेगुनाह

**विश्ववार्ता संवाद**

**महोली (सीतापुर)।** पुरानी कहावत है कि पुलिस की न तो दोस्ती अच्छी है और न ही दुश्मनी। भुड़िया गांव के एक कथित पत्रकार को इस कड़वी सच्चाई से गुरुवार को रूबरू होना पड़ा। प्रकरण 50 हजार रुपये लेकर पुलिस अभिरक्षा में बंद युवक को छुड़ाने से जुड़ा है। भुड़िया गांव के प्रेम कनौजिया को 3 जून को एक शिकायत के आरोप में पुलिस थाने ले आई थी। इसको छोड़ने की एवज में 50 हजार रुपये की डिमांड कथित पत्रकार ने उसकी पत्नी से की थी। प्रेम की पत्नी शीलू देवी ने तीन लोगों से 50 हजार रुपये लेकर कथित पत्रकार को दिए, जिसके कुछ देर बाद ही प्रेम को कोतवाली से छोड़ दिया गया। गुर्बत की जिंदगी जी रही शीलू ने पुलिस के खिलाफ आवाज बुलंद की तो खाकी बचाव की मुद्रा में आ गई। प्रदर्शन के डर से पुलिस ने गुरुवार को कथित पत्रकार के विरुद्ध अवैध तरीके से रुपये लेने का केस दर्ज कर लिया लेकिन पुलिस कैसे बेगुनाह है इस पर वह बोलने से बचती रही।




बता दें कि यह कथित पत्रकार पूरा दिन कोतवाली परिसर में ही मौजूद रहता था और पुलिस का इससे स्नेह जगजाहिर भी है। करीबी होने के बाद भी पुलिस ने वफा का सिला कुछ तरह मिलेगा यह तो किसी को भी उम्मीद नहीं थी। बड़ा सवाल 50 हजार रुपये शीलू ने जब दिए उसके बाद ही उसका पति कोतवाली से छोड़ा गया, यह सवाल भी अनसुलझा है। सीओ महोली अरुण सिंह ने बताया कि शीलू की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है प्रकरण की विवेचना सीओ मिश्रिख कर रहे हैं।

## किसान पाठशाला का आयोजन

**लहरपुर।** विकासखंड परसेंडी के ग्राम दनियालपुर में बृहस्पतिवार को दि मिलियन फार्मर्स स्कूल किसान पाठशाला का आयोजन ग्राम प्रधान आरती देवी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें किसानों को नवीनतम तकनीक से खेती करने की जानकारी दी गई। इस मौके पर विषय वस्तु विशेषज्ञ श्याम सिंह ने किसानों को जैविक खेती, मोटे अनाज, प्राकृतिक खेती, पीएम किसान सम्मान निधि के बारे में जागरूक किया गया।

# स्थानांतरण हो या सेवानिवृत्ति दोनों दुखदायी होते हैं : अधीक्षक

» विदाई समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**विश्ववार्ता संवाद**

**बिसवां (सीतापुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां के हेल्थ सुपरवाइजर मुरली मनोहर त्रिवेदी व हेल्थ डिजिटल संतोष कुमारी के सेवा निवृत होने पर उन्हें स्वास्थ्य केंद्र द्वारा विदाई दी गई। अधीक्षक अमित कपूर ने कहा की सरकारी सेवा काल मे चाहे स्थानांतरण हो या सेवा निवृत्त दोनों दुखदायी होते हैं।

परन्तु यह शाश्वत नियम है जीवन काल का अमूल्य समय हम विभाग को देते हैं, जहां हम काम करते हैं वही हमारा परिवार होता है उससे बिछड़ने का दुःख कम नहीं है। परंतु खुशी इस बात की है की सेवा काल के दौरान विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों सभी के सहयोग से इस लंबी यात्रा को पूरा किया गया। उन्होंने कहा त्रिवेदी जी ने अपने मृदुभासी स्वभाव तथा कार्य के प्रति निष्ठावान व्यक्ति हैं। उन्होंने बड़ी जिम्मेदारी निभाई है।

इसी क्रम में हेल्थ डिजिटर संतोष कुमारी ने सरकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने महिलाओं तक उसके लाभ दिलाने का सहयोग बुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विभाग के सभी चिकित्सक कर्मचारी आशा बहू आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद थी। विदाई समारोह में त्रिवेदी ने कहा मेरे सेवा काल में जो सहयोग सभी से मिला है जिसके कारण मैंने अपनी सेवाओं को भली बात देने में सफलता प्राप्त की। मैं सभी का आभारी हूं। चिकित्सालय में एक विशाल भंडारा ज्येष्ठ माह के अवसर पर किया गया।

# चेतावनी : दो दिन तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

» वकीलों के समर्थन में आया बिसवां बार एसोसिएशन

» एसडीएम को हटाने व कार्यवाही को लेकर दिया ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाद**

**बिसवां (सीतापुर)।** महमूदाबाद लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा उप जिलाधिकारी प्रशासन शिखा शुक्ला के विरुद्ध चल रही हड़ताल के बाद उप जिलाधिकारी द्वारा वकीलों के साथ अभद्रता करने के विरोध में वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा।

स्थानीय अधिवक्ताओं ने उनके न्यायालय का बहिष्कार करने के निर्णय के समर्थन में बिसवां बार एसोसिएशन ने 20 और 21 जून को न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि उप जिलाधिकारी महमूदाबाद के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाए और उन्हें तत्काल वहां से हटाया जाए। इस सम्बंध में एक ज्ञापन बार एसोसिएशन के एल्डर कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश नारायण गुप्ता, अध्यक्ष आरएन सिंह तथा सचिव नीरज श्रीवास्तव के साथ उप जिलाधिकारी बिसवां को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से अधिवक्ता संतोष कटोरिया, पुत्तीलाल वर्मा, प्रमोद यादव, जितेंद्र मिश्रा सहित लगभग दो दर्जन अधिवक्ता बिसवां बार एसोसिएशन के मौजूद थे।



**भ्रष्टाचार** बैंक ऑफ इंडिया में लोन दिलाने को करोड़ों की ठगी का मामला

# सीसीटीवी फुटेज को आधार बना की जाए जांच

» समाजसेवी शेख फारुख अहमद ने उठाई मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** बैंक ऑफ इंडिया हरगांव में हुई घपलेबाजी को लेकर समाजसेवी शेख फारुख अहमद ने कहा कि शाखा प्रबंधक, कैशियर, बैंक कर्मचारियों ने दलालों की सांठगांठ से ग्राहकों को अलग-अलग तरीके से गुमराह कर फाइलों सहित बिड्राल पर हस्ताक्षर करा लिए गए। इसके बाद में कोई न कोई समस्या बताकर इन लोगों को भुगतान न करके गुमराह कर ठग गिरोह द्वारा भुगतान निकाल लिया गया। इसकी जांच सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को आधार बनाकर की जाए।




अब इन सभी को बैंक द्वारा नोटिस मिला तब ग्राहकों को ऋण की जानकारी हुई। ठगी के शिकार लोगों में मो. आकिब कोरैय्या मुद्रा लोन आठ लाख 50 हजार रुपए, कमरुन निशा कोरैय्या चारा लोन एक लाख 50 हजार रुपए, दिलीप कुमार माहिमपुर मुद्रा लोन पांच लाख रुपए, भारती लाल रायपुर मुद्रा लोन नौ लाख रुपए, शमीम जहां भनवापुर मुद्रा लोन नौ लाख रुपए, करन कुमार दहिरापुर मुद्रा लोन नौ लाख 50 हजार रुपए, सोनू कनौजिया रजनी संयुक्त खाता वजीरपुर केकेसी दो लाख रुपए व शुभम कनौजिया सचिन संयुक्त खाता वजीरपुर केकेसी दो लाख निकालकर हड़प लिए गए। इसी तरह यशपाल राज वजीरपुर केकेसी सात लाख रुपए, सुधा देवी यादव हैदरपुर पीएमजीवाई 10 लाख रुपए, अतीक नौरंगपुर पीएमजीवाई नौ लाख रुपए, रज्जन नौरंगपुर पीएमजीवाई 10 लाख रुपए व शिव कुमारी नौरंगपुर पीएमजीवाई 10 लाख रुपए के नाम से जालसाजी कर रुपए निकाल लिए गए। फ्राड का सिलसिला यही नहीं रुका और सपना देवी नौरंगपुर पीएमजीवाई 10 लाख रुपए, अमित नौरंगपुर पीएमजीवाई तीन लाख रुपए, फूल कुमारी गयाहार पीएमजीवाई नौ लाख रुपए, मनोज कुमार गयाहार पीएमजीवाई नौ लाख रुपए, राधेश्याम नौरंगपुर पीएमजीवाई दस लाख रुपए, मैकू मूड़ीखेरा केकेसी एक लाख 10 हजार, मो. अली भदेवा 45 हजार रुपए, पम्मी रायपुर चारा लोन एक लाख 39 हजार रुपए, अनूप कुमार वर्मा निरवाहनपुर मुद्रा लोन नौ लाख रुपए, मीरा देवी निरवाहनपुर मुद्रालोन 90 हजार रुपए, सत्य ऋषि रक्शा 45 हजार रुपए हड़प लिए गए।

किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि इस प्रकरण में शामिल बैंक मैनेजर देवेश तिवारी, कैशियर राहुल रस्तोगी व बैंक मित्र के साथ गिरोह में शामिल दलालों के विरुद्ध एफआईआर दर्जकर धन वसूली के साथ दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को, जुटे अफसर

**बहराइच।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 के सफल आयोजन के दृष्टिगत अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देशानुसार बुधवार को सिविल कोर्ट मीटिंग हाल में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/नोडल अधिकारी, लोक अदालत, विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में मुख्य राजस्व अधिकारी/नोडल अधिकारी, कलेक्ट्रेट देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानन्द कुशवाहा, तहसीलदार सदर अभयराज पाण्डेय, नानपारा अजय यादव, महसी रविकान्त द्विवेदी, पयागपुर धमेन्द्र कुमार व मिहींपुरवा अम्बिका चौधरी तथा डीएचआईओ बृजेश सिंह के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान निर्देश दिये गये कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 में किया जाय। साथ ही अधिकारियों से पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जाने की अपेक्षा की गयी। मौजूद अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बंध में सुझाव भी प्राप्त किये गये।

### 33 मंडलों में भाजपा चलाएगी योगासन कार्यक्रम

**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में पार्टी जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि शुक्रवार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जनपद के सभी 33 मंडलों में प्रातः काल 7 बजे से 8 बजे अंदर योगासन अपने-अपने क्षेत्र के उपयुक्त स्थान को चयनित करके ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं व आम जनमानस को योगासन का प्रशिक्षण दें। जिससे आज के आधुनिक युग में दूषित खान-पान व भागम भाग जीवन को योग के माध्यम से आम जनमानस स्वस्थ रहकर अच्छा जीवन व्यतीत कर सकें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधिगण जिला पंचायत अध्यक्ष जिला पदाधिकारी ब्लॉक प्रमुख को सभी मंडलों में लगाया गया है इस अवसर पर जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनीष आर्य, रणविजय सिंह, राहुल राय, सुनील श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार मिश्र जिला मीडिया प्रभारी तथा अमित शर्मा उपस्थित रहे।

### निःशुल्क कोचिंग के लिए इनपैनल्ड होंगे व्याख्याता

**बहराइच।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र एवं छात्राओं के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग हेतु इच्छुक विषय विशेषज्ञ अपने सभी शैक्षिक एवं शिक्षण अनुभव से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी बहराइच के कार्यालय में 01 जुलाई 2024 तक पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा करा सकते हैं। योग्य एवं अनुभवी व्याख्याताओं को जिला स्तरीय समिति द्वारा इनपैनल किया जायेगा। व्याख्यान के लिये आमंत्रित किये जाने वाले विषय विशेषज्ञों, वार्ताकारों एवं व्याख्याताओं को शासन द्वारा निर्धारित भुगतान किया जाएगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये कोर्स को-आर्डिनेटर के मो.नं. 6394085751 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### डीएम ने की समीक्षा बैठक



**गोंडा,** जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं बैंकर्स समिति की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के सभी बैंकर्स के पदाधिकारी एवं कृषि विभाग, उद्यान विभाग, डूडा विभाग, केसीसी, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, साइन अप इंडिया योजना, केसीसी रिन्यूअल, प्रीमियम, इंश्योरेंस, पीएमईजीपी योजना, माटीकला योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एनआरएलएम विभाग, पीएम स्वानिधी योजना, मत्स्य विभाग, प्रधानमंत्री जनधन योजना, आधार सीडिंग, शिक्षा विभाग, मातृ वंदना योजना, स्वास्थ विभाग, एनपीए बैंकर्स वसूली सहित कई अन्य विभागों पर गहन समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के सभी बैंक के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लाभार्थियों के द्वारा किए गए लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द स्वीकृत करते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

### वरिष्ठ पत्रकार सिद्दीकी को पितृ शोक

**रुपईडीहा,** बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती नगर पंचायत रुपईडीहा के समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार तथा रुपईडीहा पत्रकार संघ संरक्षक शकील अहमद के पिता हाजी मकसूद अहमद सिद्दीकी का 95 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने अपने घर में ही अंतिम सांस ली। हाजी मकसूद अहमद रूपईडीहा के पुराने व्यवसायी थे। कस्बे के सैकड़ो लोगों ने नम आंखों से रूपईडीहा कब्रिस्तान में उनको सुपुर्दे खाक किया।हाजी मकसूद अहमद अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। उनके पुत्र शकील अहमद सिद्दीकी रुपईडीहा की प्रसिद्ध समाजसेवी और रुपईडीहा पत्रकार संघ के लगभग 25 वर्षों से संरक्षक हैं। वह बहुत से सामाजिक कार्यों में लोगों को जागरूक करते हुए बढ़ चढ़ हिस्सा लेते रहते हैं।

### अज्ञात वाहन से कुचलकर बाइक सवार की मौत

**बहराइच।** आसाम रोड पर मोटरसाइकिल से जा रहे एक युवक को गुरुवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे यह गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाये जाने पर चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### इंडो-नेपाल काउंटर पार्ट समन्वय बैठक



**श्रावस्ती।** बृहस्पतिवार को श्री रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमांडेंट 62वी वाहिनी भिनगा के दिशा निर्देशन में समवाय प्रभारी निरीक्षक जिया लाल एवं APF नेपाल के उप निरीक्षक शेर बहादुर के सी के मध्य 'ए' समवाय भैसाहिनाका में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस समन्वय बैठक के दौरान सशस्त्र सीमा बल एवं नेपाल APF दोनों पक्षों के बीच निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा हुई |लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान सीमा पर समन्वय स्थापित कर सफलता पूर्वक ड्यूटी संपन्न के लिए समवाय प्रभारी द्वारा नेपाल APF को धन्यवाद दिया । भीषण गर्मी के कारण जंगल के नदी नाले सुख जाने से वन्य जीव जंतु पानी के तलाश में इधर उधर भटक रहे जानवर को शिकारी शिकार न बना पाए और इस पर कड़ी नजर व नियंत्रण हेतु विचार विमर्श हुआसीमा तथा स्तंभ की सुरक्षा पर विचार हुआ।सीमा पर किसी तरह की अतिक्रमण न हो इस पर विचार हुआसीमा पर अवैध आवाजाही को रोकना । तस्करी व अपराध संबंधी विषय पर सूचना आदान प्रदान करने पर विचार हुआ। सीमा पर अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी व निर्माण पर नियंत्रण। लकड़ी तस्करी के नियंत्रण पर बातचीत हुआ।

### खलिहान की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**श्रावस्ती।** खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर तहसील भिनगा के बनकटवा गांव निवासी ने जिलाधिकारी को पत्र देकर खलिहान की जमीन को खाली कराया जाने और अवैध कब्जेदार के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है । बनकटवा गांव निवासी चंद्रशेखर पुत्र त्रिवेणी ने जिलाधिकारी को पत्र देकर बताया कि गांव में 2 वर्ष पूर्व हल्का लेखपाल द्वारा गाटा संख्या 71 की नपाई करके खलिहान की भूमि अलग कर दी गई थी । तत्कालीन लेखपाल द्वारा अपनी रिपोर्ट में भी गाटा संख्या 71 को खलियान की भूमि दर्शाकर अपने अधिकारी को सौंप दी गई थी । लेकिन उक्त जमीन पर अमेरिका प्रसाद वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया । अमेरिका द्वारा उक्त कल्याण की कुछ जमीन पर पक्का निर्माण भी कर लिया गया है । मजे की बात यह है कि लेखपाल द्वारा बार-बार अमेरिका वर्मा से कल्याण की जमीन से अवैध कब्जा हटाने की बात कहीं जा रही है उसके बावजूद भी उक्त दबंग व्यक्ति द्वारा खलिहान की जमीन से अवैध कब्जा हटाया नहीं जा रहा है ।

### सेवा मित्र पोर्टल से घर बैठे पायें लाभ

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देश पर जिला सेवायोजन अधिकारी सचिन चौधरी ने बताया है कि जनपद के समस्त नागरिकों एवं सरकारी कार्यालयों/विभागों को डोर टू डोर सेवायें उपलब्ध कराने हेतु सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र पोर्टल विकसित किया गया है। जिसमें सेवामित्र पोर्टल से सर्विस बुकिंग कर विभिन्न सुविधाओं का घर बैठे लाभ ले सकते है।

# इंजीनियर से रंगदारी मांगने वाले बदमाश, गिरफ्तार

## गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर को भेजा न्यायालय, बदमाश के पास से एक अवैध तमंचा भी किया पुलिस ने बरामद

**विश्ववार्ता संवाददाता**



नवाबगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए रंगदारी मांगने के आरोपी अभियुक्त

**नवाबगंज (गोंडा)** थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव में अयोध्या-गोरखपुर राजमार्ग के पास माहेश्वरी समाज द्वारा निमार्णाधीन शौर्य भवन के इंजीनियर से रंगदारी की नियत से धमकाने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार को टिकरी मोड से गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर के पास से एक अवैध तमंचा भी बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि महेशपुर गांव मे शौर्य भवन निर्माण काम चल रहा है इस मे काम करने वाले इंजीनियर को धमकानै को लेकर स्थानीय थाने मे मुकदमा दर्ज था इस इस मुकदमें में वांछित आरोपी पुरूषोत्तम सिंह उर्फ ट्विंकल सिंह पुत्र अनंत देव निवासी इस्माइल पुर थाना नवाबगंज और थाना क्षेत्र के जफरापुर खुर्दाबाद निवासी शातिर हिस्ट्रीशीटर अनंत राम यादव पुत्र छोटेलाल को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। मामले के तीसरे आरोपी सतीश सिंह को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गैंगेस्टर एक्ट के 3 वांछित को किया गया गिरफ्तार

गुरुवार को नवाबगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है दिनांक 02.06.2024 को थाना वजीरगंज क्षेत्र के अंतर्गत थानाध्यक्ष वजीरगंज अभय सिंह द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-227/2024, धारा 2(ख)(17)/3(1) गैंगेस्टर एक्ट, बनाम मुकेश तिवारी आदि 5 अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक नवाबगंज द्वारा की जा रही थी, गुरुवार को नामजद 3 आरोपी अभियुक्तों मुकेश तिवारी, रसीले कोरी व .जितेन्द्र प्रताप कोरी को किशुनदासपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा गिरोह बनाकर अपने आर्थिक, भौतिक लाभ हेतु गोवंशीय पशुओं को वध करने हेतु पकड़ा जाता है और उनका मांस काटकर बेचा जाता है। इस गैंग का लीडर रसीले कोरी है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### नेपाल में भारतीय पत्रकार की तबीयत बिगड़ी

**बहराइच।** नेपाल के पर्यटन मंत्रालय एवं नेपाल फोटो पत्रकार महासंघ द्वारा करनाली प्रदेश में स्थित रारा ताल सहित कई पर्यटक केदो के विकास एवं उनके महत्व के स्थलीय भ्रमण हेतु नेपाल के पत्रकारों, पर्यटन मंत्रालय एवं भारतीय पत्रकारों का एक दल इस समय पांच दिवसीय दौरे पर नेपाल में है।विभिन्न जिलों का भ्रमण करते हुए आज यह दल नेपाल के जिला मुगू में स्थित रारा ताल पहुंचा। इससे पहले भारतीय पत्रकार दल में शामिल बहराइच जिले के वरिष्ठ पत्रकार शादाब हुसैन की अचानक एक दिन पहले तबीयत बिगड़ जाने के कारण उनका वहाँ उपचार किया गया एवं आज इमरजेंसी के तौर पर जिला मुगू एयरपोर्ट से नेपालगंज के लिए फ्लाइट से उन्हें रवाना किया गया । श्री हुसैन ने बताया कि तबीयत अब पहले से बेहतर है।

## जन समस्याओं के प्रति काफी गंभीर हैं बहराइच की जिलाधिकारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» जन सुनवाई के लिए सबसे ज्यादा समय देने वाली

**बहराइच ।** जिलाधिकारी मोनिका रानी जन समस्याओं को लेकर बेहद गंभीर हैं। वह लंबे समय तक जन सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित रहती हैं और सबसे ज्यादा समय तक बैठने वाली अधिकारी मानी जाती हैं। इनकी पहचान लापरवाह अधिकारियों व कर्मरचारियों पर कडी कार्यवाही करने वाली डीएम के रूप में भी है। उन्होंने अपने कार्य करने के तरीके से एक मिसाल प्रस्तुत कर दी है जो दूसरे अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए एक मिसाल है ।

जिलाधिकारी मोनिका रानी की कोशिश होती है कि वह अपनी परेशानी लेकर आने वाला कोई भी व्यक्ति निराश न लौटे । इसके लिए वे सुबह नौबजे से ही कार्यालय में जनता से मिलना शुरू कर देती हैं । कोई निराश न लौटे इस कोशिश में अक्सर शाम पांच बजे तक जनता से मुलाकात का सिलसिला चलता रहता है। जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए भी सम्बन्धित अधिकारीकारी को निर्देशित किया जाता है ।यह नजीर पेश कर वह अन्य अधिकारियों से भी इसी तरह की उम्मीद करती हैं ।

### योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए जनपद पहुंचे मंत्री



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री, मत्स्य विभाग/जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को प्रातः 6:05 बजे इन्दिरा गांधी स्पोट्स स्टेडियम में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद प्रातः 7:30 बजे लोनिवि निरीक्षण भवन, बहराइच पहुंचकर प्रातः 7:40 बजे तक मंत्री जी का कार्यक्रम आरक्षित है।

प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद पूर्वान्ह 11:05 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था, बाढ़खण्ड एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा के उपरान्त मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे।

## 5 करोड़ वाले कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

### समय से पूरे किए जाएं सभी निर्माण कार्य-डीएम

**विश्ववार्ता संवाददाता**



निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक करती जिला अधिकारी नेहा शर्मा

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट कक्ष में जनपद में चल रहे विभिन्न विभागों के पांच करोड़ से अधिक वाले भवन निर्माण कार्य एवं सड़क, पुल आदि के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाय। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई भी समझौता न किया जाए। जिन भवन निर्माण में बजट के अभाव से कार्य रुका है उसे बजट मंगाकर पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्तर से निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाती है अतः कार्यदायी संस्थाएं सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा करें। देर से निर्माण पूरा करने पर शासकीय धन की क्षति होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो निर्माण कार्य मामूली सी कमी होने के कारण शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पा रहे है। उन सभी निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। जो कमी है उसे तत्काल पूरा कर कर सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर किया जाए।

बैठक में डीएसटीओ अरुण सिंह, एडीएसटीओ राजेश पाण्डेय, एक्सईएइएन यूपी सिडको, ग्रामीण अभिन्यंत्रण विभाग, निर्माण खंड 1, सीएण्डडीएस, यूपी आरएनएन, पैक्स फेड, सभी संबंधित निर्माण कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रुके हुए कार्यों को कराने के लिए बेताब : सभासद

## सभासदो ने जिला अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर बोर्ड बैठक बुलाने की लगाई गुहार

**विश्ववार्ता संवाददाता**




सिटी मजिस्ट्रेट अधिशासी अधिकारी से मुलाकात करते नगर पालिका परिषद के सभासद

**गोंडा।** गुरुवार को नगर पालिका परिषद के निर्वाचित सभासदों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर शहर की समस्याओं को लेकर आगामी त्यौहार व बरसात के मद्दे नजर विभिन्न वार्डों में टूटी हुई सड़क नाली व अन्य जरूरी विकास कार्यों को कराए जाने की गुहार लगाते हुए सिटी मजिस्ट्रेट व नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी से जल्द से जल्द बोर्ड बैठक को बुलाकर नगर पालिका परिषद के रुके हुए विकास कार्यों को शुरू कराए जाने की मांग की।

नगर पालिका परिषद के निर्वाचित सभासदो ने वार्डों में रुके हुए जरूरी विकास कार्यों को कराए जाने के लिए एक बार फिर जिलाधिकारी नेहा शर्मा सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्रा से मुलाकात कर जल्द से जल्द बोर्ड बैठक को बुलाकर शहर के विकास कार्यों को शुरू कराने की मांग की सभासदों ने कहा कि विभिन्न वार्डों में पूर्व में कराए गए निर्माण संबंधित कार्यों का अभी तक भुगतान लंबित है जिसकी वजह से कार्य करने वाले ठेकेदार भुगतान न होने की वजह से परेशान है।

सभासदों ने कहा कि बरसात से पहले सभी वार्डों में स्थित नाला और नालियों की साफ सफाई के साथ ही आगामी मुहर्रम त्योहार के दृष्टिगत जुलूस निकालने वाले मार्गो पर क्रॉस डेन गड्ढा मुक्त कराए जाने समुचित प्रकाश व्यवस्था कराना बेहद जरूरी है।

इस मौके पर सभासद अनूप श्रीवास्तव डब्बू, फ़हीम सिद्दीकी, शशांक श्रीवास्तव , मनोज मिश्रा अरविंद सोनी ,आशीष मोदनवाल, अभिषेक मिश्रा, हाजी सईद ,बशीर खान, इसराइल,अब्दुल्लाह अंसारी,अली हैदर मौजूद थे

## योग से आलस्य एवं अध्ययन से अज्ञानता का होगा विनाश : डॉ रंगनाथ त्रिपाठी

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**नवाबगंज (गोंडा)** क्षेत्र के कल्यानपुर गांव स्थित एसएमआई महाविद्यालय में गुरूवार को पं दीनदयाल उपाध्याय शिक्षण संस्थान की तरफ से संस्कृत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के सदस्य डॉ रंगनाथ त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि राजेश मिश्रा और मुख्य वक्ता के रूप में जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान के प्रधानाचार्य राजनाथ सिंह ने सभी अतिथियों को बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद संस्थान के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह और प्रबंधक अमित सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर किया। संस्थान की योग शिक्षिका पूजा और अर्चना ने अतिथियों पर पुष्प वर्षा की एंव तिलक लगाया साथ ही योग शिक्षक मनीष शर्मा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने पं दीनदयाल उपाध्याय एवं माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एंव दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी की शुरुआत की।

इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षण संस्थानों का एक ही उद्देश्य होता है समाज के हर वर्ग को शिक्षित कर एक स्वस्थ और उन्नत समाज एवं राष्ट्र की स्थापना करना। उन्होंने कहा कि आज के विलासिता भरी जीवन शैली से लोग मानसिक एवं शारिरिक रुप से कमजोर होते जा रहे हैं।

## केला उत्पादन तथा पर्यावरण जागरूकता के लिए सम्मानित किए गए डॉ . उमेश

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बहराइच।** गुजरात की स्वायत्तशासी संस्था शाश्वत फाउंडेशन की ओर से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतुलनीय योगदान देने वालों को सम्मानित तथा प्रोत्साहित करने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में महिला पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान के वरिष्ठ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.उमेश प्रताप सिंह को जिला बहराइच में पौधरोपण तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. नरेंद्र पांडे तथा प्राचार्या महिला पीजी कॉलेज डा. प्रिया मुखर्जी की ओर से सम्मान पत्र देकर उत्साहवर्धन किया।

डॉ. सिंह बहराइच जिले में केला उत्पादन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। इसी के साथ डा. सिंह सूक्ष्म जीव विज्ञान के विशेषज्ञ हैं और जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जैव उर्वरक के प्रयोग से खेती को करने की प्रेरणा सभी को देते हैं मृदा संरक्षण में आपका विशेष योगदान रहता है। डॉ. का कहना है कि मनुष्य को इस बात को समझना चाहिए कि वनस्पतियों के बगैर पृथ्वी को मानव जीवन के अनुकूल नहीं बनाया जा सकता है। ऐसे में हर मनुष्य में पर्यावरण के प्रति जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जापान के नागरिक अपने देश के पर्यावरण के अनुकूल स्वयं को बना चुके हैं जबकि भारत के अधिकांश नागरिक नदियों तथा प्राणवायु को प्रदूषित करने में कोई संकोच नहीं करते हैं।

# आरोपी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर धरने पर बैठी गर्भवती रेप पीड़िता

## पयागपुर से अपहरण कर हरियाणा के सिरसा शहर में महीनों तक होता रहा दुष्कर्म

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बहराइच।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना स्थल पर बुधवार को एक गर्भवती रेप पीडिता अपने परिवार के साथ आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठी रही रेप पीड़िता का कहना है कि उसे पयागपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहरण कर हरियाणा प्रांत के सिरसा शहर ले जाया गया जहां महीनों उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया गया। दुष्कर्म के कारण वह गर्भवती हो गई और अभी भी उसके पेट में 9 माह का गर्भ पल रहा है।

पीड़िता के पिता ने बताया कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाली सरकार बेटियों के साथ अन्याय होने पर आरोपियों को गिरफ्तार करने में भी कोई रूचि नहीं लेती है।

उन्होंने बताया कि बेटी की बरामदगी के बाद उन्होंने पुलिस को आरोपियों के नाम तक बताए लेकिन एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया और ना ही उनके विरुद्ध कोई केस दर्ज किया गया। पीड़िता ने बताया कि उसे पयागपुर से अपहरण कर गोंडा ले जाया गया जहां अपहरण कर्ता के रिश्तेदार मिले और वहां से उसे हरियाणा प्रांत के सिरसा ले जाया गया जहां उसके साथ लगातार दुष्कर्म होता रहा। इस बीच वह गर्भवती भी हो गई। अभी भी उसके पेट में 9 माह का गर्भ पल रहा है। पीड़िता के पिता ने बताया कि पुलिस को आरोपियों के नाम तक बता दिए गए हैं लेकिन अभी तक कानून के हाथ आरोपियों की गिरेबान तक नहीं पहुंचे हैं। ऐसे में वह अपनी बेटी के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित हैं।

### शहर की बिसातखाना बाजार की दो दुकानों में शार्ट सर्किट से लगी आग

> बीस लाख से अधिक की संपत्ति जलकर खाक, शहर के लोगों में

**बहराइच।** शहर के बिसातखाना बाजार में बर्तन की दुकानों में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें दो दुकानों में 20 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग लगने से शहर के लोगों में दहशत रही। शहर के मोहल्ला सलारगंज निवासी राहुल कुमार पुत्र विजय और भगौती की बर्तन की दुकान बिसात खाना बाजार में संचालित है। मोहल्ला भ्रमणीपुरा में स्थित बिसात खाना लाइन में दोनों की दुकान बीच शहर में है। बुधवार रात 10 बजे सभी दुकान बंद कर घर चले गए। इसी दौरान शार्ट सर्किट से दुकानों में आग लग गई। आग की लपट देख आसपास के लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। आग ने विरकाल रूप ले लिया। पास में मौजूद दमकल के तीन वाहन पहुंचे। दमकल कर्मियों ने काफी देर बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो गई। राहुल बर्तन भंडार में 12 लाख का नुकसान हुआ है। जबकि भगौती की दुकान में सात लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

# भिनगा नगर पालिका क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास आवंटन में हुआ जमकर खेल

## लोजपा के प्रदेश महासचिव ने शासन को लिखा पत्र, मची खलबली

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**श्रावस्ती।** भिनगा नगर पालिका क्षेत्र में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों की जांच के लिए शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलासके प्रदेश महासचिव मनोज पाठक द्वारा शासन को पत्र लिखकर भिनगा नगर पालिका क्षेत्र में आवंटित की गई प्रधानमंत्री आवास योजना में व्यापक रूप से हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है ।

मनोज पाठक ने शासन को लिखे पत्र के हवाले से बताया कि भिनगा नगर पालिका क्षेत्र में गरीबों के बजाय अमीरों को ही आवास का आवंटन कर दिया गया । ज्यादातर आवास उनको दिए गए जिनके पास उनकी जमीन का कोई मालकाना हक नहीं है । बहुत से आवास इस तरह आवंटित किए गए कि जमीन की कागज लगी हुई है.पर वहां आवास के नाम पर एक ईट भी नजर नहीं आ रही है और ढाई लाख रुपए भुगतान भी कर दिया गया । आवास में हुए भ्रष्टाचार का खेल यहां तक ही नहीं सीमित है प्रधानमंत्री आवास योजना में कुछ कर्मचारी जेइ के रूप में भिनगा नगर पालिका क्षेत्र के रहने वाले काम कर रहे थे इन लोगों ने मनमानी ढंग से अपने रिश्ते नातेदारों को अवैधरूप से सरकारी जमीनों पर ही आवास का आवंटन कर दिया । इस संबंध में मनोज पाठक से बात करने पर उन्होंने बताया कि भिनगा नगर पालिका क्षेत्र में आवास आवंटन में जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है जिसकी जांच के लिए हमने शासन को पत्र लिखा था । शासन से आदेश होकर आया है और इसमें अगर किसी भी अधिकारी ने गलत रिपोर्ट लगा कर भेजी तो मैं अपने पार्टी की तरफ से प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर इसमें कठोर कार्रवाई की मांग करूंगा

# शिवाजी के राज्याभिषेक को ही हिंदू साम्राज्य दिवस कहा जाता है: भूपेंद्र

## नगर मुख्यालय सहित सभी खंडों में मनाया गया हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बहराइच।** जेष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर आज गुरुवार को नगर के सरस्वती विद्या मंदिर स्थित प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा हिंदू साम्राज्य उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संचालक डॉ गोविंद शेखर ने की एवं संचालन नगर कार्यवाह शिवम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांत सामाजिक समरसता सयोजंक राजकिशोर जी रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्त जिला कार्यवाह भूपेंद्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राष्ट्र निर्माण के अपने अनवरत, अथक प्रयास के 99 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करके 100 वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि कर्मयोगियों एवं भारत माता के सच्चे सपूतों से विरासत में मिले उन विचारों का हस्तांतरण नवीन पीढ़ी के स्वयंसेवकों में हो, जिनको केंद्र में रख कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आधारशीला रखी गई थी। यदि ये प्रासंगिक विचार एवं आचरण एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित नहीं होंगे तो ये विलुप्तप्राय हो जाएंगे। ऐसे में हिन्दू हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के उस देश काल खंड के प्रासंगिक विचार एवं आचरण का अनुसरण किए बिना हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना कर पाना असंभव सा प्रतीत होता है। शिवाजी महाराज का समूचा व्यक्तित्व सम्पूर्ण हिन्दू समाज के लिए आज भी मूर्तिमंत आदर्श है।

उत्तर भारत में काशी के ब्राह्मण गंगा भट्ट से उनके क्षत्रिय कुल का होने की पुष्टि कराई गई। इसके पश्चात उनका भव्य राज्याभिषेक हुआ। इस प्रकार हिन्दू साम्राज्य की नीव स्थापित करने में काशी की महती भूमिका रही आत्मविस्मृत समाज, विघटित समाज, सांस्कृतिक विभेद चहुँओर दिखाई दे रहा था।

## एक नजर

### तांगे से टकराई बाइक, मां की हुई मौत, बेटा घायल

**पाली/हरदोई।** पाली थाना क्षेत्र में गोपालपुर के पास एक तेज रफ्तार बाइक तांगे से टकरा गई, जिसमें मां-बेटा घायल हो गए। दोनों को स्थानीय पुलिस ने एंबुलेंस से नजदीकी सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने की महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला पाली में अपनी पुत्री के घर आई थी, वापस जाते समय हादसे का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार सनीता पत्नी स्वर्गीय महेश निवासी ग्राम बरखेड़िया थाना पसगवां जनपद लखीमपुर खीरी बीते दो दिन पूर्व पाली कस्बे के मोहल्ला काजी सराय में अपने दामाद संतोष पुत्र सान्नू के घर पुत्री से मिलने आई थी। बृहस्पतिवार को महिला अपने पुत्र रवी के साथ बाइक से अपने घर वापस जा रही थी, तभी पाली शाहाबाद मार्ग पर गोपालपुर पेट्रोल पंप के नजदीक सामने से आ रहे एक तांगे से बाइक टकरा गई। जिसमें रवी को मामूली चोटें आईं जबकि सनीता गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस के जरिए शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डॉक्टर ने सनीता को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है।

### ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की दर्दनाक मौत

**कछौना/हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम सभा गाजू के ग्राम बहदिन में एक युवक की खुले में शौच जाते समय रेल की चपेट में आने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार कोतवाली कछौना के ग्राम सभा गाजू के ग्राम बहदिन निवासी रामखेलावन पुत्र स्व0 मांगा उम्र 45 वर्ष बुधवार की रात रेलवे ट्रैक पार कर खुले में शौच करने जा रहे थे। इसी दौरान सीतापुर से बालामऊ आ रही ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। इस हादसे से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के चार बच्चे हैं। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब का आदी था।

### आकाशीय बिजली से एक की मौत

**सीखड़ (मिर्जापुर)।** जिले के कछवा थानान्तर्गत टकटकपुर (खैरा) निवासी गुलाब सोनकर पुत्र स्व0 पन्ना सोनकर 45 सुबह अपने घर से टहलने निकले थे आकाशीय बिजली की चपेट मे आने से उनकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### लोक सभा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों का व्यय का परीक्षण 24 जून को

**मिर्जापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जारी अपने एक आदेश तहत 79-मीरजापुर लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों का पूरे चुनाव प्रचार के दौरान व्यय की गयी धनराशि के लेखे को दाखिल करने की प्रक्रिया (एक दिवसीय फैसिलिटेशन कार्यक्रम) पर एक प्रशिक्षण दिनांक 24.06.2024 को जिला पंचायत सभागार मीरजापुर में पूर्वान्ह 11.00 बजे से आयोजित किया गया है।कृपया 79-मीरजापुर लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में चुनाव लड़ रहे समस्त प्रत्याशियों को निर्देशित किया जाता है, कि ससमय निर्धारित स्थान पर पहुँचकर प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करें।

### ई-रिक्शा भिड़ंत में युवक घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर कस्बा के समीप गुरूवार की शाम ई-रिक्शा की भिड़ंत में 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाने के मवइया गांव निवासी राम किशोर का पुत्र उमेश ई-रिक्शा में बैठकर शहर की ओर आ रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर निकला तभी सामने से आ रहे ई-रिक्शा से भिड़ंत हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

### युवक ने पी डाई

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम बरौरा में गुरूवार की सुबह मानसिक तनाव के चलते 25 वर्षीय एक युवक ने डाई पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बरौरा गांव निवासी स्व. राम किशोर का पुत्र गोविंद उर्फ गोरे ने गुरूवार की सुबह मानसिक तनाव के चलते डाई पी लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजनों ने उसको तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### हादसे में घायल की उपचार दौरान मौत

**फतेहपुर।** चार दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल 40 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान कानपुर में बुधवार की शाम मौत हो गई। गौरतलब है कि राधानगर थाना क्षेत्र के मदरियापुर मजरे केवई गांव निवासी छत्रपाल का पुत्र नरेश चंद्र 17 जून को बाइक से बांदा किसी काम से जा रहा था। तभी बिसंडा के समीप चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया था। परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे हैलट न ले जाकर प्राइवेट अस्पताल में उपचार करा रहे थे। बुधवार की शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घर वाले शव लेकर फतेहपुर आ गए और पुलिस को सूचना दे दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### युवक की संदिग्ध मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के नेवादा चक बरारी बिलंदा में घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में 48 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं पुत्र ने लू लगने की बात बताई है। जानकारी के अनुसार नेवादा चक बरारी बिलंदा गांव निवासी स्व. रामधनी का पुत्र जवाहर लाल की घर पर ही संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पुत्र ज्ञानेंद्र मौर्य ने बताया कि वह अपनी मां तारादेवी के साथ दिल्ली गया था। कल जब वह लौटकर आया तो पिता कमरे में अचेतावस्था में पड़े थे। काफी आवाज व हिलाने पर भी नहीं बोले तो पड़ोसी ने बताया कि उनकी मौत हो गई है। हालांकि पुत्र के अनुसार पिता की लू लगने से ही मौत हुई है।

### लोहे के तार में दौड़ रहे बिजली करंट से किसान की मौत

**खागा, फतेहपुर।** बृहस्पतिवार को सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के जगजीवनपुर सेमौरी गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। सुबह जंगल शौचक्रिया के लिए गए वृद्ध किसान कंधई लाल पुत्र स्व. सुन्दरलाल पासी खेतों के चारों तरफ लगे लोहे की तार में दौड़ रहे बिजली के करंट की चपेट में आ गया। जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। जब इसकी ख़बर गांव वालों को लगी तो लोगों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जाँच पड़ताल में जुट गई। परिजनों ने खेत स्वामी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। मृतक कंधई लाल के पुत्र राम कुमार ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पिता आज सुबह पांच बजे जंगल शौचक्रिया के लिए गए थे। चकरोड के बगल में गांव के ही रहने वाले राम पुत्र वीरेंद्र सिंह अपने खेत के मेड़बंदी में बल्ली गाड़कर तार बांध रखा है और उसमें बिजली का करंट दौड़ा रखा हुआ है। अचानक पिता का हाथ तार पर जा लगा। जिसकी वज़ह से पिता की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। शिकायती पत्र मिलने के बाद स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुंच गयी। पुलिस ने परिजनों से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की बात कही। तभी गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया और पुलिस को शव देने से मना कर दिया। परिजनों ने पुलिस से खेत स्वामी को तत्काल पकड़कर कानूनी कार्रवाई करने की बात पर अड़े रहे लेकिन पुलिस द्वारा परिजनों को हरसंभव मदद दिलाने व खेत स्वामी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देने की बात कही। इसके बावजूद भी परिजन खेत स्वामी की गिरफ्तारी पर अड़े रहे।

### राहगीरों को पिलाया शरबत, वृक्षा रोपण की अपील

**फतेहपुर।** ग्राम विकास संस्थान की डॉ. पूनम की ओर से ग्राम सभा बुदवन कार्यालय में असहनीय गर्मी को देखते हुए गर्मी से राहत दिलाने के लिए शरबत वितरण किया। राहगीरों, गांव के लोगों को रोक कर शरबत पिलाया गया। शरबत पीकर लोगों ने राहत की सास ली। संस्थापक इजी. राजेंद्र सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। संस्थान समाज की सेवा के लिए ही अग्रसर है और निरंतर सेवा करता रहेगा। अध्यक्ष डा. पूनम सिंह ने कहा कि हर वर्ष लगातार भीषण गर्मी बढने का मुख्य कारण पेडो की कटाई है। लोगों से अपील किया कि एक पेड काटने के बजाए पांच पेड़ लगाएं। इस मौके पर तहसील प्रभारी महेंद्र सिंह, कृष्ण प्रकाश सिंह, विजयपाल सिंह, राम भवन सिंह, भूपेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, छोटू सिंह, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# निजी विद्यालयों के शोषण के विरुद्ध अभिभावक संघ लामबंद

» कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सीएम को भेजा नौ सूत्रीय ज्ञापन



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते जिला अभिभावक संघ के पदाधिकारी।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** निजी विद्यालयों के शोषण के खिलाफ जिला अभिभावक संघ लामबंद हो गया है। गुरूवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नौ सूत्रीय ज्ञापन भेजकर निजी विद्यालयों पर लगाम लगाए जाने की मांग की गई है।

जिला अभिभावक संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार डब्लू की अगुवाई में पदाधिकारी व अभिभावक कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन करने के बाद जिलाधिकारी के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि निजी विद्यालयों की शिक्षा बहुत ही महंगी व खर्चीली है। दिनों दिन महंगी होती जा रही है। जिससे भारत देश के नागरिकों को सस्ती शिक्षा व अच्छी शिक्षा दे पाना अभिभावकों को मुश्किल होता जा रहा है। निजी शैक्षिक संस्थान अभिभावकों से मोटी रकम वसूलते हैं। मांग किया कि निजी विद्यालयों में बार-बार प्रवेश शुल्क लिए जाने पर रोक लगाई जाए, निजी विद्यालयों में संचालित पुस्तक भंडार व मनमाने दामों पर ब्रिकी पर पूर्णतः रोक लगाई जाए, प्रत्येक विद्यालयों में निर्धारित तीन प्रकार की डेªसों पर रोक लगाई जाए, प्रत्येक वर्ष विद्यालयों द्वारा पुस्तकों के बदले जाने वाले प्रकाशन पर भी रोक लगाई जाए, निजी विद्यालयों में एक से पांच तक, छह से आठ तक, नौ-दस व ग्यारह-बारह के प्रवेश शुल्क व शैक्षिक शुल्क का निश्चित मानक निर्धारित किया जाए।

पूरे प्रदेश में समान शिक्षा नीति लागू करते हुए अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा सभी विद्यालयों में दी जाए, निजी विद्यालयों की फीस का मानक सरकार द्वारा निर्धारित किया जाए, निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत चयनित सभी छात्र-

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं एनडीआरएफ ने बचाव के लिए किया मॉक अभ्यास

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिर्जापुर।** जनपद में लगे कालीखोह (विंध्याचल) रोपवे पर किसी प्रकार की आपात स्थिति में होने पर बचाव के रोकथाम हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पुलिस विभाग, एनडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग सहित अन्य हितधारकों ने कालीखोह स्थित रोपवे पर संयुक्त मॉक अभ्यास किया द्य इस मॉक अभ्यास कि भूमिका राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त मार्गदर्शन के क्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एनडीआरएफ 11 बटालियन उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी (भूवध्राव) सत्य प्रकाश सिंह, के द्वारा टेबल टॉप एक्सरसाइज के माध्यम से तैयार किया गई थी।

मॉक अभ्यास कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (भूवध्राव) सत्य प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एन०डी०आर०एफ, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, चिकित्सा विभाग एवं अग्निशमन विभाग द्वारा कुछ ऐसी स्थिति (पटकथा) बनाई गयी जिसके अनुसार यह प्रतीत हुआ कि रोपवे फेल हो जाने के कारण रोपवे ट्रॉली में कुछ लोग फंस गए हैं एवं रोपवे स्थल पर आग लग गयी है स तत्क्रम में मॉक अभ्यास में एन०डी०आर०एफ द्वारा रोपवे रेस्क्यू करके प्रभावितों को बचाया गया एवं अग्निशमन विभाग द्वारा लगी हुई आग पर काबु पाया गया। उप कमांडेंट, एनडीआरएफ 11 बटालियन संतोष कुमार की अगुवाई में एनडीआरएफ टीम ने इस संयुक्त मॉक अभ्यास में भाग लिया। इस पूरे मॉक अभ्यास को इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के तहत किया गया जिससे आपसी समन्वय और तैयारियों का परीक्षण तथा सभी विभागों को इस प्रकार के आपात के दौरान अपनी-अपनी भूमिका निभाने के बारे में पता चला और आपदा के प्रभाव को कम करने की संभावना पर ध्यान दिया गया।

# पारा में गिरावट से मामूली राहत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** लगातार लाल हो रहे पारे से बेहाल जनजीवन को गुरुवार थोड़ी तसल्ली मिलती दिखाई दी। बुधवार की शाम तेज हवाओं के साथ कई स्थानों पर हुई बारिश के कारण दिन के तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आई। जिससे दोपहर को सड़कों पर दिखाई देने वाला सन्नाटा कुछ हद तक छटा नजर आया। हालांकि घर और ऑफिस से वही बाहर निकले, जिनका निकालना जरूरी रहा। कामगार तबका रोज की तरह दो वक्त की रोटी के लिए पसीना बहाता नजर आया।

साढ़े छह दशक बाद जिले में जिस तरह गर्मी ने कहर बरपाया। उससे तमाम जिंदगी असमय मौत के ग्रास में जाकर खामोश हो गई। किसी की राह चलते जान निकल गई तो किसी ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। ऐसा इसलिए हुआ कि यहां पर तापमान 46 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। तापमान का यह मिजाज जनजीवन पर इस कदर भारी पड़ता रहा कि सड़क से लेकर बाजार तक शाम तक बेजार बनी रहीं। बुधवार को भी तापमान 43 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किया गया। जिसमें 24 घंटे के अंदर तीन से चार डिग्री सेल्सियस का सुधार हुआ।

गुरुवार को दोपहर एक बजे अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो अन्य दिनों में 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता रहा। यही कारण रहा कि फ्री मानसून बारिश की दस्तक से गर्मी से झुलस रही अवाम ने राहत की सांस ली। बुधवार शाम मौसम की मेहरबानी से तेज हवाओं के झोंके के साथ कई स्थानों पर बारिश होने से लगातार लाल हो रहे पारे में गिरावट आई। कुछेक दिन से जानलेवा बनी गर्मी के सितम में आए इस बदलाव का नतीजा यह रहा कि गर्म हवा फेंकने वाले कूलर और पंखे गुरुवार को अपनी उपयोगिता साबित करते नजर आए।

### दूसरे पहर पसरा ओपीडी में सन्नाटा

**फतेहपुर।** भले ही कई दिन बाद तापमान में गिरावट आई लेकिन इसका कई सेक्टर पर खास असर देखने को नहीं मिल सका। मसलन अगर स्वास्थ्य की ही बात करें तो मौसम के कहर से बचने के लिए लोग घरों में ही दुबके रहे। हालत यह रहे कि दोपहर 12 बजे के बाद जिला अस्पताल के बाह्य रोगी विभाग में सन्नाटा प्रसार गया। दूसरे पहर भीड़ का आलम सिर्फ दवा वितरण कक्ष में देखने को मिला। जिले के बड़े अस्पताल में बुधवार को 1150 मरीज ओपीडी का हिस्सा बने जबकि गुरुवार आंकड़ा 1200 पार था।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 जुलाई तक



बैठक में भाग लेते सीडीओ पवन कुमार मीना व अन्य।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान माह जुलाई की प्रथम अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। यह अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। जिसमें कुल 12 विभागों के समन्वय से संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा।

अभियान में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आईसीडीएस विभाग ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग शिक्षा विभाग नगर निगम शहरी विकास विभाग कृषि विभाग पशुपालन विभाग दिव्यांग कल्याण विभाग स्वच्छ भारत मिशन सूचना विभाग खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मिलकर कार्य करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों को संवेदीकरण तथा माइक्रो प्लान को प्रेषित करना एवं समय से समस्त गतिविधियां संचालित करने हेतु निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त अनुपस्थित अधिकारियों के अनुपस्थित होने का कारण प्रेषित करने को कहा। अभियान में 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान का द्वितीय चरण आयोजित होगा, जिसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा साथ मिलकर घर-घर भ्रमण के दौरान बुखार के रोगियों की सूची आईएलआई रोगियों की सूची टीबी रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची कुपोषित बच्चों की सूची कुष्ठ रोग फाइलेरिया रोग एवं कालाजार रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची को एक कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

# यमुना नदी में छह साथी डूबे, दो की मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

खागा, फतेहपुर। खखरेरु थाना क्षेत्र के परवेजपुर गांव में यमुना नदी नहाने गए साथियों संग दो की नदी में डूबकर मौत हो गई जबकि चार साथियों को ग्रामीणों की सहायता से बचा लिया गया। घटना की जानकारी पर पुलिस व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

खखरेरु थाना क्षेत्र के परवेजपुर गांव में गुरूवार को यमुना नदी नहाने गए अलग अलग गांव के छह युवक अचानक नदी में डूब गए। जिसमें दो युवकों की नदी में डूबने से मौके पर मौत हो गई। जिसमे मोहम्मद हसनैन खान पुत्र एहसान खान निवासी हकीमपुर खंतवा और मोहम्मद फैसल खान पुत्र अरशद खराद वाले निवासी जहांगीर नगर गहुरा की मौत हो गई। इस बीच चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने किसी तरह चार साथियों वकार अहमद पुत्र मोहम्मद खुर्शीद अहमद निवासी अंजना कबीर, फैज अहमद पुत्र अक़ील अहमद निवासी कबरा, अनश खान पुत्र आफाक खान निवासी हकीमपुर खंतवा, हसन उल्ला पुत्र हबीब उल्ला निवासी हकीमपुर खंतवा को यमुना नदी से किसी तरह डूबते हुए जान बचा ली गई। वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

**एक-दूसरे को बचाने में गई जान**

बताया जा रहा है कि फैसल खान पहले नदी में डूबने लगा था। इस दौरान उसे बचाने के लिए हसनैन भी नदी में कूद गया। जिससे वह भी डूबने लगा। बाकी चार साथियों ने भी उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सके।

## रोजगार मेला व काउंसलिंग कार्यशाला 24 को

**फतेहपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि कार्यालय की ओर से 24 जून को प्रातः 11 बजे कार्यालय परिसर में रोजगार मेला व कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पीपल ट्री आनलाइन सर्विसेज. हेतु हाईस्कूल, इंटर आईटीआई डिप्लोमा उत्तीर्ण आयु 18 वर्ष से 26 वर्ष वेतनमान 12800 से 15000 प्रतिमाह एवं एसआईएस इंडिया लिमिटेड हेतु हाईस्कूल, इंटर, लम्बाई 165 सेमी, सीना 80 सेमी से 85 सेमी, आयु 19 से 40 वर्ष एवं वजन 56 किग्रा द्वारा प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों को वेतनमान 14000 से 25000 प्रतिमाह हेतु चयनित कर सेवायोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी का सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन के साथ ही रोजगार मेले हेतु आनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं

» प्रार्थना पत्रो का समय से निस्तारण न करने पर 30 अधिकारियों से कारण बताओ नोटिस



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिर्जापुर।** शासन के निर्देश के क्रम में जन समस्याओ का अधिक से अधिक हो गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित कराने के लिये जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा प्रत्येक दिन पूर्वान्ह 10 बजे 12 बजे तक जनता दर्शन का आयोजन कर जन समस्याओ को सुना जा रहा है।

तत्क्रम में समस्याओ को सुनने के पश्चात सम्बन्धित अधिकारियों को मोबाइल पर प्रार्थना पत्रो को भेजकर ससमय व संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश भी दिये गये हैं। आईजीआरएस तथा जनता दर्शन में प्राप्त शिकायत पत्रो के निस्तारण की स्थिति जिलाधिकारी द्वारा की गयी जिसके क्रम में समय से प्रार्थना पत्रो का निस्तारण न किये जाने पर जनपद के 30 अधिकारियो से कारण बताओ नोटिस जारी कर सभी प्रार्थना पत्रो का निसतरण करते हुये आख्या मांगी गयी। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के दूर दराज से आने वाले फरियादियों के समस्याओ को गम्भीरता पूर्वक प्राथमिकता से संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाए, संतुष्टिपरक न होने अथवा डिफाल्टर होने की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध आगे से अग्रिम कार्यवाही भी की जायेगी।

# दसवें योग दिवस पर कल होगा विशेष आयोजन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरदोई।** पिहानी वासयिों के लिए अंतराष्ट्रीय योग दविस वशिष होने जा रहा है। योग दिवस समारोह में इस बार भी योग के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य लाभ की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा। यह कार्यक्रम नगर पालिका परिषद कार्यालय, कोतवाली परिसर,विकासखंड पिहानी परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर , भाजपा कार्यालय समेत कई जगहों पर 21 जून को सुबह 6 से 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पिहानी का कहना है, ₹योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक शांति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें खुशी है कि ₹ इस अनूठे कार्यक्रम में भाग लेकर आप न केवल योग की महिमा का अनुभव करेंगे, बल्कि स्वस्थ और तनाव मुक्त जीवन की दिशा में एक कदम भी बढ़ाएंगे।

» शारीरिक और मानसिक समस्या का समाधान है योगा: डॉ जितेंद्र श्रीवास्तव

पिहानी विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख कुशी वाजपेई बताते हैं कि ध्यान, धारणा, समाधि ये योग के चरण माने जाते हैं। ध्यान करते समय व्यक्ति अपनी एकाग्रता को गहराई तक ले जाने का प्रयास करता है, जिससे एकाग्र क्षमता बढ़ती है। साथ ही इसे करने से मन के विचलन को भी कम किया जाता है। वहीं धारणा की हमारे जीवन में अहम भूमिका होती है। धारणा में व्यक्ति बाहरी चीजों से मन हटाकर एक बिंदु पर स्थिर होता है।

डॉ जितेंद्र श्रीवास्तव कहते हैं किवर्तमान समय में हमारे समाज में विकास की गति तेज हो रही है। मनुष्य का रहन-सहन, सोचने का तरीका, कार्य करने का तरीका, खान-पान इत्यादि में बहुत तेजी से बदलाव आ रहे हैं। जहां एक तरफ मनुष्य के जीवन में आरामदायक स्थिति बढ़ी है वहीं दूसरी तरफ शारीरिक एवं मानसिक तनाव भी बढ़ता जा रहा है।

## स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है : जिलाधिकारी

**मिर्जापुर।** आधुनिक युग में व्यस्ततम जीवन शैली के कारण स्वास्थ्य पर वातावरण एवं रहन-सहन के कारण बहुत विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वेदों में कहा गया है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और स्वास्थ्य अमूल्य धरोहर है।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन में 21 जून, 2024 को अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "योग स्वयं एवं समाज के लिए'' थीम पर राजकीय इण्टर कालेज, महुवरिया के मैदान में प्रातः 06.00 बजे से विशाल योग शिविर का आयोजन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में योग से होने वाले लाभ के बारे में लोगों को जागरूक किया जा सके, जिसके कारण सभी लोग अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करते हुए स्वयं एवं परिवार को स्वस्थ तथा निरोगी रखे। मैं सभी जनपदवासियों से अपील करती हूँ कि यह कार्यक्रम हम सबका है।

## नगर पालिका पिहानी में अधिशासी अधिकारी को सभासदों ने सौंपा ज्ञापन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पिहानी/हरदोई।** नगर पालिका परिषद पिहानी के सभासदों ने मिलकर अधिशाषी अधिकारी अमित कुमार सिंह को जल निगम के द्वारा हो रहे कार्यों की जांच कराने के संबंध में सौंपा ज्ञापन,जिसमे सभी सभासदों ने आरोप लगाया है कि नगर में पाइपलाइन की गुणवत्ता अच्छी नहीं है कही कही लीकेज की समस्या आ रही है, कई जगह रोड उखाड़ कर डाल दी उसकी मरम्मत कही कही कराई गई तो उन्हीं पुरानी ईंटो से ही करा दी गई है, जबकि नई इंटर लाकिंग ईंट से मरम्मत होने का प्रावधान है।

जिससे जल निगम के द्वारा भारी घोटाला किया जा रहा है, वार्ड में आधा कार्य किया गया आधा छोड़ दिया जा रहा,कही कही कनेक्शन छोड़ दिए जा रहे,जल निगम का कार्य मानक विहीन हो रहा है, जिसको लेकर सभासदों में रोस व्याप्त है, सभासदों ने मांग की है कि जल निगम के कार्यों की जांच उच्चाधिकारियों से कराई जाए।

वही दूसरी ओर भाजयुमो नगर अध्यक्ष सेठ अरुण गुप्ता ने भी यूपी के मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन भेजा है जिसकी प्रतिलिपि अधिशाषी अधिकारी पिहानी को सौंपी। मौके पर सभासद प्रतिनिधि पिंटू यज्ञसैनी, सेठ अरुण गुप्ता, मतलूब अंसारी, सभासद मो तैयब, अच्छन अली, बलील, विनोद कुमार, चांद मिया, अतीक अंसारी, फरजाना, शादाब, मानसिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गये दबंग

**कछौना/हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम सभा को कोरिहाना निवासी एक महिला की नाबालिक पुत्री को गांव के कुछ लोग बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पीड़ित महिला ने बताया हमारी पुत्री (काल्पनिक नाम) रूबी उम्र 14 वर्ष को गांव के लोग रामनिवास, लालता व गुड्डू 21 मई को घर में बेटी को अकेली पाकर बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। पीड़ित मां ने आशंका जताई है यह लोग दबंग व अपराधिक प्रवृत्ति के हैं। पुत्री के साथ अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पीड़ित महिला न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रही है। एक तरफ प्रशासन मिशन नारी शक्ति अभियान चलाकर बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा दे रही है, परंतु उनके नुमाइंदों में असंवेदनशीलता के चलते पीड़ित महिला अपनी नाबालिक पुत्री को पाने के लिए दर-दर भटक रही है।

निरीक्षण — लोंहदी नदी का मनरेगा के तहत होगा जीर्णोद्धार

# डीएम ने लोंहदी नदी उदगम स्थल से सिरसी गहरवार तक किया भ्रमण



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिर्जापुर।** सिटी विकास खण्ड के अन्तर्गत 11 ग्राम सभाओं से होते हुये लोंहदी नदी के जीर्णोद्धार का कार्य जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर कराया जा रहा हैं।

जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर तथा वन क्षेत्र में कार्य प्रारम्भ न होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी थी, आज पुनः जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, प्रभागयी वनाधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, खण्ड विकास अधिकारी सिटी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ लोंहदी नदी के उदगम स्थल बरकछा पहाड़ी पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उदगम स्थल से प्रारम्भ होने पर नदी का भू भाग वन क्षेत्र में पड़ने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा था जिस पर जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान प्रभारी वनाधिकारी को निर्देशित किया कि वन वन क्षेत्र वाले नदी के जीर्णोद्धार का कार्य प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा मनरेगा के तहत कराया जायेगा शेष कार्य खण्ड विकास अधिकारी सिटी की देखरेख में ग्राम पंचायतो के सम्पन्न होगा। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड के तकनीकी सहायक को वन क्षेत्र में पड़ने वाले नदी के भू भाग के जीर्णोद्धार के लिये स्टीमेट तैयार कर दो दिवस के अन्दर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सिरसी गहरवार होते हुये लोंहदी तक नदी पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्रामो में जीर्णोद्धार के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होने कहा कि राजस्वध्अभिलेखो में दर्ज नदी के चैड़ाई के भाग को खोदाई किया जाए तथा पूरे नदी के भीटे पर वृक्षारोपण भी कराया जाए।

इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने उक्त नदी पर चल रहे जीर्णोद्धार कार्य का छीतपुर में जाकर प्रगति का कार्य का निरीक्षण तथा सम्बन्धितो को कार्य में तेजी लाने के साथ ही मानसून आने के पूर्व कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्र, उपायुक्त मनरेगा, खण्ड विकास अधिकारी सिटी शरद कुमार उपस्थित रहें।

# इंडिया ने अफगानिस्तान को 182 रन का टारगेट दिया

**एजेंसी**

**ब्रिजटाउन।** सुपर-8 के अपने पहले मैच में भारत ने अफगानिस्तान को 182 रन का टारगेट दिया है। ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम में रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था।

182 रन चेज कर रही अफगानिस्तान 114 के स्कोर पर 7 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गई। टीम ने पावरप्ले के अंदर गुरबाज, जजाई और जादरान के विकेट गंवा दिए थे। यहां से ओमरजई और गुलबदीन 44 रन की साझेदारी करके पारी संभाल रहे थे, तभी कुलदीप ने गुलबदीन नाइब (17 रन) और रवींद्र जडेजा ने ओमरजई को आउट करके प्रतिद्वंद्वी को फिर दबाव में डाल दिया। बुमराह ने नजीबुल्लाह के रूप में तीसरा विकेट लिया। कुलदीप 2 विकेट ले चुके हैं। अक्षर-जडेजा को भी एक-एक विकेट मिला। फिलहाल, 17 ओवर में अफगानी टीम का स्कोर 119/7 है। राशिद खान और नूर अहमद क्रीज पर हैं।

पारी का दूसरा ओवर लेकर आए जसप्रीत बुमराह ने भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने ओवर की दूसरी बॉल पर रहमानुल्लाह गुरबाज को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया।गुरबाज ऑफ स्टंप के बाहर की बॉल को ऑफ स्टंप के बाहर खेलने का प्रयास किया और बॉल बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर के पास चली गई। पहला ओवर डालने आए अर्शदीप सिंह ने 13 रन खर्च किए। गुरबाज ने पहली बॉल पर चौका और 5वीं बॉल पर छक्का जमाया। पहले ओवर के बाद अफगानिस्तान का स्कोर 13/0 रहा। पारी के आखिरी ओवर से 14 रन आए और एक विकेट गिरा। अक्षर पटेल आखिरी बॉल पर एक रन लेने के प्रयास में रनआउट हुए। उन्होंने 6 बॉल पर 12 रन बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 181 रन बनाए। 19वें ओवर की चौथी बॉल पर भारत ने 7वां विकेट गंवाया। यहां रवींद्र जडेजा 7 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें फजलहक फारुकी ने गुलबदीन नाइब के हाथों कैच कराया। फारुकी को तीसरा विकेट मिला है। इस ओवर के बाद भारत का स्कोर 167/7 रहा। 18वें



ओवर में हार्दिक पंड्या ने 98 मीटर का छक्का लगाया। यह बॉल स्टेडियम की छत से टकराई। हार्दिक ने नवीन उल हक की ऑफ स्टंप की फुल लेंथ बॉल पर वाइड लॉन्ग ऑन की ओर बड़ा शॉट खेला।

अगली बॉल पर पंड्या को रिव्यू पर जीवनदान मिला। वे फुलर लेंथ बॉल को सामने खेलना चाहते थे। फील्ड अंपायर ने आउट किया, लेकिन DRS पर थर्ड अंपायर ने फैसला बदल दिया। पंड्या अगली ही बॉल पर ओमरजई को कैच थमा बैठे। पिछले ओवर में सूर्यकुमार यादव 28 बॉल पर 53 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पंड्या ने 16वां ओवर डाल रहे नूर अहमद के ओवर पर लगातार दो बाउंड्री जमाई। उन्होंने चौथी बॉल पर चौका और 5वीं बॉल पर छक्का जमाया। यह बॉल साइड स्क्रीन के ऊपर मीडिया बॉक्स से टकराई। गेंद मिली नहीं और अंपायर्स को नई गेंद मंगवानी पड़ी। नूर के इस ओवर में12 रन बने और टीम इंडिया का स्कोर 138/4 हो गया। 13वें ओवर में भारत ने 100 रन का स्कोर पार कर दिया है। उन्होंने अजमतुल्लाह ओमजई की दूसरी बॉल पर स्लॉग स्वीप करके मिडविकेट बाउंड्री पर चौका जमाया। उन्होंने ओवर की चौथी बॉल पर भी चौका जमाया। इस ओवर के बाद भारत का स्कोर 110/4 रहा। राशिद खान ने लगातार तीसरे ओवर में भारत को झटका दिया। उन्होंने पंत-कोहली के बाद शिवम दुबे को पवेलियन की राह दिखाई।11वें ओवर की 5वीं बॉल पर राशिद ने शिवम दुबे को LBW आउट किया। वे ऑफ स्टंप से अंदर आती बॉल पर कट करना चाहते थे, लेकिन बॉल पैड से टकराई। राशिद ने अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर ने अपील नकार दी, ऐसे में अफगानी कप्तान ने DRS लिया और थर्ड अंपायर ने दुबे को आउट करार दिया। दुबे 10 रन बनाकर आउट हुए। 11 ओवर के बाद भारत का स्कोर 90/4 हो गया है। 9वां ओवर डाल रहे राशिद खान ने भारत को तीसरा झटका दिया। उन्होंने विराट कोहली को मोहम्मद नबी के हाथों कैच कराया। विराट 24 रन बनाकर आउट हुए।कोहली चौथे स्टंप की फुल लेंथ बॉल पर फ्रंट फुट से बड़ा शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन लॉन्ग ऑफ में मोहम्मद नबी को कैच थमा बैठे।

**फैंस से बोलीं- तेज म्यूजिक से दूर रहें**

## अलका याग्निक को न्यूरो डिसीज, सुनाई देना बंद हुआ



वेटरन प्लेबैक सिंगर अलका याग्निक को रेयर न्यूरो डिसीज हो गई है, जिसकी वजह से वो सुन नहीं पा रही हैं। सिंगर ने हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी इस बीमारी का जिक्र किया। इसके साथ ही सिंगर ने बताया कि वो बीते काफी वक्त से इनएक्टिव क्यों हैं। अलका ने अपनी समस्या के बारे में जानकारी देते हुए फैंस और साथी कलाकारों को तेज (लाउड) म्यूजिक से दूर रहने की सलाह दी है। 17 जून को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अलका ने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों के लिए। कुछ हफ्ते पहले मैं एक फ्लाइट से उतरी तो मुझे महसूस हुआ कि मुझे कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा है। इस घटना के कई हफ्तों बाद थोड़ी हिम्मत जुटाकर अब मैं अपने दोस्तों और शुभचिंतकों को इस बारे में बता रही हूं, जो मुझसे लगातार पूछ रहे हैं कि मैं कहां गायब हूं।' सिंगर ने आगे लिखा, 'मेरे डॉक्टर्स ने एक रेयर सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस डायग्नोज किया है, जो मुझे एक वायरल अटैक की वजह से हुआ है। अचानक से हुई इस घटना ने मुझे शॉक कर दिया है। मैं खुद इसे स्वीकार करने की कोशिश कर रही हूं और चाहती हूं कि इस बीच आप सभी मुझे अपनी दुआओं में याद रखें।' पोस्ट के अंत में अलका ने लोगों को लाउड म्यूजिक ना सुनने की और हेडफोन्स का कम इस्तेमाल करने की सलाह दी है। सिंगर ने लिखा, 'किसी दिन मैं अपनी प्रोफेशनल लाइफ से, हेल्थ को होने वाले नुकसान पर बात जरूर करूंगी। आप सबके प्यार और सपोर्ट से, मैं फिर से अपना जीवन पटरी पर लाने की उम्मीद करती हूं। जल्द ही फिर आपके सामने आने की कामना करती हूं। इस नाजुक मौके पर आपका सपोर्ट और अंडरस्टैंडिंग मेरे लिए बहुत मायने रखती है।'

## दिलजीत दोसांझ ने जिमी फॉलन को सिखाई पंजाबी



दिलजीत दोसांझ हाल ही में जिमी फॉलन के 'द टुनाइट शो' में दिखाई दिए थे, और उन्होंने "GOAT", "बॉर्न टू शाइन" और "मैं हूँ पंजाब" पर प्रदर्शन किया, दिलजीत ने फॉलन के साथ एक नया बैकस्टेज वीडियो जारी किया, जिसमें वे सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ की परफॉर्मेंस की तारीफ कर रहे हैं। जिमी फॉलन के 'द टुनाइट शो' में पहुंचे दिलजीत दोसांझ ने महफिल लूट ली। सिंगर ने शो के दौरान अपने हिट ट्रैक, "जी.ओ.ए.टी." और "बॉर्न टू शाइन" पर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर करने के बाद, पंजाबी गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने होस्ट जिमी फॉलन के साथ अपने बैकस्टेज दोस्ती से सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहे हैं। शो में उनकी उपस्थिति अंतरराष्ट्रीय मंच पर पंजाबी संगीत के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। एक वीडियो में, दोसांझ फॉलन को पंजाबी बोलना सिखाते हैं, जो उनके फेमस कैचफ्रेज़, "पंजाबी आ गए ओए" से शुरू होता है। फॉलन ने दर्शकों के मनोरंजन के लिए पंजाबी अभिवादन "सत श्री अकाल" बोलने की कोशिश की। दिलजीत और जिमी स्पेशल वाले इन वीडियो ने फैंस के साथ सेलिब्रिटीज का भी दिल जीत लिया है।

**10 लाख तक की आय पर टैक्स छूट की उम्मीद, सेक्शन 80C में भी बदलाव संभव**

# इनकम टैक्स छूट की सीमा बढ़ा सकती है मोदी सरकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** नरेंद्र मोदी सरकार वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट जुलाई के तीसरे सप्ताह में पेश कर सकती है। ऐसे में मिडिल क्लास और टैक्सपेयर्स को राहत मिलने की उम्मीद है। रॉयटर्स के मुताबिक, मोदी 3.0 अपने पहले बजट में 10 लाख सालाना कमाने वाले लोगों के लिए इनकम टैक्स की दरों में कटौती करने पर विचार कर रही है।

इसके अलावा सरकार इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव करने की प्लानिंग कर रही है। चुनावी साल होने के चलते वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को FY 2025 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। तब वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स से जुड़ी कोई बड़ी घोषणा नहीं की था। बजट में सरकार यह राहत एक खास सैलरी वर्ग और मिडिल क्लास को दे सकती है। वहीं, मनीकंट्रोल ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि सरकार बजट में इनकम टैक्स छूट की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर सकती है। यह बदलाव केवल नई टैक्स रिजीम के तहत रिटर्न फाइल करने वालों पर लागू होगा। मान लीजिए, किसी की सालाना इनकम 5 लाख रुपए है। नई टैक्स रिजीम में 3 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री है। ऐसे में बचे हुए 2 लाख रुपए पर उस व्यक्ति पर 5% के हिसाब से टैक्स की देनदारी बनेगी। यानी, उसे 10,000 रुपए टैक्स चुकाना होगा। हालांकि, इस रिजीम में



सरकार 7.5 लाख तक की इनकम पर टैक्स को सेक्शन 87A के तहत माफ कर देती है।

इसमें भी एक पेंच है। अगर आप सैलरीड है और आपकी कमाई 7.5 लाख रुपए से एक रुपए भी ज्यादा हुई तो आपको एक रुपए पर नहीं बल्कि 4,50,001 रुपए पर टैक्स चुकाना होगा। अब 3 लाख रुपए का टैक्स माफ होने के बाद बचे हुए 4,50001 रुपए में से 3 लाख रुपए पर 5% की दर से 15,000 रुपए और बाकी 1,50,001 रुपए पर 10% की दर से 15,000 रुपए चुकाने होंगे।

पुराने टैक्स रिजीम में इनकम टैक्स के टोटल 5 स्लैब हैं। इनमें 2.5 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री होती है। 2.5 लाख से 5 लाख तक की इनकम पर 5% टैक्स लगता है। वहीं, 5 लाख से 10 लाख की इनकम पर 20% टैक्स देना होता है। 10 लाख से 20 लाख तक की आय पर 30% टैक्स लगता है और 20 लाख से ऊपर कमाने वालों को 30% टैक्स चुकाना होता है। जबकि, नई टैक्स रिजीम में अभी तक 7 लाख रुपए तक की सैलरी टैक्स फ्री के दायरे में आती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बजट में 10 लाख रुपए तक की इनकम वाले स्ट्रक्चर में बदलाव की उम्मीद है। अभी 10 लाख तक की सैलरी पर सीधे 20 फीसदी टैक्स लगता है। सरकार इसमें बदलाव कर सकती है। 10 लाख तक की इनकम पर 20% टैक्स घटाकर 10% किया जा सकता है। इसके अलावा 30% वाले टैक्स स्लैब को बदलने पर भी विचार किया जा रहा है।

**मिर्जापुर-3 का ट्रेलर रिलीज: पूर्वांचल की गद्दी के लिए फिर लड़ाई**

# कालीन भैया या गुड्डू पंडित कौन मारेगा बाजी?

**कालीन भैया** GONE गुड्डू पंडित ON। इसी डायलॉग के साथ मिर्जापुर सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 2 मिनट 37 सेकेंड के इस ट्रेलर में एक्शन, ड्रामा और रिवेंज का कम्प्लीट डोज है। इस बार कई नए किरदारों की एंट्री हुई है। ट्रेलर शुरू से लेकर अंत तक इंटेंस है।

पूर्वांचल की गद्दी के लिए फिर से संग्राम शुरू होने वाला है। जैसा कि ट्रेलर में दिखाया गया है, गुड्डू पंडित (अली फजल) अब कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी) को हटाकर खुद पूर्वांचल का किंग बनना चाहता है। इसमें उसकी हेल्प कोई और नहीं बल्कि कालीन भैया की वाइफ बीना त्रिपाठी (रसिका दुग्गल) करती है। ट्रेलर देखने के बाद प्रतीत होता है कि इस बार बीना त्रिपाठी का रोल काफी अहम होने वाला है। मरहूम मुन्ना त्रिपाठी (दिव्येंदु शर्मा) की पत्नी माधुरी जो प्रदेश की सीएम



भी है, वो गुड्डू को जड़ से मिटाना चाहती है। जाहिर तौर पर वो भी बदले की आग में जल रही है। पिछले सीजन में उसके पति मुन्ना को गुड्डू ने मौत के घाट उतार दिया था। गोलू (श्वेता त्रिपाठी) फिर एक बार लेडी डॉन बनकर उभरी है। उसके दिल और दिमाग में अभी भी गुस्सा भरा है। दूसरी तरफ बिहार वाला त्यागी (विजय वर्मा) भी अपने अस्तित्व के लिए लड़ाई करता नजर आया। ट्रेलर के अंत के 5-6 सेकेंड में कालीन भैया यानी पंकज त्रिपाठी की एंट्री होती है। उनकी एंट्री के वक्त मिर्जापुर का थीम सॉन्ग बजता है, बस यही पर असली मजा है। पूरे ट्रेलर का सबसे बेस्ट पार्ट यही लगता है।

# श्रद्धा कपूर ने राहुल के साथ कन्फर्म किया रिलेशनशिप

एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। राइटर राहुल मोदी के साथ उनका नाम लंबे समय से जुड़ रहा है। कभी भी दोनों ने अपने रिलेशनशिप पर खुलकर बात नहीं की। लेकिन एक्ट्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट को देखकर लगता है कि उन्होंने राहुल मोदी के साथ अपने रिलेशनशिप को कन्फर्म कर दिया है। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर राहुल मोदी के साथ एक सेल्फी पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा है। एक्ट्रेस ने लिखा है- दिल रख ले...नींद तो वापस दे दे यार। बता दें कि यह पहला मौका जब एक्ट्रेस ने राहुल मोदी के लिए ऑफिशियल पोस्ट शेयर किया है। काफी लंबे समय से दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरीं। दोनों को कई मौकों पर एक साथ देखा गया। दोनों को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए जामनगर जाते समय मुंबई एयरपोर्ट पर साथ देखा गया था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इनकी फैमिली भी इनके रिश्ते से राजी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो श्रद्धा और राहुल की मुलाकात फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' के दौरान हुई थी। राहुल इस फिल्म में राइटर के तौर पर जुड़े थे।

फिल्म की शूटिंग के दौरान से ही इनका बॉन्ड स्ट्रॉन्ग हो गया है। फिल्म की शूटिंग पूरी होते- होते दोनों एक-दूसरे के साथ कम्फर्टेबल हो गए थे। लेकिन अपने रिश्ते को ऑफिशियल करने में जल्दबाजी नहीं कर रहे थे। लव रंजन के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में श्रद्धा कपूर ने रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन शेयर किया था। राहुल 'प्यार का पंचनामा 2' और 'सोनू के टीटू की स्वीटी' में भी राइटर के तौर पर काम कर चुके हैं। बताया जाता है कि 2022 में फोटोग्राफर रोहन श्रेष्ठ के साथ श्रद्धा का ब्रेकअप हो गया था। उसके बाद राहुल इनकी लाइफ में आए हैं।



## एक नजर

### पत्रकार पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर।** पेट्रोल पंप से तेल भरवा कर लौट रहे पत्रकार पर मनबढ़ दबंगों ने रोककर जानलेवा हमला किया ।मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। बुधवार को नगर कोतवाली क्षेत्र में करौंदिया मोहल्ले के निवासी पत्रकार मनोज कुमार तिवारी पुत्र स्व मधुर तिवारी अपने भाई महेश, चचेरे भाई प्रमोद तिवारी पुत्र रत्नाकर तिवारी के साथ कुड़वार रोड पर पयागपट्टी में पेट्रोल पंप पर कार में पेट्रोल भरवाने गए थे ।पेट्रोल भरवाने के बाद शहर की तरफ वापस लौटते समय मिल्क मैन डेयरी के पास पहुंचते ही आरोप है कि राजेश यादव,राहुल यादव व घनश्याम यादव निवासी पयाग पट्टी चका अपने अन्य साथी के साथ पहुंचे और बोले कि तुम्हारा नाम मनोज तिवारी है जब पीड़ित ने हां बोला तो राजेश ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया और अन्य साथियों को ललकारते हुए कहा कि तीनों को मारो कोई बचना नही चाहिए। मारपीट में ही 17 सौ रुपए छीनने का भी आरोप है। हमले में पत्रकार सहित उसके भाईयो को गंभीर चोटे आई। नगर कोतवाली पुलिस ने मनोज कुमार तिवारी की तहरीर के आधार पर जानलेवा हमला सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी राजेश यादव को हिरासत में ले लिया है।

### हाईवे के किनारे मिला युवक का शव

**तिलोई।** इन्हौना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सुल्तानपुर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिलौली में स्थित बाग में एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र लगभग 30वर्ष बताई गई है। थानाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### दैवीय आपदा पीड़ितों, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगो को मिलेंगे सीएम आवास

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार दैवी आपदा से पीड़ित गरीब परिवारों, विधवा और दिव्यांग महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत पक्के मकान देगी ।शासन के निर्देश पर विकास भवन के अधिकारियों ने पात्रता के अनुसार लाभार्थियों के चयन के लिए खंड विकास अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है ।अतिवृष्टि और आग लगने से जिन ग़रीब परिवारों को मकान निर्माण के लिए दैवी आपदा धनराशि प्रदान की गई है, ऐसे लोगों की सूची तहसील से लेकर ग्राम पंचायत वार छूटे हुए लाभार्थियों का चिन्हांकन किया जाएगा ।18-40 वर्ष आयु वर्ग की निराश्रित महिलाओं और दिव्यांग महिलाओं को भी मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जायेगा। गुरुवार को परियोजना निदेशक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से खंड विकास अधिकारियों को शासन के ताजा दिशा निर्देशों की जानकारी दी ।उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत आवासों के निर्माण और लाभार्थियों को मजदूरी के भुगतान की प्रगति की समीक्षा की ।अमेठी में खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा और भादर में खंड विकास अधिकारी इन्द्रावती वर्मा ने ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक कर लाभार्थियों के चयन के निर्देश दिए।

### शुरू हुई संचारी रोग नियंत्रण माह की तैयारी

**अमेठी।** जुलाई में संचारी रोग नियंत्रण माह की तैयारी शुरू हो गई है ।आज तहसील में टास्क फोर्स की बैठक बुलाई गई है ।25और26जून को सुबह 10बजे से 2बजे तक पंचायत सहायकों, सफाई कर्मियों, पंचायत सचिवों और स्वच्छ भारत मिशन में काम करने वाले कार्मिकों की अभिमुखीकरण कार्यशालाएं सभी विकास खंडों में आयोजित की जाएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने सभी सहायक विकास अधिकारी -पंचायत को ओरियेंटेशन प्रोग्राम की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

### अयोध्या में निर्माणाधीन सेतुओं के प्रगति की हुई समीक्षा

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा



अयोध्या धाम आने वाले पर्यटकों/श्रद्धालुओं एवं जनसामान्य के आवागमन की सुविधा को और भी सुगम बनाये जाने के दृष्टिगत जनपद अयोध्या में निर्माणाधीन सेतुओं के प्रगति की समीक्षा की तथा उप परियोजना प्रबन्धक सेतु निगम को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप परियोजना प्रबन्धक ने बताया कि अयोध्या में निर्माणाधीन रेलवे उपरिगामी सेतुओं के प्रगति की जानकारी देते हुये बताया कि बहराइच-फैजाबाद-अकबरपुर मार्ग एस0एच0-30 के चैनेज 118.25 से 199.200 तक चार लेन चौड़ीकरण में रेलवे सम्पार संख्या 107 ए/2 टी (वाराणसी लखनऊ रेल सेक्शन दर्शननगर के पास) पर चार लेन उपरिगामी सेतु के पहुंच मार्ग (कुल लम्बाई 614.11 मीटर सेतु के कैरेज वे की चौड़ाई 15 मीटर, सेतु के दोनों तरफ 3.75 मीटर चौड़ाई में सर्विस रोड निर्माण) का 89 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्यो को अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इसी प्रकार 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर सूर्यकुण्ड स्थित रेलवे सम्पार संख्या 105 पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु (कुल लम्बाई 675 मीटर) का 91 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्यो को अगस्त 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। अयोध्या अकबरपुर मार्ग पर सम्पार संख्या 118 ए (फतेहगंज) पर दो लेन उपरिगामी सेतु (कुल लम्बाई 793.95 मीटर) का भी 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण है शेष कार्य को अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर हलकारा का पुरवा रेलवे सम्पार संख्या 108 एसी पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का भी 10 प्रतिशत कार्य पूर्ण है, सेतु के नीव संरचना, अधो संरचना एवं उर्द्ध संरचना का कार्य प्रगति पर है तथा सेतु के संरेक्षण में आने वाले सर्विसेज के शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। इस रेल उपरिगामी सेतु को दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने का समयावधि निर्धारित है। इसी प्रकार रेल प्रखण्ड जफराबाद-अयोध्या-लखनऊ के अयोध्या स्टेशन के पश्चिम यार्ड में किमी0 968/2-3 पर स्थित रेलवे सम्पार संख्या 121 बी (मोदहा) पर 04 लेन उपरिगामी सेतु का भी 19 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। सेतु के भी नीव संरचना अधो संरचना एवं उर्द्ध संरचना का कार्य प्रगति पर है तथा सेतु के संरेक्षण आने वाले सर्विसेज के शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने उप परियोजना प्रबन्धक सेतु निगम को समस्त निर्माण कार्यो को आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ज्ञातव्य है कि अयोध्या धाम में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ के पास रेलवे सम्पार संख्या 112 ए (दो लेन) रेल उपरिगामी सेतु तथा एन0एच0 27 बाईपास से निकलकर मोहबरा बाजार होते हुये श्रीराम जन्मभूमि मंदिर हेतु राम पथ तक जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे सम्पार संख्या 111 बी पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का कार्य क्रमशः महज 20 व 22 माह में पूर्ण कर लिया गया था जिसका लोकार्पण पूर्व में ही प्रधानमंत्री द्वारा किया जा चुका है।

# आज मनाया जाएगा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आज मनाया जाएगा। सभी सरकारी कार्यालयों,शिक्षण संस्थानों के साथ, पंचायत भवनों, गो आश्रय स्थलों और अमृत सरोवरों के पास भी योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के बाद योग क्रियाओं के फोटो आयुष कवच एप पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला मुख्यालय पर मुख्य कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया है। आयोजन का समय सुबह छः बजे से आठ बजे तक है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने सभी विद्यालयों को खोलकर योग दिवस मनाने के निर्देश दिए गए हैं। योग क्रियाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को मिष्ठान और फल वितरित करने के भी आदेश दिए हैं।

गुरुवार को जिले के सभी विकास खंडों में योग दिवस की तैयारी हुई। खंड विकास अधिकारियों ने सभी ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों को पंचायत भवनों के साथ अमृत सरोवरों के पास योग दिवस मनाने के



निर्देश दिए हैं। योग दिवस में ग्रामीणों के साथ मनरेगा श्रमिकों को भी शामिल करने के लिए कहा गया है।

### विश्व योग दिवस की तैयारी में योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जारी

**अमेठी/भादर।** विश्व योग दिवस की तैयारी में योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जारी है ।21जून को सभी सरकारी कार्यालयों,शिक्षण संस्थानों में योग दिवस मनाया जायेगा। अमृत सरोवरों पर भी ग्रामीणों को योग दिवस में जुटाने की तैयारी चल रही है। बुधवार को विकास खंड भादर में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। खंड विकास अधिकारी इन्द्रावती वर्मा ने शरीर को स्वस्थ और निरोग रखने के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करने और प्राकृतिक जीवन शैली अपनाने को प्रेरित किया। योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी सहायक विकास अधिकारी, पंचायत सचिव और अन्य ब्लाक कर्मी शामिल हुए। सभी को 21जून को अपने अपने कार्यक्षेत्र में योग दिवस मनाने के लिए प्रशिक्षित और प्रेरित किया गया।

## दबंगई की घटनाएं बढ़ीं, रामनगर में हुआ गोली कांड

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** थाना क्षेत्र में बुधवार को बेखौफ अपराधियों का कहर देखने को मिला है। धम्मौर रोड पर चार पहिया सवार 4 दबंगों द्वारा ट्रक चालक की सरेराह पिटाई, तोड़फोड़ व 15 हजार नगदी छीनकर फरार हो गए। तो वहीं थाना क्षेत्र के रामनगर व महमदपुर में बेखौफ दबंगों द्वारा विवाद को लेकर जानलेवा फायरिंग कर पुलिस को खुलेआम चुनौती दी गई। क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। पुलिस अपराधियों को पकड़कर कार्यवाही के बजाय घटनाओं की लीपापोती में जुटी हैं।

**रामनगर में हिस्ट्रीशीटर ने युवक को मारी गोली**

थाना के रामनगर गांव में बुधवार की शाम युवक नूर आलम गांव में स्थित मस्जिद के बगल बैठा था। तभी गांव का ही रहने वाला हिस्ट्रीशीटर अपराधी दीपक गुप्ता अपने भाइयों और दोस्तो के साथ मौके पर पहुंचा और गाली देते हुए फायर कर दिया फायरिंग में कारतूस के छर्रे उसके हाथों मे लगे जिसके बाद वह इलाज के लिए अमेठी सीएचसी पहुंचा और अपना इलाज करवाया।

युवक ने बताया कि बुधवार की शाम गांव में स्थित मस्जिद के पास बैठा हुआ था, तभी हिस्ट्रीशीटर अपराधी दीपक यादव अपने भाइयों संदीप, रंजीत, रिकू और दोस्तों के साथ पहुंचा और गाली देने के बाद फायर कर दिया, जिससे कारतूस के छर्रे उसके हाथ मे लगे। ये सभी दबंग हैं और आये दिन लोगों को मारते पीटते रहते हैं। वही पुलिस अपराधियों पर कार्यवाही के बजाय पूरे मामले को संदिग्ध बताकर जांच करने में जुटी है।

**महमदपुर में दुकानदार पर दबंगो ने की कई राउंड फायरिंग**

अमेठी थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में बुधवार की शाम करीब साढ़े छह बजे युवक अजीत प्रताप सिंह अपनी दुकान पर बैठा था। युवक का आरोप है कि तभी सिलोखर नरैनी निवासी टिंकू सिंह सुत वीरेन्द्र सिंह, मनीष सिंह सुत वंश बहादुर सिंह, अंकित सिंह सुत विनोद सिंह व प्रतापगढ़ जनपद निवासी विशाल सिंह सुत राजेन्द्र सिंह, अभिजीत सिंह सुत अरुण कुमार तथा महमदपुर गांव निवासी गोविंदा सुत संतलाल दुकान पर आए और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे।

## राशन लाभार्थियों ने कोटेदारों पर लगाए दबंगई के आरोप, जांच के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

विश्ववार्ता संवाददाता

भेंटुआ/भादर। कोटेदारों द्वारा राशन लेने गई दो महिला लाभार्थियों से अभद्रता और घटतौली की शिकायतें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मामलों की शिकायत तहसील से कलेक्ट्रेट तक हुई है । जांच अधिकारी एस डी एम को रिपोर्ट देने के बजाय मामले को दबाने में लगे हुए हैं।

पहली शिकायत पिछले महीने की है। नेवढ़िया की रजनी ने बताया कि 24मई को वह राशन लेने गई थी। दुकान पर कोटेदार के परिवार के प्रवीण कुमार सिंह ने उसके साथ गाली-गलौच और अभद्रता की। रजनी का कहना है कि उसने थाने, तहसील और कलेक्ट्रेट में थानेदार,एस डी एम और डी एम से शिकायत की है। थानेदार पीपरपुर ने उसे थाने पर बुलाया था। पूछताछ के दौरान जब उसने मोबाइल से एक वीडियो निकाल कर दिखाने की कोशिश की तो दरोगा ने उसकी पिटाई कर दी।इसकी शिकायत उसने समाधान दिवस में एस डी एम से की है। अभी तक कोई जांच करने नहीं आया है। रजनी का आरोप है कि कोटेदार घटतौली करते हैं,अंगूठा लगवाने के बाद दूसरे दिन राशन देते हैं।

दूसरी शिकायत नौगिरवा की कोमल नाम की महिला ने की है। कोमल का आरोप है कि कोटेदार उसे पूरी मात्रा में राशन नहीं दे रहे थे। उसकी मां भी साथ गई थी। घटतौली करते समय वीडियो बनाने पर कोटेदार ने उसके साथ अभद्रता की।

भेंटुआ के सप्लाई इंस्पेक्टर शुभम् ने बताया कि गांव जाकर उन्होंने मामले की जांच की है। राशन लाभार्थियों के बयान भी दर्ज किए हैं।

## जरूरत पर एक पेड़ काटें ,तो दस लगाएं, हरियाली बढ़ाएं

**अमेठी।** प्रदेश में वनावरण को मजबूत रखने के लिए राज्यपाल की ओर से 29प्रकार की प्रजातियों के वृक्षों को निपातित किये जाने/, काटने का प्रतिषेध किया गया है। इन प्रजातियों के जर्जर, सूखे और सम्पत्ति के लिए ख़तरनाक वृक्षों को 31 दिसम्बर तक अनुज्ञा प्राप्त करके अनिवार्य रूप से निपातित करने के भी आदेश दिए गए हैं। प्रभागीय वनाधिकारी रणबीर मिश्र की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार आम, नीम, साल, महुआ, बीजासाल, पीपल, बरगद, गूलर, पाकड़, अर्जुन, पलाश, बेल, चिरौंजी, कैथा, इमली, जामुन, शीशम, सागौन आदि 29 प्रजातियों के वृक्षों को काटने पर प्रतिबंध है। ये सभी प्रतिषिद्ध प्रजातियों के वृक्ष यदि सूख गए हैं, अथवा व्यक्तिगत सम्पत्ति के लिए ख़तरनाक है तो अनुज्ञा प्राप्त करके काटना अनिवार्य है। ऐसे सभी वृक्षों को 31 दिसम्बर 2025 तक निपातित करने के लिए कहा गया है।

## डीएम ने की पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान की समीक्षा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व सीडीओ अंकुर कौशिक की उपस्थिति में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के अंतर्गत जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति तथा जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक को सम्बोधित करते हुए डी.के. सिंह, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सुलतानपुर द्वारा समस्त विभागों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। बैठक में प्रभागीय निदेशक, सा.वा. वन प्रभाग द्वारा कहा गया कि जिन विभागों की कार्य योजना/गड्ढों की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। उसे यथाशीघ्र अवगत करायें। उक्त के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभिन्न विभागों को तत्काल कार्य योजना तथा गड्ढों की सूचना प्रभागीय वन



लोगों को पेड़ लगाने के लिए निर्देशित करती डीएम।

कार्यालय में तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। डीएम ने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी अपने लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण करें तथा जो भी पौधरोपित किये जा रहे हैं।

उनके जीवितता एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाय। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने अपने एक-एक स्थल चयन कर लें, ताकि नोडल अधिकारी एवं मण्डलायुक्त के आने पर उक्त स्थलों का निरीक्षण कराया जा सके। इस मौके पर डी.सी. मनरेगा अनवर शेख, उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, एआरटीओ (प्रशासन) नन्द कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## पौधशालाओं में 70 लाख पौध तैयार, बारिश का इंतजार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** आगामी वर्षाकाल में वनावरण बढ़ाने और पौधारोपण के लिए वन विभाग ने अपनी तैयारी लगभग पूरी कर ली है।हीट वेव के कारण मजदूर न मिलने के कारण अन्य सरकारी विभागों की तैयारी काफी कमजोर है। ग्राम्य विकास विभाग को छोड़ कर अन्य किसी भी विभाग ने अभी तक गड्ढों की खुदाई का काम शुरू नहीं किया है। मानसून की पहली वर्षा का इंतजार है ताकि मिट्टी नरम हो जाय और कम लेबर खर्च में अधिक गड्ढे खुद जांए। डी एम निशा अनंत ने सभी अधिकारियों को बारिश के पहले पौधारोपण की सारी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। पौधारोपण स्थलों की जियोटैगिंग भी कराई जाएगी।



पौधरोपण के लिए गड्ढे तैयार कराते वन विभाग के कर्मचारी।

इस वर्ष वर्षा काल में शासन की ओर से जिले में 43लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। लक्ष्य के सापेक्ष पौधों की आपूर्ति के लिए वनविभाग की ओर से संचालित 27 पौधशालाएं पूरी तरह तैयार हैं।70लाख के आसपास संख्या में पौध तैयार हो गये हैं।

सरकारी विभागों से आपूर्ति के लिए आदेश मिलते ही रेंजर पौधशालाओं से पौधों की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। प्रभागीय वनाधिकारी रणबीर मिश्र ने बताया कि शासन की ओर से जारी दिशा निर्देशों के क्रम में वन विभाग ने पौधारोपण और वनावरण बढ़ाने की तैयारी पूरी कर ली है, अन्य विभाग भी गड्ढों की खुदाई में लगे हुए हैं।

## परिवार के साथ पौधारोपण कर मनाई शादी की सालगिरह

**अमेठी।** वृक्ष मित्र टी पी सिंह ने अपने पारिवारिक और सामाजिक जीवन को पौधारोपण और वनावरण बढ़ाने के लिए समर्पित कर दिया है। टी पी सिंह की दिन चर्या की शुरुआत पौधारोपण अथवा पेड़ों के रखरखाव और सिंचाई से शुरू होती है। पिछले चालीस साल में वे रेलवे की नौकरी और रिटायरमेंट के बाद चालीस हजार से अधिक पेड़ लगा चुके हैं। टी पी सिंह ने गुरुवार को अपनी शादी की 46 वीं सालगिरह परिवार के साथ पौधारोपण करके मनाई। टी पी सिंह का जन्म अमेठी जिले के मशहूर गांव भीमी में 1 जून 1958 को हुआ। 20 जून 1978 को उनकी शादी हुई। शादी के लगभग चार साल बाद 1 अक्टूबर 1982 को वे रेलवे की सेवा में आए।

## 27 ग्राम स्मैक के साथ पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

गोसाईगंज, सुलतानपुर। गोसाईगंज पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 27 ग्राम स्मैक बरामद किया। उप निरीक्षक अमित सिंह अपने हमराहियों के साथ बुधवार शाम करीब 4 बजे गश्त पर थे की उनको सूचना मिली क मिल्की कब्रिस्तान इटकौली के पास एक व्यक्ति स्मैक के साथ खड़ा है। बताया गए उक्त स्थान पर पहुंच युवक की तलाशी के दौरान स्मैक बरामद किया आरोपी की पहचान आफताब पुत्र शहाबुद्दीन उम्र 30 निवासी फरीदीपुर



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

थाना स्थानीय के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ स्थानीय थाने पर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर न्यायलय भेज दिया गया। आरोपी को पकड़ने में उप निरीक्षक अमित सिंह समेत कांस्टेबल शिवम तिवारी, विकास यादव, विशाल जायसवाल, अमित यादव का अहम योगदान रहा।

## भटके और टूटे समाज को कबीर की वाणी ही दिशा दे सकती है : डॉ. सुनील दत्त

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तिलोई।** टेकारी सहन -डीह में 22जून को आयोजित सतगुरु कबीर जन्मोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से जन सम्पर्क और बैठकों का क्रम जारी है।आयोजन में उत्तर प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जनपदों से कबीर पंथी साधुओं और संत शिरोमणि कबीरदास की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार में लगे सामाजिक कार्यकर्ताओं के जमावड़े की तैयारी की जा रही है।आयोजन समिति के लोग गांव गांव जाकर जन सम्पर्क और बैठकें कर रहे हैं।

» 22जून को टेकारी सहन में सतगुरु कबीर जन्मोत्सव की तैयारी तेज

आयोजन के प्रमुख सूत्रधार डा सुनील दत्त ने बताया कि डीह में कबीर जयंती का कार्यक्रम एक लम्बे अंतराल पर मनाई जा रही है। आज भी समाज अंधविश्वास, जातिभेद,भाई भतीजावाद और धन-संपत्ति बटोरने की गला काट प्रतियोगिता में फंसा हुआ है। भटके और टूटे समाज को कबीर की वाणी ही दिशा दे सकती है। आयोजन समिति के संयोजक राम अहोरे कोरी, सहसंयोजक राम केवल कोरी ने डीह, छतोह, बहादुरपुर, सिंहपुर, रामसजीवन कोरी ने जायस और बहादुर पुर, अनिल कुमार सरोज ने जगदीशपुर, संजय कुमार ने अमेठी और संग्रामपुर में बैठक और जन सम्पर्क किया। सुरेश कमल, उपेन्द्र रावत, रामपाल, मोतीलाल, गया प्रसाद भारती, नरेंद्र कुमार, राम प्रसाद, राम चंद्र आदि मौजूद रहे।

## नहरों में पानी नहीं, लेट हो रही धान की रोपाई, हीट वेव से नर्सरी बचाना मुश्किल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी/जामों।** धान की रोपाई के समय नहरें सूखी पड़ी हुई है। शारदा सहायक खंड -49की मुख्य ब्रांच में अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया है।धान की नर्सरी को सूखने से बचाने के लिए किसानों को नलकूपों के सहारे बार बार सिंचाई करनी पड़ रही है।

शारदा सहायक खंड -49की मुख्य ब्रांच से अमेठी, टिकरी, अठेहा,जायस, गोपाल पुर रजवाहा की माइनरों की पानी छोड़ा जाता है। नहरों में अभी पानी नहीं छोड़ा गया है। बरसात और मानसून आने के संकेत अभी नहीं मिले हैं। नहरों के सहारे धान की अगेती खेती करने वाले किसान इस समय धान की नर्सरी बचाने के लिए हैरान हैं। हीटवेव के चलते पौधों को रोज पानी देना पड़ रहा है।

**जामो।** विकास खंड से होकर जाने वाली शारदा सहायक खंड 49 नहर में पानी नहीं आने से किसानों का बुरा हाल हो



तैयार हो रही धान की नर्सरी।

गया है। कृषक धान की नर्सरी को नलकूप, पम्प सेट एवम निजी साधनों से सिंचाई कर रहे है। इतनी प्रचंड गर्मी है कि कृषकों को हर दूसरे दिन धान की नर्सरी की सिंचाई करनी पड़ती है। क्षेत्र में नहर में पानी नहीं आने से किसानों की धान की नर्सरी सूखने के कगार पर पहुंच चुकी है। नहर में पानी नहीं आने और बारिश न हो से धान की फसल की अगेती करने वाले किसानों की चिंता सताने लगी है। कृषक हौसिला प्रसाद ने बताया कि ज्येष्ठ माह में इतनी प्रचंड गर्मी से धान की नर्सरी को सूखने से बचाने के लिए हर दूसरे दिन पम्प सेट से पानी लगाना पड़ता है। डीजल महंगा होने के कारण किसानों की कमर टूट जा

> नहरों में पानी 20 जून को मिलना था। अभी तक हैदरगढ़ ब्रांच को ही पानी नहीं मिला है। दो तीन दिन में जौनपुर ब्रांच को पानी मिलने की संभावना है।
>
> **अमित चौधरी**
> **अधिशासी अभियंता**
> **शारदा सहायक खंड -49**
> **अमेठी**

रही है। कृषक राम प्रसाद ने बताया कि नहर में पानी नहीं आ रहा है और बरसात भी नही हो रही है जिससे किसानों को राहत मिले। महगाई में किसान निजी पंप सेट में डीजल की व्यवस्था करके धान की रोपाई करने को मजबूर है। जो किसान धान की नर्सरी सीवान में डाल रखे है ,वहां सिंचाई का कोई साधन नहीं होने से धान की नर्सरी सूखने के कगार पर पहुंच गई है।

## पौधारोपण की तैयारी और साफ सफाई के निर्देश दिए

**संग्रामपुर/अमेठी।** खंड विकास अधिकारी शिवपूजन भारती ने स्टाफ बैठक में गो आश्रय स्थलों की स्थिति और मनरेगा के कार्यों की समीक्षा की और जल जनित रोगों से बचाव को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

खंड विकास अधिकारी ने कहा कि मनरेगा के काम हीट वेव और गर्मी को ध्यान में रखते हुए कराएं जांय। कार्यस्थलों पर पेयजल और प्राथमिक उपचार के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। रोजगार सेवक यह सुनिश्चित करें कि 12बजे से 3बजे तक कोई भी श्रमिक काम न करे। खंड विकास अधिकारी ने ए डी ओ पंचायत को टीमों का गठन करके सभी राजस्व ग्रामों में नालियों के साथ सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई के निर्देश दिए और कहा कि कहीं भी गंदे पानी के जमाव की स्थिति नहीं बननी चाहिए। साफ सफाई ऐसी की जाय बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति कहीं न बने।

**अपील** बुद्ध के शांति संदेशों से दूर हो सकते हैं युद्ध की विभीषिका की विभीषिका के संकट

# बोधि वृक्ष पीपल का रोपण जरूर करें बौद्ध धर्म के अनुयायी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मुंशीगंज।** लोकीपुर में निर्वाण प्राप्त बचावन बौध्द की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर विस्तार से संवाद हुआ। बौद्ध भिक्षु भंते प्रज्ञा मित्र ने धम्मोदेश दिए। उन्होंने कहा कि तथागत भगवान बुद्ध का मार्ग सबके लिए कल्याणकारी है। आज पूरी दुनिया में मानवता कराह रही है। खाड़ी देशों में युद्ध की विभीषिका ने बड़े संकट पैदा किए हैं, ऐसे में बुद्ध के शांति और अहिंसा के संदेश ही हमारी रक्षा कर सकते हैं।

श्रद्धांजलि सभा और धम्म देशना कार्यक्रम की शुरुआत त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के साथ हुई। आयोजक सियाराम बौद्ध ने अपने परिवार के साथ



आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

भगवान बुद्ध की पूजा, वंदना की।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ बौद्धाचार्य हौसिला प्रसाद ने किया। शिक्षक राम चंद्र ने कहा कि बौद्ध धम्म वैज्ञानिक धम्म है। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म की शिक्षाओं को भारतीय संविधान में पिरोने का काम किया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली के प्रवक्ता अमित चंद्र ने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का मार्ग सबके लिए कल्याणकारी है। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि बौद्ध धर्म मानव मस्तिष्क को स्वतंत्र चिंतन की खुली छूट देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया के बहुजन समाज के लिए सबसे बड़ा ग्रन्थ है। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने बुद्धा एंड हिज धम्मा पुस्तक लिखकर जातिवादी राक्षस के आतंक से परेशान भारतीय समाज को बुद्ध की शरण में जाकर तर्कशील और समतामूलक समाज बनाने के संदेश दिए। उन्होंने पौधारोपण को सामाजिक संस्कारों से जोड़ते हुए प्रकृति की समृद्धि के लिए बोधि वृक्ष -पीपल का रोपण करने पर जोर दिया।

सुभाष इंटर कालेज सरैया, अयोध्या के प्रिंसिपल देव व्रत सिंह ने निर्वाण प्राप्त वचावन बौद्ध को श्रद्धासुमन अर्पित किए और कहा कि विद्यालय परिवार हर सुख दुख में अपने अंग और सहयोगी अनिल कुमार, सहायक अध्यापक के साथ खड़ा रहेगा। कार्यक्रम को संजय कुमार बौद्ध, राजेश अकेला, अरुण कुमार, प्रवक्ता, पूर्व प्रधान हरिनाथ, दयाराम गौतम,कवि राम चंद्र सरस ,राम फल फौजी, आदि ने संबोधित किया। धीरेन्द्र कुमार राव,राम सुंदर, रामशंकर दानी, श्याम लाल, ललित कुमार, विजय कुमार भारती, प्रमोद कुमार,राम प्रसाद, रणधीर, दिनेश चंद्र, धर्म राज, संग्राम यादव, संजय कुमार बारी, महेंद्र चौधरी, हीरालाल विश्व कर्मा, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## डॉ. नीरज कुमार भादर के नये अधीक्षक

**भादर/अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने भादर सहित तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीक्षक बदल दिए हैं। अधीक्षक डॉ अजय कुमार मिश्र के अनुरोध पर उन्हें अधीक्षक पद से हटाते हुए शाहगढ़ में चिकित्साधिकारी बनाया गया है। चिकित्साधिकारी डा नीरज कुमार को अधीक्षक नियुक्त किया गया है। सी एच सी जगदीशपुर के चिकित्साधिकारी डा संजय कुमार को सिंहपुर सी एच सी का अधीक्षक नियुक्त किया गया है। सिंहपुर में अधीक्षक रहे डॉ सुनील यादव को जगदीशपुर सी एच सी में चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। मुसाफिरखाना के चिकित्साधिकारी डा अवनीश चंद्रा को सी एच सी तिलोई का अधीक्षक नियुक्त किया गया है। संग्रामपुर में चिकित्साधिकारी रहे डॉ धीरेन्द्र प्रताप को भादर में चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात किया गया है।

## एक नजर

### मारे गये दोनों आतंकी थे पाकिस्तानी

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो दिवसीय कश्मीर यात्रा शुरू करने के दिन गुरुवार को सेना ने कहा कि बुधवार को उत्तरी कश्मीर मुठभेड़ में मारे गये दो आतंकवादी पाकिस्तानी थे और प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा समूह से जुड़े थे। सुरक्षा बलों ने कल उत्तरी कश्मीर के रफियाबाद सोपोर उप जिले के हादीपोरा इलाके में मुठभेड़ के दौरान उस्मान और उमर नाम के दो आतंकवादियों को मार गिराया था, जो दोनों पाकिस्तानी थे। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गये थे। दोनों आतंकवादियों का मारा जाना सुरक्षा बलों के लिये एक बड़ी कामयाबी है। ये दोनों लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थे। उस्मान 2020 से घाटी में सक्रिय था। मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

### जयशंकर सरकारी यात्रा पर कोलंबो पहुंचे

**कोलंबो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर श्रीलंका की एक दिवसीय सरकारी यात्रा पर गुरुवार को कोलंबो पहुंचे। डॉ. जयशंकर अपनी इस यात्रा के दौरान श्रीलंकाई नेतृत्व के साथ साझेदारी के व्यापक मुद्दों पर बातचीत करेंगे। विदेश मंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, 'नये कार्यकाल में अपने पहले दौरे के लिए कोलंबो पहुंचा। गर्मजोशी से स्वागत के लिए राज्य मंत्री थारका बालासूरिया और पूर्वी प्रांत के राज्यपाल एस थोंडामन का धन्यवाद। नेतृत्व के साथ मेरी बैठकों की प्रतीक्षा है। श्रीलंका हमारी पड़ोसी पहले और सागर नीतियों का केंद्र है।' इससे पहले डॉ जयशंकर का यहां पहुंचने पर बालासुरिया और थोंडामन ने उनका स्वागत किया।

### बदमाशों ने मैनेजर को जिंदा जलाया

**कटनी।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले में स्थित एक भट्ठा कंपनी के मैनेजर को जिंदा जलाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम कछगवां में भट्ठा कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत सम्मू विश्वकर्मा के साथ देर रात अज्ञात बदमाशों ने मारपीट करने के बाद उन्हें जिंदा भट्ठा में फेंक दिया। इस घटना में सम्मू का आधे से अधिक शरीर का हिस्सा जलकर राख हो गया। वहां काम करने वाले मजदूर डर के कारण भाग खड़े हुए। इस घटना की जानकारी लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

### भारत, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया की संयुक्त बैठक

**नयी दिल्ली।** भारत, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया ने समुद्री सुरक्षा और संरक्षा, समुद्री और पर्यावरण सहयोग तथा बहुपक्षीय जुड़ाव के क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की है। संयुक्त सचिव (यूरोप पश्चिम) पीयूष श्रीवास्तव और संयुक्त सचिव (ओशिनिया और इंडो-पैसिफिक) परमिता त्रिपाठी ने बुधवार को आयोजित बैठक में भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया। फ्रांसीसी पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के निदेशक (एशिया और ओशिनिया) बेनोइट गाइडी तथा ऑस्ट्रेलियाई पक्ष का नेतृत्व विदेश मामलों और व्यापार विभाग के दक्षिण एवं मध्य एशिया प्रभाग की प्रथम सहायक सचिव सारा स्टोरी ने किया। तीनों पक्षों ने इंडो पैसिफिक महासागर पहल और इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन तंत्र, मानवीय सहायता और आपदा राहत सहयोग और बहुपक्षीय जुड़ाव के ढांचे के तहत त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए नये प्रस्ताव भी रखे।

### शेख हसीना आज दो दिन के लिए भारत आयेंगी



**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को यहां आ रहीं हैं। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 21-22 जून को भारत की राजकीय यात्रा करेंगी। भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में नयी सरकार बनने के बाद यह पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा होगी। विज्ञप्ति के अनुसार यात्रा के दौरान श्रीमती हसीना प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय परामर्श करने के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर मेहमान प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे।

### बालेश्वर में चार घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील

**बालेश्वर।** ओडिशा के बालेश्वर में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प के बाद सोमवार की आधी रात से बालेश्वर नगर पालिका क्षेत्र में लगाये गये कर्फ्यू में गुरुवार को सुबह सात बजे से 11 बजे तक चार घंटे की ढील दी गयी। जिला प्रशासन ने लोगों को सब्जियां खरीदने और आवश्यक वस्तुओं की बिक्री करने के लिए समय देने के वास्ते कर्फ्यू में ढील दी। दो दिन तक लगातार कर्फ्यू के बाद दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुलने पर लोग अपनी दैनिक जरूरत की sचीजें, खासकर सब्जियां खरीदते देखे गये। शहर में प्रवेश के सभी रास्तों को सील कर दिये जाने के कारण अधिकांश सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। इस दौरान इंटरनेट सेवा निलंबित रही और केवल लीज लाइन वाले लोगों को ही सेवा का उपयोग करने की अनुमति दी गयी।

# फैमिली आईडी से पूरी होगी हर परिवार की जरूरत

## मुख्यमंत्री ने की योजना की प्रगति की समीक्षा, अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

### यूपी में तैयार हो रहा परिवार इकाइयों का लाइव डेटाबेस



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की प्रत्येक परिवार इकाई को जारी की जा रही 'परिवार आईडी' प्रक्रिया की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और योजना का लाभ सभी परिवारों को उपलब्ध कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएम योगी ने कहा कि हर परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक परिवार के न्यूनतम एक सदस्य को रोजगार-सेवायोजन से जोड़ने के संकल्प के क्रम में प्रदेश में परिवार आईडी जारी की जा रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में निवासरत लगभग 3.60 करोड़ परिवार के 15.07 करोड़ लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पा रहे हैं। इन परिवारों की राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी है, जबकि 01 लाख से अधिक गैर राशन कार्ड धारकों को फैमिली आईडी जारी की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि ऐसे परिवार जो कि राशन कार्ड धारक नहीं है, उनके लिए प्रदेश सरकार की वेबसाइट फैमलीआईडी पर पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त करने की व्यवस्था है। इस योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रदेश का कोई भी परिवार इससे वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी किया जा रहा है, जिससे राज्य की परिवार इकाइयों का एक लाइव व्यापक डेटाबेस स्थापित होगा। यह डेटाबेस लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर प्रबंधन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन एवं योजना का शत-प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने और आम जनता को सरकारी सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था के सरलीकरण में सहायक होगा।

उन्होंने कहा कि परिवार आईडी प्रदेश के सभी परिवारों के लिए है। 25 करोड़ जनता को इसका लाभ मिलना चाहिए। परिवार आईडी के माध्यम से प्राप्त एकीकृत डेटाबेस के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों का चिन्हांकन कर उन्हें रोजगार के समुचित अवसर प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। योगी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार संचालित 76 योजनाओं/सेवाओं को फैमिली आईडी से लिंक किया जा चुका है। अवशेष सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को परिवार आईडी से लिंकेज किया जाए। केन्द्र सरकार के सहयोग से संचालित समस्त योजनाओं का डेटाबेस प्राप्त कर उसे परिवार कल्याण पास बुक एवं फैमिली आईडी से जोड़ा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी लाभार्थीपरक योजनाओं/सेवाओं के ऑनलाइन आवेदन में आधार आवेदन एवं आधार अधिप्रमाणन अनिवार्य किया जाना चाहिए। इस तरह फैमिली आईडी का कवरेज बढ़ाने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में नए प्रवेश के समय आधार ऑथेंटिकेशन कराएं, तदोपरान्त परिवार आईडी से लिंकेज किया जाए। जाति और आय प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी न हो। इस प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए। हर एक परिवार को मिल रहे शासकीय योजनाओं के लाभ का पूरा विवरण दर्शाते हुए परिवार का पासबुक भी तैयार कराया जाए। पास-बुक और परिवार आईडी जारी करने से पूर्व परिवार के संबंध में सभी जानकारी को विधिवत प्रमाणित किया जाए। सभी संबंधित विभाग इसमें सहयोग करें।

# अस्पताल में होश आया तब वह लड़के से लड़की बन चुका था

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुजफ्फरनगर से एक हैरान-परेशान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां के दोस्त ने ही दोस्त को धोखा दे दिया। एक दोस्त ने दूसरे के साथ कई साल तक पहले कुकर्म किया, इसके बाद सर्जरी के नाम पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया, जहां डॉक्टरों ने उसका लिंग परिवर्तन कर दिया। युवक जब होश में आया तो वह लड़के से लड़की बन चुका था। लड़के से लड़की बना युवक अब अपने दोस्त के साथ रहने की जिद पर अड़ गया है। इस मामले की जानकारी जब भारतीय किसान यूनियन को हुई तो वह भी युवक के परिजनों के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंच गए और धरना देकर हंगामा करने लगे। भाकियू ने आरोपी सहित डॉक्टर की गिरफ्तारी और पीड़ित को 50 लाख का मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।



### धोखा देकर कराया गया लिंग परिवर्तन

मामला मंसूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां का निवासी 20 वर्षीय युवक मुजफ्फरनगर की एक पेपर मिल में काम करता था। इसी मिल में गांव शोरम निवासी थाना शाहपुर का एक युवक बिजली फोरमैन के पद पर कार्यरत था। करीब दो साल पहले दोनों की दोस्ती हो गई, तभी से शोरम का आरोपी युवक आदर्श कालोनी स्थित कमरे पर युवक के साथ कुकर्म करता आ रहा था। शोरम के आरोपी युवक ने पांच जून को एक निजी मेडिकल कॉलेज में पीड़ित युवक को भर्ती कराकर उसका लिंग परिवर्तन करा दिया। युवक को बेहोश करके उसकी सर्जरी की गई। युवक को जब होश आया तो वह लड़के से लड़की बन चुका था। इस बात जानकारी होने पर युवक के होश उड़ गए। भाकियू नेता नीरज पहलवान ने आरोप लगाया कि मेडिकल प्रशासन के दबाव में आकर पीड़ित को हिरासत से छोड़ दिया गया।

# लौट के ममता फिर मंदिर पर आयीं

## अगले महीने कर सकती हैं जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन

एजेंसी

**कोलकाता।** पिछले कई साल से मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप झेल रहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अगले महीने हिन्दुत्व रथ पर फिर से सवार होने जा रही हैं। वह जुलाई के पहले हफ्ते में पूर्वी मेदिनीपुर जिले के तटीय शहर दीघा में भव्य जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन करने वाली हैं। राज्य सरकार के सूत्रों के मुताबिक सात जुलाई से शुरू होने वाले रथ यात्रा उत्सव के पहले दिन मुख्यमंत्री बनर्जी इस नवनिर्मित मंदिर का उद्घाटन कर सकती हैं।



एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक मंदिर बनकर तैयार है लेकिन उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। अधिकारियों ने बताया कि सीएम बनर्जी रथ यात्रा उत्सव के दौरान ही इस मंदिर का उद्घाटन करेंगी लेकिन तारीख की आधिकारिक घोषणा तभी की जाएगी जब मुख्यमंत्री कार्यालय से औपचारिक तौर पर हरी झंडी मिल जाएगी। इस भव्य मंदिर का निर्माण पश्चिम बंगाल हाउसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा 143 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया है। मंदिर परिसर न्यू दीघा रेलवे स्टेशन से सटे समुद्री तट पर 22 एकड़ में फैला है। इसकी डिजायनिंग और इंटरीयर का काम कोलकाता स्थित डिजायन स्टूडियो ने किया है। यह मंदिर ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति के रूप में जगन्नाथ धाम के रूप में विकसित किया गया है।

जगन्नाथ धाम सीएम ममता का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। उन्होंने 2019 में ही इस मंदिर की आधारशिला रखी थी। तब उन्होंने दावा किया था कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर जैसी ही भीड़ यहां भी जुटेगी। मुख्यमंत्री ने तब कहा था कि समुद्री किनारा होने की वजह से पर्यटक पुरी की ही तरह सभी सुविधाओं का आनंद यहां भी उठा सकेंगे। बता दें कि बंगाली हिन्दू परिवारों के बीच भगवान जगन्नाथ के प्रति गहरी आस्था रही है। चूंकि 12वीं शताब्दी में चैतन्य महाप्रभु पुरी के जगन्नाथ मंदिर गए थे, इसलिए तब से ही बंगाली हिन्दू परिवारों में प्रभु जगन्नाथ के प्रति गहरी आस्था है। पूरे बंगाल में हर साल रथ यात्रा उत्सव भी धूमधाम से मनाया जाता है।

ममता बनर्जी ने उसी बंगाली हिन्दुओं की भावनाओं को भुनाने की कोशिश की है, ताकि 2026 के आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें इसका फायदा मिल सके और भाजपा के हिन्दुत्व की काट तैयार कर सकें।

# अजित पवार के बचाव में उतरा शरद गुट

## कहा- एनडीए अपनी वजह से चुनाव में हारा

एजेंसी

**मुम्बई।** लोकसभा चुनाव 2024 में खराब नतीजों के चलते महाराष्ट्र में भाजपा और अजित पवार की एनसीपी के बीच रार मची हुई है। आरएसएस के नेता रतन शारदा के लेख के बाद भाजपा के कुछ विधायकों ने भी सवाल उठाए थे कि अजित पवार गुट को साथ लेने से नतीजे खराब आए हैं। इसके चलते वह सत्ताधारी गठबंधन में अलग-थलग चल रहे हैं। इस बीच दिलचस्प बात यह हुई है कि शरद पवार गुट ने उनका समर्थन किया है, जिसे वह छोड़कर आए हैं और अब एकनाथ शिंदे और भाजपा सरकार का हिस्सा हैं। शरद पवार गुट ने उनका पक्ष लेते हुए कहा कि भाजपा अजित पवार को बलि का बकरा बना रही है।



महाराष्ट्र की राजनीति में यूं कुछ ही महीने में बने हुए रिश्ते बिगड़ते दिख रहे हैं और बिगड़े संबंध अब सुधार की ओर लग रहे हैं। अब तक अजित पवार के आलोचक रहे रोहित पवार ने भी उनका बचाव किया है। शरद पवार के पोते ने एक्स पर लिखा है कि भाजपा की हार के लिए अजित पवार जिम्मेदार नहीं हैं। विधायक रोहित पवार ने कहा कि अजित पवार को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। भाजपा राज्य में त्रिकोणीय लड़ाई बनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा नेताओं का मानना है कि ऐसी लड़ाई होगी तो फायदा होगा।

उनके अलावा शरद पवार गुट के सीनियर नेता जितेंद्र अव्हाड ने भी ऐसी ही बात कही है। उन्होंने कहा कि एनडीए के खराब प्रदर्शन के लिए भाजपा नेता खुद जिम्मेदार हैं। उन्होंने संविधान बदलने का मुद्दा उठाया था। इससे दलितों और अन्य समुदायों में डर पैदा हो गया। भाजपा ने अल्पसंख्यक समुदाय पर भी निशाना साधा। यह देखते हुए कि दलित और अल्पसंख्यक समुदाय भाजपा के खिलाफ एकजुट हैं। फिर भी वह अपने स्टैंड से पीछे नहीं हटे और अंत में नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा के नुकसान में अजित पवार ने तो पूरक की भूमिका अदा की। बता दें कि भाजपा और आरएसएस के एक धड़े का कहना था कि अजित पवार को साथ लेने से चीजें बिगड़ी हैं।

## कारोबारी और दो बेटियां जिंदा जलीं

**ग्वालियर।** तीन मंजिला मकान में आग लगने से पिता और दो बेटियां जिंदा जल गए। घटना बहोड़ापुर थाना इलाके के कैलाशनगर में बीती रात करीब दो बजे की है। फायर ब्रिगेड की 13 गाड़ियों ने करीब तीन घंटे में आग बुझाई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। कैलाशनगर में विजय उर्फ बंटी अग्रवाल की तीन मंजिला इमारत में ग्राउंड फ्लोर पर श्री हरि कृपा नाम से ड्राय फ्रूट्स की शॉप और सेकंड फ्लोर पर गोदाम है। तीसरे फ्लोर पर वे परिवार के साथ रहते थे। विजय की पत्नी राधिका, बेटे अंश के साथ मायके मुरैना गई हुई थीं। घर पर विजय, उनकी दो बेटियां अंशिका उर्फ मिनी (15) और यशिका उर्फ यीशू (14) ही थे। बुधवार रात तीनों खाना खाकर सो गए। देर रात मकान से लपटें उठती देखी गईं। घर से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता नीचे से है। यहां आग फैली हुई थी।

# दुल्हन के प्रेमी ने दूल्हे पर फेंका था तेजाब

## दुल्हन के प्रेमी समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस ने दो को भेजा जेल

एजेंसी

**भदोही।** भदोही में शादी के लिए गाजे-बाजे के साथ ससुराल पहुंचे दूल्हे पर तेजाब फेंकने की घटना का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस घटना के पीछे प्रेम प्रसंग बताया है। इस मामले मुख्य आरोपी दुल्हन के प्रेमी समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि हादसे में घायल दूल्हे और मासूम बच्चों का इलाज चल रहा है।

भदोही अपर पुलिस अधीक्षक तेजवीर सिंह ने गुरुवार को बताया है कि सुरियावां थाने के तुलापुर गाँव की दलित बस्ती में मंगलवार को आयी बारात में दूल्हे समेत तीन लोगों पर तेजाब फेंकने की घटना हुईं थीं। इस मामले में पुलिस ने तीन के






खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। आरोपितों की गिरफ्तारी एवं जांच के बाद जो तथ्य सामने आए उसके मुताबिक दुल्हन का मुख्य आरोपी सचिन बिंद निवासी हरीपुर, अभिया थाना सुरियावां से प्रेम सम्बन्ध था। जिसकी वजह से सचिन ने अपने दो अन्य साथियों युवराज सिंह और सचिन सिंह के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में दो आरोपित सचिन बिंद और युवराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि एक फरार चल रहा है। घटना में तेजाब के लिए उपयोग में लाई गईं प्लास्टिक की बोतल और बाइक भी बरामद कर ली गईं है। घटना को अंजाम देते समय आरोपितों ने नकाब पहन रखे थे। फिलहाल पुलिस ने मुख्य आरोपित के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि सचिन सिंह की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गईं हैं।

## श्रीखंड महादेव यात्रा 14 जुलाई से होगी शुरू



**शिमला।** विश्व की सबसे कठिन धार्मिक एवं श्रीखंड महादेव यात्रा इस बार 14 से 27 जुलाई तक चलेगी। इस यात्रा को लेकर कुल्लू जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। डीसी कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने इस धार्मिक यात्रा की तैयारियों के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए है। इस यात्रा को सुलभ बनाने के लिए श्रीखंड ट्रस्ट समिति और जिला प्रशासन पांच जगह बेस कैंप बनाने का निर्णय लिया है। पहले पड़ाव में सिंहगाड में बेस कैंप बनेगा। इसके अलावा थाचड़ू, कुनशा, भीमडवार और पार्वती बाग में बेस कैंप बनाए जाएंगे।

# सऊदी में गर्मी से 1000 हज यात्रियों की मौत

## इनमें 658 सिर्फ मिस्र के, मृतकों में भारत के भी 90 लोग शामिल

एजेंसी

**मक्का।** सऊदी अरब के मक्का में हज करने गए 1000 लोगों की गर्मी से मौत हो गई है। एक न्यूज एजेंसी ने अलग-अलग देशों के आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी दी। एक अरबी डिप्लोमैट ने बताया कि मरने वालों में करीब 658 हाजी अकेले मिस्र के हैं। मृतकों में भारत के भी 90 लोग शामिल हैं। वहीं 1400 लोग अब भी लापता हैं।

हालांकि सऊदी अरब की तरह से अब तक मरने वालों की संख्या को लेकर कोई पुष्टि नहीं की गई है। मिडिल ईस्ट में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मक्का में 17 जून को तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं 18 जून को थोड़ी राहत के साथ पारा 47





डिग्री रहा। रिपोर्ट के मुताबिक 12 से 19 जून तक चले हज के बीच 70 भारतीय यात्रियों की भी मौत हुई है। हज कमेटी ऑफ इंडिया के मुताबिक इस साल सबसे ज्यादा 1,75,000 भारतीय हज यात्रा के लिए मक्का पहुंचे। केरल के हज मंत्री अब्दुर्रहीमन ने बुधवार को केंद्र सरकार से भारतीयों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर और जेद्दाह में मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावास को खत लिखा। केरल से करीब 18 हजार 200 हाजी सऊदी अरब गए थे। मंत्री अब्दुर्रहीमन ने लिखा कि जेद्दाह पहुंचने के बाद हाजियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उन्हें 30 किमी दूर असीसी जाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। इसके अलावा वहां रुकने की व्यवस्था भी ठीक तरह से नहीं की गई थी।

जिन हाजियों की मौत हुई है उनमें इंडोनेशिया, जॉर्डन, ईरान और ट्यूनीशिया के भी नागरिक हैं। सऊदी डिप्लोमैट्स ने बताया कि मरने वालों में मिस्र के यात्रियों की तादाद इसीलिए ज्यादा है, क्योंकि इनमें कई ऐसे हैं जिन्होंने हज के लिए रजिस्टर नहीं कराया था। हर साल हज पर जाने वाले हजारों यात्री ऐसे होते हैं, जिनके पास इसके लिए वीजा नहीं होता है। पैसों की कमी की वजह से इस तरह के यात्री गलत तरीकों से मक्का पहुंचते हैं।

# दलाई लामा के बाद मोदी से मिलीं नैंसी, चीन ने कहा- कड़ा जवाब देंगे

## भारत भूमि से अमेरिका ने उठाई तिब्बत के लिए आवाज

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मिलने आए एक अमेरिकी डेलीगेशन से मिले। इस दौरान पीएम मोदी ने पूर्व यूएस हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी से भी मुलाकात की। पीएम मोदी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के बीच इस मुलाकात के कई मायने तलाशे जा रहे हैं। दरअसल ये पहली बार है जब कोई विदेशी प्रतिनिधिमंडल भारत की जमीन से तिब्बत के समर्थन में आवाज उठा रहा है। हालांकि नैंसी इससे पहले मई 2017 में भी दलाई लामा से मिलने भारत आई थीं। लेकिन तब नैंसी पेलोसी किसी डेलीगेशन के साथ भारत दौरे पर नहीं आई थीं।

गौर करने वाली बात ये है कि भारत तिब्बत को चीन का हिस्सा मानता है और इसे लेकर टिप्पणी करने से परहेज करता रहा है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का ये दौरा आधिकारिक है या नहीं इसे लेकर अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। बुधवार को अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि अमेरिका, चीन को दलाई लामा के 'उत्तराधिकार' मामले में हस्तक्षेप की इजाजत नहीं देगा। दरअसल चीन तिब्बती धर्मगुरु के सर्वोच्च पद पर अपने 'दलाई लामा' को बैठाना चाहता है। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी प्रतिनिधिनंडल ने धर्मशाला में धर्मगुरु लगाई लामा से मुलाकात की थी। इस प्रतिनिधिमंडल में नैंसी पेलोसी के अलावा सांसद माइकल मैकॉल समेत पांच अन्य सांसद हैं। ये सांसद रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स दोनों ही पार्टियों से हैं। इस डेलीगेशन का नेतृत्व रिपब्लिकन सांसद माइकल मैकॉल कर रहे हैं।

माइकल मैकॉल ने कहा कि इस सप्ताह उन्हें चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने एक लेटर लिखा था जिसमें हमें यहां न आने की धमकी दी गई थी। लेकिन हमें उनकी धमकियों की परवाह नहीं है। अमेरिका तिब्बत को हमेशा की तरह एक शक्तिशाली ताकत बने रहने में मदद करेगा। डेलीगेशन ने कहा कि वे दलाई लामा और चीनी सरकार के बीच बातचीत का अवसर तलाश रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि तिब्बत और चीन के बीच एक शांतिपूर्ण समाधान निकलेगा।



अमेरिका में 12 जून को तिब्बत से जुड़ा एक बिल 'द रिजोल्व तिब्बत एक्ट' पास किया गया था। इस पर फिलहाल जो बाइडेन के दस्तखत होने बाकी हैं। यह एक्ट तिब्बत का समर्थन करता है और चीन और दलाई लामा के बीच बिना किसी शर्त के बातचीत बढ़ाने के पक्ष में है। इस बिल को लेकर अप्रैल में चीन की प्रतिक्रिया आई थी। चीन ने कहा कि दलाई लामा अलगावादी हैं और अमेरिका को उनके चीन विरोधी रवैये को पहचानना चाहिए। चीन ने चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर अमेरिका शीजांग (तिब्बत) को चीन का हिस्सा न मानते हुए, अपने ही पुराने वादे से पीछे हटेगा तो चीन उसका कड़े अंदाज में जवाब देगा। चीन और तिब्बत के बीच विवाद बरसों पुराना है। चीन तिब्बत को अपना 'शीजांग' प्रांत बताता है। चीन के मुताबिक तिब्बत तेरहवीं शताब्दी से ही चीन का हिस्सा रहा है इसलिए तिब्बत पर उसका हक है। हालांकि तिब्बत चीन के इस दावे को खारिज करता है। साल 1912 में तिब्बत के धर्मगुरु और 13वें दलाई लामा ने तिब्बत को स्वतंत्र देश घोषित कर दिया था। उस समय चीन कमजोर था इसलिए वह विरोध नहीं कर पाया था। करीब 40 साल बाद कम्युनिस्ट सरकार आने के बाद चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया। इस सरकार की विस्तारवादी नीतियों के चलते 1950 में चीन ने हजारों सैनिकों के साथ तिब्बत पर हमला कर दिया। करीब 8 महीने तक तिब्बत पर चीन का कब्जा चलता रहा। आखिरकार 1951 में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 17 बिंदुओं वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इस समझौते के बाद तिब्बत आधिकारिक तौर पर चीन का हिस्सा बन गया। हालांकि दलाई लामा इस संधि को नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि ये संधि दबाव बनाकर करवाई गई थी। इस बीच तिब्बती लोगों में चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ने लगा। 1955 के बाद पूरे तिब्बत में चीन के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन होने लगे। इसी दौरान पहला विद्रोह हुआ जिसमें हजारों लोगों की जान गई। मार्च 1959 में खबर फैली कि चीन दलाई लामा को बंधक बनाने वाला है। इसके बाद हजारों की संख्या में लोग दलाई लामा के महल के बाहर जमा हो गए।

आखिरकार एक सैनिक के वेश में दलाई लामा तिब्बत की राजधानी ल्हासा से भागकर भारत पहुंचे। भारत सरकार ने उन्हें शरण दी। चीन को ये बात पसंद नहीं आई। कहा जाता है कि 1962 के भारत-चीन युद्ध की एक बड़ी वजह ये भी थी। दलाई लामा आज भी भारत में रहते हैं। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से तिब्बत की निर्वासित सरकार चलती है। इस सरकार का चुनाव भी होता है।

सभी जनपद वासियों को
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं





सुनील सिंह
जिला अध्यक्ष, भाजपा
लखीमपुर खीरी